CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 19°C
तापमान

सेंसेक्स 75,364.69
निफ्टी 22,904.45

सोना 91,455
चांदी 94,000

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 7 अप्रैल 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 237 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 8 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प और मस्क के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों लोग**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**चार महीने बाद मैदान में वापसी कर सकते हैं बुमराह**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# रामेश्वरम में पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज लोकार्पित

रामेश्वरम, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज (नए पम्बन ब्रिज) का उद्घाटन किया। 2.08 किमी लंबे ब्रिज की नींव नवम्बर 2019 में मोदी ने ही रखी थी। भाषा विवाद के कारण तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन इस कार्यक्रम में नहीं आए। ब्रिज रामेश्वरम (पम्बन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है।

भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे डबल ट्रैक और हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। स्टील से बने नए ब्रिज पर पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग की गई है, जो इसे जंग और समुद्र के नमकीन पानी से बचाएगी। पुराना पुल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से रामेश्वरम और मंडपम के बीच रेल कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी। रामायण के अनुसार, रामसेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था। इस वजह से ये आस्था के नजरिए से भी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत के विभिन्न रेल और -शेष पृष्ठ दो पर



- पीएम मोदी ने किया नए पम्बन ब्रिज का लोकार्पण पांच मिनट में 22 मीटर ऊपर उठेगा पम्बन ब्रिज

### भाषा विवाद के बीच पीएम का तमिलनाडु सरकार पर निशाना

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केंद्र सरकार के बीच नई शिक्षा नीति और भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी रविवार को रामेश्वरम पहुंचे। इस दौरान सीएम स्टालिन उन्हें रिसीव करने नहीं पहुंचे। पीएम मोदी ने रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज और अन्य योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास के बाद जनसभा के दौरान भाषा विवाद का जिक्र किए बिना डीएमके नेताओं और सीएम एमके स्टालिन को नसीहत दे दी।

# किसान नेता डल्लेवाल ने खत्म की 131 दिनों की भूख हड़ताल

**नई दिल्ली।** पंजाब के बुजुर्ग किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिनों से चली आ रही अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल रविवार को खत्म कर दी। उन्होंने पिछले साल 26 नवम्बर को आंदोलनकारी किसानों की अलग -अलग मांगों को लेकर भूख हड़ताल शुरू की थी। इन मांगों में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी भी शामिल है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की ओर से उनसे आमरण अनशन खत्म करने की अपील किए जाने एक दिन बाद जगजीत सिंह ने हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया। डल्लेवाल ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में आयोजित 'किसान महापंचायत' के दौरान ऐलान किया कि वे अपनीअनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म कर रहे हैं किसानों की सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि आप सभी ने (मुझसे) आमरण अनशन खत्म करने के लिए कहा था। मेरे लिए 'संगत' (लोग) 'रब्ब दा रूप' (भगवान का एक रूप) है।



- एक मजबूत मोर्चा बनाने की बात करते हुए डल्लेवाल ने कहा मांगों के समर्थन में आंदोलन जारी रहेगा

## न्यायमूर्ति पल्ली को हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को जम्मू और कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 4 अप्रैल, 2025 को हुई अपनी बैठक में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है।

## मनोज चरण बने चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के 8वें बिशप

**अमृतसर।** राइट रेव मनोज चरण को, रविवार को क्राइस्ट चर्च कैथेड्रल, राम बाग में आयोजित एक भव्य प्रार्थना सभा के दौरान डायोसिस ऑफ अमृतसर, चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के आठवें बिशप के रूप में स्थापित किया गया। बिशप चरण, जो कि चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के प्रतिष्ठित नेता हैं, ने टीमवर्क, आध्यात्मिक विकास और अंतरधार्मिक संवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। 'धर्मांतरण नहीं, बल्कि वार्तालाप' का नारा बुलंद करते हुए उन्होंने डायोसिस के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जो समाज में शांति, धार्मिक सद्भाव और भाईचारा स्थापित करने पर केंद्रित है।

## भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ न लगाने की अपील

**लोंगवा।** नागालैंड के मोन जिले के एक नगा जनजातीय मुखिया ने केंद्र सरकार से भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ (फेंसिंग) लगाने और 'फ्री मूवमेंट रीजीम' (एफएमआर) क्षेत्र को कम करने के फैसले को तुरंत रद्द करने की अपील की है। टोन्एई फावांग, जो कि अंग (राजा) के 10वीं पीढ़ी के मुखिया हैं, ने कहा कि मोन जिले के दोनों ओर रहने वाले लोग कोन्याक नगा जनजाति से हैं और वे आपस में बहुत गहराई से जुड़े हुए हैं।

## सीजेआई खन्ना ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने रविवार को तिरुमाला मंदिर की अपनी पहली यात्रा के दौरान श्री वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी वेंकैया चौधरी ने महाद्वारम में मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया। मंदिर के पुजारियों ने वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच उनका पारंपरिक स्वागत किया और उन्हें मंदिर ले गए। दर्शन के बाद मुख्य न्यायाधीश को रंगनायकुला मंडपम में शेष वस्त्रम और तत्पश्चात वेदसर्वचनम भेंट किया गया।


# जमीयत की वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दस्तक

## केंद्र को नोटिफिकेशन जारी करने से रोकने को अंतरिम आदेश की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ जमीयत उलमा- ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर दी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

उन्होंने कहा है कि यह कानून भारतीय संविधान पर सीधा हमला है। संविधान न सिर्फ सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, बल्कि पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है। यह बिल मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता छीनने की साजिश है, जो पूरी तरह संविधान के खिलाफ है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी इस कानून के खिलाफ संबंधित राज्यों के हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल करेंगी। मौलाना मदनी ने कहा कि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है कि जैसे अन्य मामलों में न्याय हुआ, वैसे ही इस संवेदनशील और असंवैधानिक कानून पर भी हमें न्याय मिलेगा। मौलाना मदनी ने तथाकथित सेक्युलर दलों की आलोचना करते हुए कहा कि हमने इस कानून को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए, संविधान रक्षा सम्मेलनों का आयोजन किया, ताकि उन लोगों के ज़मीर को जगाया जा सके, जिन्होंने सत्ता के लालच में संविधान की मूल आत्मा को ही भुला दिया, लेकिन अफसोस वही हुआ, जिसका डर था। खुद को सेक्युलर कहने वाली पार्टियों ने न सिर्फ मुसलमानों के हितों का सौदा किया, बल्कि संविधान को भी अपने पैरों तले कुचल डाला और अपने असली चेहरे को पूरे देश के सामने उजागर कर दिया। मौलाना मदनी ने कहा कि इन नेताओं का व्यवहार सांप्रदायिक ताकतों से भी ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि इन्होंने दोस्त बनकर पीठ में छुरा घौंपा -शेष पृष्ठ दो पर



- लोकतंत्र और वक्फ की रक्षा के लिए आखिरी खून की बूंद तक कानूनी और लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा: मौलाना अरशद मदनी
- कहा: जमीयत उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी इस कानून के खिलाफ संबंधित राज्यों के हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल करेंगी

### राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वक्फ बिल बना कानून

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को शनिवार देर रात मंजूरी दे दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया। अब नए कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक नोटिफिकेशन जारी करेगी।

### वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं: नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं कर रही हैं, बल्कि सरकार का लक्ष्य बस यह सुनिश्चित करना है कि इसे प्रबंधित करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और स्थापित नियमों का पालन करें। श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस विश्वास से प्रेरित होकर पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था कि एक देश, दो कानूनों और दो संविधानों के तहत काम नहीं कर सकता।

## भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है: ओम बिरला

**नई दिल्ली/ताशकंद।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीय संसद ने न्याय और कानून के शासन को प्राथमिकता देते हुए कई कदम उठाए हैं, कहा कि 'भारतीय दंड संहिता' के स्थान पर 'भारतीय न्याय संहिता' लागू करके भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है। श्री बिरला ने भारत के संविधान की समावेशी और कल्याणकारी प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उल्लेख किया कि भारतीय संविधान की भावना सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करना एवं उन्हें समान अधिकार प्रदान करना है। साथ ही समान अवसर प्रदान करना, तथा समाज के हाशिए पर पड़े और पिछड़े वर्गों को 'प्रगति की मुख्यधारा' में एकीकृत करना भी है। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आईपीयू की ऐतिहासिक 150वीं सभा में 'सामाजिक विकास और न्याय के लिए संसदीय कार्यवाही' पर मुख्य भाषण देते हुए श्री बिरला ने कहा कि हाल के वर्षों में, भारतीय संसद ने कई ऐसे कानून पारित किए हैं जो सामाजिक न्याय और सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं तथा समाज के सभी वर्गों को शामिल करने को प्रोत्साहित करते हैं। समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए संसद की चिरस्थायी चिंता का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-2016', 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों अधिनियम, 2019 और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' जैसे विधेयक समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करते हैं।

# उत्तराखंड की राह पर कर्नाटक: UCC की शुरू हुई वकालत

## देश में यूसीसी लागू होना जरूरी

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक हाईकोर्ट** ने कहा कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू होना बहुत जरूरी है। इससे सभी नागरिकों को (खासकर महिलाओं को) बराबरी का हक मिलेगा। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की है कि वे मिलकर ऐसा कानून बनाएं।

यह टिप्पणी जस्टिस हंचाटे संजीव कुमार की सिंगल जज बेंच ने एक पारिवारिक संपत्ति विवाद के मामले में की। यह मामला मुस्लिम महिला शहनाज बेगम की मौत के बाद उनकी संपत्ति के बंटवारे को लेकर था, जिसमें उनके भाई-बहन और पति के बीच विवाद हुआ। कोर्ट ने इस मामले के बहाने मुस्लिम पर्सनल लॉ पर सवाल उठाए और कहा कि ये कानून महिलाओं के साथ भेदभाव करता है। कोर्ट ने कहा कि हिंदू कानून में बेटियों को पैतृक संपत्ति में बराबरी का अधिकार है, जबकि मुस्लिम कानून में भाई को मुख्य हिस्सेदार और बहन को कम हिस्सेदार माना जाता है, जिससे बहनों को कम हिस्सा मिलता है। कोर्ट ने कहा कि ये असमानता संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के खिलाफ है। कोर्ट ने बताया कि गोवा और उत्तराखंड जैसे राज्य पहले ही यूसीसी की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। इस वजह से अब केंद्र और बाकी राज्यों को भी इस दिशा में काम करना चाहिए। कोर्ट ने अपने फैसले की कॉपी केंद्र और कर्नाटक सरकार के कानून सचिवों को भेजने के निर्देश दिए हैं।



- हाईकोर्ट बोला: संविधान निर्माता भी इसके हक में थे, कोर्ट ने की राज्य और केंद्र से कानून बनाने की अपील

## सौरभ हत्याकांड: मुस्कान जेल में हुई बीमार, कई दिन से हो रही उल्टियां

**मेरठ।** मेरठ के सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान की शनिवार को तबीयत बिगड़ गई। मुस्कान को जेल में कई उल्टी भी हुई है। मुस्कान में प्रेग्नेंसी के लक्षण दिखाई दिए। इसके बाद जेल प्रशासन ने मुस्कान के मेडिकल चेकअप के लिए डाक्टर को पत्र लिखा है। प्यारे लाल जिला अस्पताल की स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ डाक्टर अब जेल में आकर मुस्कान का गायनिक टेस्ट करेगी। इसके बाद ही क्लियर होगा कि मुस्कान प्रेग्नेंट है या नहीं। बता दें कि 19 मार्च से मुस्कान और साहिल मेरठ जिला जेल में बंद हैं। मुस्कान ने साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या कर दी थी। जेल आने के बाद मुस्कान का प्राइमरी मेडिकल टेस्ट किया गया था। तब वो पूरी तरह स्वस्थ थी। इससे पहले, मेरठ के ब्रह्मपुरी के इंदिरा नगर में सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में पुलिस ने मुस्कान की मां कविता रस्तोगी और पिता प्रमोद रस्तोगी को थाने बुलाकर उनके बयान दर्ज किए। मुस्कान के मां-बाप ने हत्या के खुलासे वाली बात पुलिस के समक्ष फिर से दोहराई है। बाकी लोगों के बयान भी जल्द कराने की तैयारी है। पुलिस की चार्जशीट भी लगभग तैयार हो गई है। जल्द ही चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाएगी। सौरभ की बेटी पीहू अपनी नानी के पास है।

# भीषण गर्मी की चपेट में उत्तर भारत

### राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों तक हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों तक हीटवेव (लू) को लेकर चेतावनी जारी की है। खासतौर पर 7 से 9 अप्रैल तक दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। दिल्ली में इस समय तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस क बीच है। मौसम विभाग का कहना है कि 7 और 8 अप्रैल को पारा 42 डिग्री तक जा सकता है, जिससे राजधानी में हीटवेव जैसे हालात बन सकते हैं। दिल्ली में न्यूनतम तापमान अभी 17 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जो सामान्य के करीब है, लेकिन अधिकतम तापमान 1 से 3 डिग्री ज्यादा है। बीते 24 घंटों में पश्चिमी-उत्तर-पश्चिमी दिशा से 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं।



## इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आज दो न्यायमूर्ति लेंगे शपथ

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उड़ीसा और दिल्ली उच्च न्यायालय से स्थानांतरित होकर आए न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सीडी सिंह को सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति के तौर पर शपथ दिलाई जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि दोनों न्यायमूर्तियों को मुख्य न्यायाधीश कोर्ट में सोमवार की सुबह शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों न्यायमूर्तियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सभी अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। एक सवाल के जवाब में श्री तिवारी ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में तबादले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन लगातार विरोध कर रहा था। एसोसिएशन ने उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बहिष्कार की भी घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सीडी सिंह के साथ शनिवार को इसलिए शपथ नहीं दिलाई गई कि एसोसिएशन पूरे शपथ समारोह का ही बहिष्कार कर देती।

# सम्भल में रामनवमी पर 46 वर्ष बाद मंदिर में पूजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सम्भल में रामनवमी पर जहां एक तरफ खग्गू सराय स्थित मंदिर पर 46 वर्ष बाद पहली बार पूजा-अर्चना की गई है। वहीं दूसरी ओर जामा मस्जिद के सामने निर्माण हुई सत्यव्रत पुलिस चौकी का लोकार्पण। डीएम और एसपी ने पूजन कर लोकार्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मालूम हो 24 नवम्बर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान बवाल के बाद मस्जिद के पास सत्यव्रत चौकी का निर्णय किया गया था। यह जिले की पहली हाइटेक पुलिस चौकी है। जहां थाने के बराबर ही स्टाफ की तैनाती भी की जाएगी। अतिरिक्त फोर्स भी रहेगी। इस पुलिस चौकी को सुरक्षा बढ़ाने के लिहाज से तैयार कराया गया है। दो मंजिला इस इमारत में कई कक्ष बनाए गए हैं। जिससे पर्याप्त फोर्स के ठहरने की व्यवस्था भी रहे। भवन को सुसज्जित और हाईटेक बनाया जा रहा है। जिले का कंट्रोल रूम भी इसी चौकी में बनेगा। पुलिस चौकी में महाभारत के रथ की आकृति मुख्य गेट के सामने तैयार कराई गई है। यह आकृति राजस्थानी पत्थर से तैयार हुई है और राजस्थान के कारीगरों ने इसको संवारा है। इस आकृति में गीता के चौथे अध्याय से लिया गया भगवान श्री कृष्ण का प्रसिद्ध श्लोक भी लिखा गया है।



- जामा मस्जिद के सामने बनाई गई सत्यव्रत चौकी का किया गया लोकार्पण, अतिरिक्त फोर्स भी रहेगी

### सूर्य की किरणों से रामलला को तिलक, अभिषेक कराया अयोध्या में धूमधाम से मना रामलला विराजमान का जन्मोत्सव

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का जन्मोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया। भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी। हरषित महतारी, मुनि मनहारी अद्भुत रूप विचारी।। की चौपाई के साथ भव्य और दिव्य राम मंदिर में श्रीरामलला का प्रतीकात्मक रूप से जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ठीक बारह बजे दोपहर रामलला को दूध से स्नान कराने के बाद वस्त्र पहनाकर जन्मोत्सव मनाया गया। रामलला के वैज्ञानिकों द्वारा भगवान सूर्य की किरणों से तिलक, अभिषेक कराया गया। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया। भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। यह लगभग चार मिनट तक तिलक किया गया। रामलला के जन्म पर अयोध्या के मंदिरों में बधाई व सोहर गीत शुरू हो गए।जगह-जगह पटाखे दगने लगे। घंटे, घडियालों व शंख की करतल ध्वनि के बीच श्रीरामलला प्रकट हुए।

## गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दोपहर में श्रीरामनवमी के महापर्व पर विधि विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर प्रभु श्रीराम के भजनों से गुंजायमान रहा।

चैत्र वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित रामदरबार पहुंचे। यहां प्रतिष्ठित विग्रहों का पूजन किया और आरती उतारी। इसके बाद वह मंदिर परिसर के ओपन एयर थिएटर के मंच पहुंचे। यहां दोपहर के बारह बजते ही उन्होंने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। प्रभु विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी। पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ सीएम योगी ने बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम से लोकमंगल की प्रार्थना की। रामोत्सव के कार्यक्रम में काशी से पधारे जगदगुरु स्वामी संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा व अनेक भक्त उपस्थित रहे।


# अल्ट्रासाउंड सेंटर पर महिला की जान से खिलवाड़

## गलत रिपोर्ट देकर यूट्रस निकालने की दी सलाह

**शेख मौहम्मद यूसुफ**

**अफजलगढ़।** एक मशहूर कहावत है 'नीम हकीम खतरा ए जान' इस कहावत को सच साबित कर दिखाया। नगर में चल रहे एक कथित अल्ट्रासाउंड सेंटर ने, जिसने कई वर्ष पुराने गुर्दा रोग से ग्रस्त डायलिसिस पर चल रही एक महिला को दी जांच रिपोर्ट में उसकी यूट्रस (बच्चेदानी) में रसौली न होते हुए भी 72 एमएम की रसौली दर्शाकर उसके जीवन से खिलवाड़ करने का काम किया। शक होने पर पति द्वारा जब काशीपुर उत्तराखंड में जांच कराई गई, तो पूरी रिपोर्ट फर्जी निकली।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला गौहर अली खां निवासी जिया हसन ने एक भेंट में बताया कि उसकी पत्नी नाजिया खान लगभग छह वर्षों से गुर्दा रोग से पीड़ित चल रही है। काफी लंबे समय से वह डायलिसिस पर है। बीती 11 मार्च को अचानक उसकी पत्नी के पेट में दर्द हुआ तो वह नगर के कालागढ़ मार्ग स्थित एफएस मेडविन मेडिकेयर हॉस्पिटल डॉ. इमरान अहमद की ओपीडी ले गए। जहां डॉक्टर ने बीमार महिला नाजिया खान का अल्ट्रासाउंड करने की सलाह दी। किस पर महिला का पति उसे कालागढ़ मार्ग स्थित आदर्श कॉलोनी मैक्स अल्ट्रासाउंड केंद्र ले गए। जहां उन्होंने पूरे पेट की अल्ट्रासाउंड जांच कराई। मैक्स अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट देखकर बीमार महिला के पति जिया हसन की खुशी का ठिकाना ना रहा। क्योंकि वर्षों से मुर्दा, लीवर आदि भयंकर बीमारी से जूझ रही महिला की रिपोर्ट नॉर्मल थी। लेकिन उसकी यूट्रस (बच्चेदानी) में 72 एमएम की गांठ दर्शाई गई थी। जिस पर डॉक्टर ने उसे तुरंत ही बच्चेदानी का ऑपरेशन करा कर निकलवाने की सलाह दी थी। क्योंकि यही गांठ कुछ समय बाद कैंसर का रूप अख्तियार कर लेती है। परंतु बीमारी से पीड़ित महिला के परिजनों की खुशी उस समय काफूर हो गई, जब पति को शक होने पर उसने नव्या हॉस्पिटल ढ़ेला नदी पुल के निकट काशीपुर उत्तराखंड में डायलिसिस कर रहे डॉक्टरों की सलाह पर किसी अन्य अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जांच करने की सलाह दी। जिस पर महिला की जीवन रेखा एमआरआई एंड सिटी स्कैन सेंटर काशीपुर उत्तराखंड में जांच कराई तो जांच रिपोर्ट देखकर बीमार महिला के परिजनों के होश दंग रह गए। क्योंकि महिला के दाहिने और बाएं दोनों गुर्दे (किडनी) आकार से अधिक सुकड़ी हुई थी तथा लीवर पर सूजन तथा सीबीडी-पीबी (तिल्ली) पर भी सूजन था। जिससे चलते महिला कई वर्षों से सप्ताह में दो बार डायलिसिस पर रहती थी। उसके बाद पीड़ित मरीज महिला के मैक्स अल्ट्रासाउंड सेंटर की रिपोर्ट में आई यूट्रस (बच्चेदानी) में दर्शाई गई 72 एमएम की गांठ की जांच धामपुर स्थित निदान डायग्नोस्टिक सेंटर में TVS Correlation नामक जांच कराई, तो किसी प्रकार की कोई गांठ नहीं आई। सोचने का विषय यह है कि यदि मैक्स अल्ट्रासाउंड सेंटर की रिपोर्ट पर पीड़ित परिवार विश्वास कर लेता, तो महिला की तो जान जाती ही साथ ही बच्चेदानी ऑपरेशन के द्वारा निकाल दी जाती, तो महिला बांझ हो जाती। नगर के एकमात्र कथित मैक्स अल्ट्रासाउंड सेंटर पर फर्जी रिपोर्ट बनाकर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। क्योंकि अल्ट्रासाउंड तथा डायग्नोस्टिक सेंटर स्वामी डॉक्टर को भारी भरकम कमीशन देकर अपने व्यापार को परवान चढ़ा रहे हैं।




मैक्स अल्ट्रासाउंड सेंटर के बोर्ड पर कंसलटेंट, प्रोफेसर, डॉ.राजीव शर्मा एमबीबीएस एमडी डीजीओ जैसी डिग्रियों के साथ दिल्ली, लखनऊ, आगरा के बड़े-बड़े हॉस्पिटलों का अनुभव दर्शाया गया है। जबकि सूत्रों की माने, तो डॉ. राजीव शर्मा उक्त मैक्स अल्ट्रासाउंड सेंटर में कभी आते नहीं। एकमात्र टेक्नीशियन जो अनुभवहीन है। वह सेंटर का संचालन कर रहा है। जबकि अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट का होना अति अनिवार्य है।

जब पीड़ित बीमार महिला का पति जिया हसन तीनों सैंटरों की रिपोर्ट लेकर शिकायत करने मैक्स अल्ट्रासाउंड सेंटर गया, तो सेंन्टर में बैठे टेक्नीशियन ने उल्टा उसको ही धमकाया और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तक की बात कह डाली। यहां तक कहा कि जो तुमसे हो कर लो, क्योंकि हमारी पहुंच लखनऊ तक है। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता तथा उसने धमकाते हुए पीड़ित जिया हसन को अपने सेंटर से भगा दिया। पीड़ित जिया हसन ने मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से पोर्टल द्वारा शिकायत करने की बात कही है। जब इस संबंध में सीएमओ बिजनौर से जानकारी हासिल करनी चाहिए, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## स्कूल में हुई चोरी का तीन दिन बाद भी खुलासा नहीं

**बढ़ापुर।** तीन दिन पहले क्षेत्र के इंग्लिश मीडियम स्कूल एसएसके इंटरनेशनल अकादमी से सवा लाख रुपए की चोरी की घटना का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर ग्राम फूल नगर में स्थित एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी के प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उनके स्कूल के एक व्यक्ति ने स्कूल परिसर के ताले टूटे होने की उन्हें सूचना दी थी। सूचना मिलने के बाद वह स्कूल के अध्यक्ष साहू संतोष कुमार अग्रवाल व बड़े भाई साहू सुयश अग्रवाल के साथ स्कूल पहुंचे, तो देखा कि उनके, प्रधानाचार्य व अकाउंट कक्ष के ताले टूटे पड़े थे। स्कूल परिसर में घुसे चोर अलमारी में रखी सवा लाख रुपए की नकदी चुरा कर ले गए। सीसीटीवी कैमरे में दो चोर घटना करते हुए दिखाई दिए। इस घटना की रिपोर्ट उन्होंने थाने में दर्ज करा दी थी। लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी मामले का खुलासा नहीं हो पाया।

इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने पुलिस बल के साथ स्कूल का निरीक्षण किया तथा घटना के जल्द खुलासा होने का दावा किया है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श शिविर का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका के वार्ड नंबर आठ के सभासद सलीम मंसूरी के निवास पर नि:शुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच और परामर्श केंद्र की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शि.विर का उद्घाटन केंद्र के संस्थापक गिजाल मैहदी, संयोजक मेजर चरण सिंह शर्मा, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल एसएन एसएम इंटर कॉलेज और सीनियर सुपर सिटीजन कामरेड गुलाम साबिर और सभासद असलम मंसूरी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सभासद अतीक कुरैशी, कामरेड मकसूद राणा, सामाजिक कार्यकर्ता नवेद अहमद, मौहम्मद उमर, जावेद जाट आदि उपस्थित थे। शिविर में 100 से अधिक महिलाओं और पुरुषों ने अपने शुगर, ब्लड प्रेशर और ऑक्सीजन लेवल एवं दूसरे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतों की जांच कराई और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया।

कई मरीजों की शुगर 400 और ब्लड प्रेशर 180 से अधिक रिकॉर्ड किया गया। जांच टीमों का नेतृत्व केंद्र के वरिष्ठ स्वास्थ्य वालंटियरों फराज खुर्शीद और मौहम्मद हुजैफा ने किया।

गिजाल मैहदी ने शुगर और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों की काउंसलिंग की और उनको मुफ्त इलाज और दवाओं के लिए केंद्र की जांच रिपोर्ट के साथ सामुदायिक स्वास्थय केंद्र रैफर किया। जांच टीमों को सहयोग देने वालों में शेख फहद, अदीबा अजीम, मंतशा प्रवीन, मौहम्मद नवेद, शबे नूर, मौहम्मद आसिम, हुदा नफीस, जिया अजीम, शाइस्ता अंजुम, शगिल उस्मानी, रिफा मलिक शामिल रहे।

# जिला आर्य प्रतिनिधि सभा का शपथ ग्रहण कार्यक्रम

## वेद प्रचार अभियान को बनाए जीवन का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की संगोष्ठी और शपथ ग्रहण कार्यक्रम हवन यज्ञ के साथ आयोजित किया गया। स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों को व्यवहार में लाने और वेद प्रचार में लीन रहने का संकल्प लिया गया।

आर्य कन्या इंटर कॉलेज में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान और रविंद्र पाल आर्य, मंत्री राजपाल सिंह के नेतृत्व में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के पदाधिकारी ने शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों को व्यवहार में लाने, वेद प्रचार को जीवन का लक्ष्य बनाने, शव और अंत्येष्टि कार्यक्रमों को दयानंद सरस्वती के मतानुसार संपन्न करने का संकल्प लिया गया।

जिला आर्य प्रतिनिधि सभा संगोष्ठी में प्रांतीय आर्य वीर दल के प्रधान पंकज आर्य, आर्य कन्या के प्रबंधक पवन आर्य, राज्यपाल सिंह, संतोष बाला आर्य, रविंद्र पाल आर्य सहित अनेक वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान और मंत्री के अतिरिक्त संरक्षक चंद्रपाल आर्य, भूपेंद्र सिंह, पृथ्वी सिंह आर्य, नेपाल सिंह आर्य, उप प्रधान पवन चौधरी, सुबोध आर्य, कुलदीप आर्य, विद्यासागर आर्य, उपमंत्री रामपाल सिंह आर्य, सुबेंद्र आर्य, रामेंद्र सिंह, योगेश शर्मा, निरीक्षक कुंवरपाल आर्य, प्रचार अधिष्ठाता तेजपाल सिंह आर्य, सहयोगी कल्याण सिंह आर्य ने शपथ ग्रहण की।

# मंदिर और मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल रहा तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने विधि विधान से महागौरी की पूजा अर्चना कर व्रतों का समापन किया तथा रामलीला मैदान स्थित मां दुर्गा शेरावाली और काली माता के मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मेले में जमकर खरीदारी की।

नवरात्र पर अष्टमी का पूजन करने वाले श्रद्धालु नर -नारियों ने शनिवार को अपने -अपने घरों पर श्रद्धापूर्वक मां गौरी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर कन्याओं को जिमाकर व उनके चरण स्पर्श कर तथा उन्हें अपनी श्रद्धानुसार उपहार भेंट कर अपने व्रतों का समापन किया। इस अवसर पर श्रद्धालु नर -नारियों ने धामपुर मार्ग रामलीला ग्राउंड स्थित दुर्गा माता शेरावाली विवेक महाकाली के प्रसिद्ध मंदिर में देवी को हलवा-पूरी, नारियल, चुनरी व श्रंगार का सामान व भोग लगाकर देश और अपने परिवार की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। अष्टमी के अवसर पर श्री रामलीला ग्राउंड स्थित देवी के मंदिर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रसिद्ध विशाल मेला लगा। जिसमें नगर व क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु नर नारियों व बच्चों ने भाग लिया और मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर खुशहाली की कामना की। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें लगी रही।



अष्टमी के मेले में श्रद्धालुओं की अपार भीड रही तथा मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही।

शांति व्यवस्था व सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी तेजपाल सिंह बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मेले में मौजूद रहे।

## एक नजर

### कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र में बैठक आज

**कालागढ़।** हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए सोमवार को कालागढ़ कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ में उत्तर प्रदेश शासन में मुख्य सचिव मनोज कुमार के एवं उत्तराखंड राज्य के प्रमुख वन संरक्षक रंजन मिश्रा बैठक में उपस्थित रहेंगे। यह बैठक कालागढ़ में सिंचाई विभाग के आवासों में निवास कर रहे लोगों के पुर्नवास के मुद्दे में नैनीताल हाईकोर्ट से मिले आदेशों पर की जा रही है। 2016 में सुप्रीम कोर्ट में कालागढ़ के 213 लोगों के पुर्नवास की लिस्ट शासन के द्वारा पुर्नवास के बावत जमा हुई थी। नैनीताल हाईकोर्ट ने दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों को कहा कि वे आपस यह तय कर पुर्नवास के मसले में स्थिति को स्पष्ट करें। कोर्ट के आदेशों के पालन में यह बैठक होने जा रही है। यह बैठक कालागढ़ स्थित कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के प्रेक्षागृह में राउडटेवल कांफ्रेस में दोनों राज्यों के अधिकारी बैठक में भाग लेंगे।

### घी के सैम्पल लेकर जांच को भेजे



**किरतपुर।** मौहल्ला झंडा स्थित एक जनरल थोक की दुकान पर शनिवार की दोपहर उस समय काफी भीड़ इकट्ठा हो गई जब वहां दीप नामक पूजा हवन में प्रयोग करने वाले घी की कंपनी के स्टाफ द्वारा छापेमारी की गई। उनके साथ शहर इंचार्ज शिव कुमार, पुनीत त्यागी व लालू यादव पुलिस कर्मी भी थे। बाद में फूड इंस्पेक्टर भी वहां पहुंच गए। दुकानदार का कहना था कि हम जो घी बेच रहे है वह दीप धेनु है। इसके पक्के पर्चे हमारे पास है। यह हिसार हरियाणा का बना हुआ है। जबकि कंपनी स्टाफ का कहना था कि असली घी दीप क्लासिक है। यह आगरा का बना हुआ है और फिल्म स्टार शक्ति कपूर व गुलशन ग्रोवर का फोटो घी के डब्बे पर छपा हुआ है। जबकि दीप धेनु वाला घी के डब्बे से रेफर हमारे डब्बे से ही कॉपी किया हुआ है। हमारे डब्बे की कीमत प्रति 900 ग्राम 260 रुपए है, जबकि दीप धेनु की कीमत मात्र 130 रुपए है। फूड इंस्पेक्टर ने बताया कि दीप क्लासिक की 15 पेटी कीमत लगभग 94 हजार रुपए व दीप धेनू के 49 पेटी कीमत लगभग 3 लाख है। इन्हें जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि दोनों कंपनियों के डिब्बों की सील कर प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। कंपनी स्टाफ में सी एस पाराशर, दुर्गेश शर्मा व गोपाल चौधरी आदि शामिल रहे।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**किरतपुर।** छितावर रोड हाईवे पुल से पहले वाहन चौकिंग के लिए पहुंचे तो मुखबिर ने सूचना दी कि एक युवक छितावर रोड पर हाईवे पुल के पास नाजायज चाकू लिए खड़ा है। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई पुलिस के मालूमात करने पर युवक ने बताया कि यह चाकू में शौक के लिए रखता हूं। पुलिस ने चाकू को डिब्बे मे रखकर चिटबन्दी कर सील मोहर कर दिया गया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में युवक का चालान कर जेल भेज दिया।

# मिट्टी का कटान रोकने को बनाई जाएगी दीवार

## लम्बे समय से चल रही थी कटान रोकने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आज विकास खंड नजीबाबाद के ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल द्वारा विकासखंड की ग्राम पंचायत मथुरापुर मोर के ग्राम बढ़िया स्थित नदी के पुल के पास अंत्येष्टि स्थल की कट रही भूमि कटान को रोकने हेतु आरसीसी की दीवार बनाकर अंत्येष्टि स्थल को स्थाई रूप से सुरक्षित करने का कार्य प्रारंभ कराया गया।

मिट्टी के कटान रोकने हेतु नदी के पास तीन मीटर गहरा चार मीटर चौड़ा आरसीसी का स्लैब बनाकर उसके ऊपर आरसीसी की दीवार बनाई जाएगी। जिससे पानी के फ्लड को रोका जा सके व अंत्येष्टि स्थल स्थाई रूप से स्थापित हो जाए। बार-बार उसमें कटान ना हो। साथ ही साथ उसके पास बने आवासों को भी नुकसान से पूर्ण रूप से सुरक्षित कर दिया जाए, जिसमें स्थानीय निवासियों ने हर्ष व्यक्त किया व लंबे समय से कटान रोकने की मांग को पूर्ण होने की आशा की जाती है। इस मौके पर गुरदेव सिंह, दिलबाग सिंह, गुरदीप सिंह, नानक सिंह, जसवंत सिंह, गुरदयाल, सुखजिंदर सिंह, गोल्डी, नर्वेल सिंह आदि उपस्थित रहे।




# डॉक्टर की दुकान से युवती रहस्यमय ढंग से लापता

## अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** अपनी मां के साथ वादीगढ़ चौराहे पर डॉक्टर की दुकान से दवाई लेने आई एक 19 वर्षीय युवती रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव राजनगर निवासी राधा देवी पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार सुबह लगभग 11 बजे वादीगढ़ चौराहे पर अपनी 19 वर्षीय पुत्री मुस्कान को दवाई दिलवाने आई थी। दवाई दिलवाने के बाद वह अपनी पुत्री को डॉक्टर की दुकान पर बैठे रहने को कहकर सब्जी लेने बाजार में चली गई। इसी दौरान उसकी पुत्री ने डॉक्टर से कहा कि मैं घर जा रही हूं और वहां से चली गई। वह वापस लौटकर आई, तो मुस्कान वहां मौजूद नहीं थी। उसने आस-पड़ोस में मालूम किया परंतु कुछ पता नहीं चल पाया। उसने घर का फोन चेक किया तो उस फोन में व्हाट्सएप में एक वॉइस रिकॉर्डिंग आई हुई मिली। उसको सुना गया तो उसमें बोला गया है कि वादीगढ़ चौराहे पर एक सफेद रंग की गाड़ी खड़ी है। उसमें जाकर बैठ जाओ। उसकी पुत्री को अज्ञात नंबर से मैसेज आया और वह चली गई। पीड़िता ने बताया कि उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाया गया है। उसकी पुत्री घर में रखे सोने चांदी के आभूषण और कुछ नकदी भी अपने साथ ले गई है। प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रामेश्वरम में...** सड़क प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने ब्रिज के लिए 75 किमी प्रति घंटे की गति सीमा को मंजूरी दी है। नया पम्बन ब्रिज 100 स्पैन यानी हिस्सों से मिलकर बनाया गया है। जब समुद्री जहाज को निकलना होता है, तो इस नेविगेशन ब्रिज (समुद्री जहाजों के लिए खुलने वाले ब्रिज) का सेंटर स्पैन (बीच वाला हिस्सा) ऊपर उठ जाता है। यह इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम पर काम करता है। इस वजह से इसका सेंटर स्पैन सिर्फ 5 मिनट में 22 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। इसके लिए सिर्फ एक आदमी की जरूरत होगी। वहीं, पुराना पुल कैंटिलीवर पुल था। इसे लीवर के जरिए मैन्युअली खोला जाता था, जिसमें 14 लोगों की जरूरत होती थी। हालांकि समुद्री हवा की गति 58 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा हो जाने पर वर्टिकल सिस्टम काम नहीं करेगा और आटोमैटिक रेड सिग्नल हो जाएगा। हवा की गति सामान्य होने तक ट्रेन की आवाजाही बंद रहेगी। ऐसा अक्सर अक्टूबर से फरवरी के बीच होता है। इन महीनों में तेज हवाएं चलती हैं। ब्रिज का मैकेनिज्म वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज का मैकेनिज्म बैलेंसिंग सिस्टम पर काम करता है। इसमें काउंटर-वेट्स लगाए गए हैं। जब ब्रिज ऊपर उठता है, तो शिव्स यानी बड़े-बड़े पहियों की मदद से स्पैन और काउंटर-वेट दोनों को सपोर्ट मिलता है। जब ब्रिज नीचे आता है, तो काउंटर-वेट्स उसका वजन संभाल लेते हैं। इस टेक्नोलॉजी की वजह से ब्रिज ज्यादा वजन सह सकता है। इससे ब्रिज के सेंटर स्पैन की वर्टिकल लिफ्टिंग स्मूद और सेफली हो पाती है।

**जमीयत की...** है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सेक्युलर जनता और खासकर मुसलमान इन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। जमीयत उलमा-ए- हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने उन सभी सेक्युलर सांसदों का शुक्रिया अदा किया, जो देर रात तक संसद में डटे रहे और इस कानून के संभावित दुष्परिणामों को अपने भाषणों के ज़रिये उजागर किया। साथ ही उन्होंने उन न्यायप्रिय नागरिकों का भी आभार प्रकट किया, जो संसद के बाहर इस कानून के खिलाफ आवाज़ बुलंद करते रहे। उन्होंने कहा कि इससे साबित होता है कि आज भी देश में ऐसे लोग मौजूद हैं, जिनमें अन्याय के खिलाफ बोलने का साहस और जज्बा है। मौलाना मदनी ने दो. हराया कि यह कानून केवल धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता और उसके मार्गदर्शक सिद्धांतों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि यह कानून मुसलमानों की भलाई के नाम पर लाया गया है, लेकिन वास्तव में यह उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर गंभीर हमला है। मौलाना मदनी ने कहा कि हमें अल्लाह की ज़ात पर पूरा भरोसा है कि जैसे अन्य कई महत्वपूर्ण मामलों में हमें न्याय मिला है, वैसे ही इस महत्वपूर्ण मामले में भी हमें न्याय मिलेगा, क्योंकि यह मामला केवल मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं, बल्कि संविधान की सर्वोच्चता का भी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने वक्फ संशोधन कानून की विभिन्न धाराओं को न केवल चुनौती दी है, बल्कि इस कानून के लागू होने को रोकने के लिए अदालत से अंतरिम राहत (इंटरिम ऑर्डर) की भी अपील की है। यह याचिका संशोधन अधिनियम की धारा 1(2) के तहत दाखिल की गई है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड फुज़ैल अय्यूबी ने मौलाना अरशद मदनी के आदेश पर यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की है, जिसमें कहा गया है कि यह कानून असंवैधानिक है और वक्फ प्रबंधन तथा वक्फ संपत्तियों के लिए विनाशकारी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखिल याचिका का डायरी नंबर 18261/2025 है।इस सिविल रिट याचिका के साथ-साथ एक अंतरिम अर्जी भी दाखिल की गई है, जिसमें केंद्र सरकार को इस कानून के नोटिफिकेशन जारी करने से रोकने की मांग की गई है। याचिका में वक्फ बाय यूजर की प्रक्रिया को समाप्त करने पर आपत्ति जताई गई है और यह कहा गया है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि केस में वक्फ बाय यूजर की अवधारणा को मान्यता दी है, जो भारतीय न्याय व्यवस्था का हिस्सा रहा है। इसके साथ ही, वक्फ बोर्ड में मुस्लिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अनिवार्यता को हटाए जाने को भी चुनौती दी गई है। जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा दायर की गई याचिका में अंत में कहा गया है कि इन असंवैधानिक संशोधनों से वक्फ अधिनियम 1955 की मूल आत्मा और उसकी नींव को गहरी क्षति पहुंची है और यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 25, 26 और 300ए का स्पष्ट उल्लंघन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा इस केस की शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित कराने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है व संभावना है कि आने वाले कुछ दिनों में भारत के मुख्य न्यायाधीश से इसकी जल्दी सुनवाई की गुज़ारिश की जाएगी।

# ममता ने रामनवमी की शुभकामनाएं दीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि राज्य भर में कड़ी सुरक्षा के बीच लोगों ने भगवान राम के जन्मोत्सव मना रहे हैं और सभी संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

सुश्री बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर सभी को बधाई। मैं सभी से शांति, समृद्धि और सभी के लिए विकास के मूल्यों को बनाए रखने और बनाए रखने की अपील करती हूं। मैं शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी के उत्सव की सफलता की कामना करती हूं। सूत्रों ने कहा कि राज्य के किसी भी हिस्से से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। भारतीय जनता पार्टी पार्षद सजल घोष के नेतृत्व में शहर के मध्य भाग में राम राजा ताला में पहले से ही एक रैली आयोजित की गई थी, जहां उनके अनुयायियों ने भगवा रंग के झंडे लिए और जय श्री राम के नारे लगाए और प्रार्थना की। कोलकाता उच्च न्यायालय ने हिंदू संगठनों की कुछ रैलियों को कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी थी, क्योंकि शहर की पुलिस ने उन्हें ऐसी रैलियों से वंचित कर दिया था।

न्यायालय ने कहा कि रैलियों में कोई भी व्यक्ति धातु के हथियार नहीं ले जा सकता, अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रैली में भाग लेने वाले संगठन कोलक.ाता उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे। ऐसी खबरें आ रही हैं कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में रामनवमी रैलियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शांति और सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अवैध भराव के विरोध में चेयरमैन ने खोला मोर्चा

## पालिका सभासदों सहित उपजिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर भराव रुकवाया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर क्षेत्र में हो रहे अवैध भराव के विरोध में पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी के नेतृत्व में सभासदों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पर जमकर धरना प्रदर्शन किया। पालिकाध्यक्ष ने अवैध भराव पर रोक ना लगने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

उल्लेखनीय है कि नगर क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का भराव जोरो से किया जा रहा है। शनिवार को पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी के नेतृत्व में पालिका सभासदों ने तहसील समाधान दिवस में पहुंचकर ओवरब्रिज के नीचे जलाशय वाली भूमि पर हो रहे अवैध मिट्टी भराव पर रोक लगाने की मांग की थी।

बताते हैं ज्ञापन देने के बाद मिट्टी का भराव और तेजी के साथ शुरू हो गया। इसके विरोध में पालिका सभासदों ने आज उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। बाद में पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी सभासद भराव स्थल पर पहुंच गए तथा अवैध रूप से किये जा रहे भराव पर रोक लगाने के लिए पालि. का की जेसीबी से अवरोध लगवा दिए।

पालिकाध्यक्ष रवि चौधरी ने कहा कि अवैध भराव से नगर के आधा दर्जन मोहल्लों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। पालिका सभासद संतोष राजपूत, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मुकेश रावत, मुकुल सैनी, रविशंकर सैनी, इमरान अहमद, मोहम्मद दानिश, मनोज गोयल, सुमित महेश्वरी, हिमांशु सैनी आदि अनेक सभासद मौजूद रहे।

# जेठ से विवाह करने वाली आसिफा का हुआ दर्दनाक अंजाम

### पुलिस ने सवा साल बाद गड्ढे से बरामद की हड्डियां



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पति से तलाक लेकर जेठ से निकाह करने वाली महिला की हत्या का करीब सवा साल बाद पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने उसकी लाश के अवशेष बरामद कर उसके पूर्व मौजूदा पति को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार 26 मार्च को हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सबदलपुर रेहरा निवासी तसलीम की पत्नी आसमा ने चांदपुर थाने में तहरीर दी थी कि उसने अपनी पुत्री आसिफा का विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व बास्टा के रहने वाले कामिल से किया था। आसमा का कहना था कि करीब एक वर्ष से उसकी अपनी बेटी से बात नहीं हुई। आसमा ने पुलिस को दी तहरीर में शक जाहिर किया था कि कहीं उसकी बेटी आसिफा को उसके ससुराल वालों ने गुम तो नहीं कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच की, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आये। पुलिस ने आसिफा के पति कामिल व उसके बड़े भाई आदिल को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो पहले दोनों भाई पुलिस को इधर-उधर की कहानी सुनाते रहे, लेकिन जब पुलिस ने थोड़ी सख्ती की, तो उन्होंने सब कुछ उगल दिया। पूछताछ में पता चला कि आसिफा ने अपने पति कामिल से तालक लेकर अपने जेठ से निकाह कर लिया था। निकाह के कुछ दिन बाद आदिल आसिफा पर शक करने लगा कि वह किसी अन्य व्यक्ति से बात करती है। इसी शक में आदिल ने अपने छोटे भाई कामिल व अपनी चाची चांदनी के साथ मिलकर 20 से 25 नवम्बर 2023 के बीच आसिफा की गला घोंटकर हत्या कर दी और उसकी लाश को नाईवाला से हल्लूपुरा जाने वाले रास्ते पर कूड़े के ढेर के पास गड्डा खोदकर दबा दिया था। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर परिजनों की मौजूदगी में आसिफा की लाश के अवशेष (हड्डियां) बरामद कीं। पुलिस ने आरोपी दोनों भाईयों का चालान कर दिया है।

### चांदपुर में हनीफ की पत्नी चांदनी अरेस्ट

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने आसिफा अत्याकांड में चांदनी पत्नी हनीफ निवासी ग्राम बास्टा को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में थाना हीमपुर दीपा के ग्राम सब्दलपुर रेहरा निवासी आसमा पत्नी तसलीम ने 26 मार्च को नौ अभियुक्तों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# बेखौफ चोर पुलिस को लगातार दे रहे चुनौती

### एक सप्ताह में पांचवी चोरी होने से दहशत का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए पांच जगहों पर हाथ साफ कर लिया है।

थाना क्षेत्र में लगातार चोरियां रोकने का नाम नहीं ले रही और ना ही कोई चोर गिरफ्त में आ रहा है। लगातार चोरियां होने से दुकानदार से लेकर व्यापारी वर्ग तक दहशत में अपनी रात को दुकान बंद कर कर जाता है और सुबह को सोचता है कि कहीं किसी चोर ने मेरी दुकान पर हाथ साफ तो नहीं कर लिया। एक सप्ताह में ग्राम बहादरपुर में ट्यूबवेल से 150 फिट का पाइप चोरी, नगर में स्थित ट्रक प्लांट के सामने दुकान से इनवर्टर चोरी, वेल्डिंग की दुकान से सामान चोरी, ग्राम मेवा नवादा में किसान का टिपलर चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। ग्राम हरोली में मुर्गी फार्म से इनवर्टर बैटरी व बर्तन चोरी हो गए हैं। बेखौफ चोरों का क्षेत्र में आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से जनता परेशान है। सभी पीड़ित अपनी-अपनी शिकायत लगातार पुलिस से कर रहे हैं, लेकिन पुलिस को नाकामी के सिवा कुछ भी नहीं मिल रहा है। चोर लगातार चोरी करने का काम कर रहे हैं और पीड़ित लगातार थाने में आकर अपनी शिकायत दे रहा है। नगर व क्षेत्र में चोरी की चर्चाएं लगातार सोशल मीडिया पर भी इस कदर चल रही है कि आम जनता का पुलिस को लेकर सवालिया निशान लग रहे हैं।

# मंडावर का गुलकंद आज बीते जमाने की बात

## कभी देश-विदेश पहुंचती थी गुलकंद की महक और मिठास



**विशाल पाल**

**मंडावर।** एक समय था जब मंडावर का गुलकंद अपनी मिठास और खुशबू के लिए न केवल भारत बल्कि विदेशों तक मशहूर था। गुलाब की पंखुड़ियों से तैयार यह पारंपरिक मिठाई नवाबों राजा महाराजाओं के दरबार से लेकर देश-विदेश के बाजारों तक में अपनी खास पहचान रखती थी। लेकिन आज यह हिकमती कला और व्यापार पूरी तरह से विलुप्त हो चुका है। कभी मंडावर की गलियों से उठने वाली गुलाब की महक और गुलकंद की मांग अब सिर्फ यादों में सिमट कर रह गई है।

ऐतिहासिक बस्ती मंडावर में आम के बगीचे दुनिया भर में मशहूर थे। हकीम वैद्य जहां आम से रोगों का उपचार कर सेहत को दुरुस्त करते थे, वहीं आम के बागों की परवरिश के लिए गुलाब की खेती कराते थे। जिसको माली बिरादरी के लोग अंजाम देते थे। गुलाब की खेती ही गुलकंद के कारोबार का मुख्य कारण थी। जब गुलाब की पंखुड़ियों और मिश्री को मिलाकर गुलकंद तैयार किया जाता था और नवाब, राजा महाराजा इसे पान के बीड़े में रख कर खाना सबसे लाभप्रद मानते थे। जबकि हकीम वैद्य गुलकंद को पेट के सभी रोगों में कारगर समझते थे। इसीलिए मंडावर के गुलकंद की देश विदेश सभी में मांग थी।

स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि मंडावर में गुलकंद बनाने की परंपरा कई पीढ़ियों पुरानी थी। गुलाब की खेती और उससे गुलकंद तैयार करने का हुनर यहां के लोगों की आजीविका का प्रमुख स्रोत था। यहां का गुलकंद अपने अनूठे स्वाद और आयुर्वेदिक गुणों के लिए प्रसिद्ध था। जिसकी मांग देश के कोने-कोने के साथ-साथ खाड़ी देशों और यूरोप तक थी। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि मंडावर से गुलकंद के बड़े-बड़े ऑर्डर विदेशों को निर्यात किए जाते थे। लेकिन समय के साथ यह समृद्ध परंपरा लुप्त होती चली गई। इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार रहे। सबसे बड़ा कारण रहा आधुनिकता और औद्योगिकीकरण का प्रभाव। गुलकंद बनाने की पारंपरिक प्रक्रिया, जिसमें गुलाब की पंखुड़ियों को धूप में सुखाकर चीनी के साथ तैयार किया जाता था। समय लेने वाली और श्रमसाध्य थी। दूसरी ओर बड़े पैमाने पर उत्पादन करने वाली फैक्ट्रियों और सस्ते विकल्पों ने बाजार पर कब्जा जमा लिया। इसके अलावा, गुलाब की खेती में कमी, युवा पीढ़ी का इस पारंपरिक व्यवसाय से विमुख होना और सरकारी प्रोत्साहन की कमी ने भी इस कला को विलुप्त होने की कगार पर पहुंचा दिया।

मंडावर के एक बुजुर्ग ने बताया कि हमारे जमाने में गुलकंद यहां की शान था। विदेशी व्यापारी खास तौर पर इसे लेने आते थे। लेकिन अब न गुलाब के बाग रहे, न ही इसे बनाने वाले हाथ। सब कुछ खत्म हो गया। स्थानीय लोग इसे केवल एक व्यवसाय का अंत नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत के खोने के रूप में देखते हैं।

कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अगर समय रहते इस परंपरा को पुनर्जनन के प्रयास किए गए होते, तो मंडावर का गुलकंद आज भी अपनी पुरानी शोहरत बरकरार रख सकता था। आयुर्वेद में गुलकंद के फायदों को देखते हुए इसके बाजार में फिर से संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं।

# यहां पर नफरतों ने कैसे-कैसे गुल खिलाए हैं...

## होली, ईदुल फितर मिलन समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** रवाना शिकारपुर रोड एएचएम मेडिकल कॉलेज के विशाल मैदान में आजाद समाज पार्टी कांशीराम के तत्वावधान में होली, ईद उल फितर मिलन समारोह व कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें भारत के कोने कोने से मशहूर शायर तशरीफ लाए मुख्य अतिथि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना लोकसभा के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने शमा रोशन किया।

होली व ईदुल फितर का आगाज शायर कलीम सहसपुरी की नाते पाक से शुरू हुआ। सरदार गुरु चरन सिंह ने कहा कि इस देश में हिन्दू और मुस्लिम आपस में मिलकर रहते हैं। इस देश में ईद और दिवाली मिल जुलकर मनाई जाती है। मशहूर शायर शाहिद अंजूम ने इस शेर पर खूब वाहवाही लूटी- अपनी मिट्टी से मौहब्बत दीन है, ईमान है, अपनी मिट्टी से मौहब्बत ही मेरी पहचान है, मेरी आंखों ने नहीं देखा। कोई हिजरत का ख्वाब, जान से भी प्यारा मुझ को मेरा हिंदुस्तान। सज्जाद झंझट ने कहा- इतना तरसाया हैं शाली की तमन्नाओं ने, मुझे अब तो हर शख्स मुझे अपना ससुर लगता है। निकहत अमरोही ने कहा- यहां पर नफरतों ने कैसे-कैसे गुल खिलाए हैं, लूटी अस्मत बता देगी दुपट्टा बोल सकता है। हाशिम फिरोजाबादी ने कहा -दोस्ताना कम से कम इतना बरकरार रखो कि मजहब बीच में ना आए। कभी तुम उसे मंदिर तक छोड़ दो कभी वो, तुम्हें मस्जिद तक छोड़ आए। वीरेंद्र बेताब ने कहा- मौत से पहले भी मर सकता हूं मैं, अपने वादे से मुकर सकता हूं मैं।

इस मौके पर पूर्व बसपा प्रत्याशी आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता हाफिज उस्मान अंसारी, पूर्व बसपा प्रत्याशी गौहर इकबाल, मौलाना अतिकुर्रहमान, मौलाना मौहम्मद अली, जितेन्द्र राणा, डॉ. फहीमुद्दीन अंसारी, मौलाना नईम अहमद, ओमपाल वालियान, विनय रत्न, जमील अहमद एड., महबूब सलमानी, नईम अहमद एड., रागीब सैफी, सलीम अंसारी, चेयरमैन मुअज्जम, इंजीनियर मौलाना तय्यब, पूर्व चेयरमैन शहजाद अहमद, नसीम सैफी आदि मौजूद थे। निजामत इरशाद धामपुरी ने की बाद में कन्वीनर हाफिज उस्मान ने बाहर से आये सभी मेहमानों व शायरों का शुक्रिया अदा किया।

### वक्फ की जमीन हड़पना चाहती है भाजपा सरकार : चंद्रशेखर

**राजा का ताजपुर।** होली, ईद उल फितर मिलन समारोह में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद न कहा कि केंद्र सरकार देश के दलित, मुसलमानों पर बदले की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। भाजपा की तानाशाही सरकार वक्फ बोर्ड बिल पेश कर मुसलमानों की वक्फ की जमीन हड़पना चाहती है। जैसे उद्योगपतियों के हाथों बेचना चाहती है। इस वक्फ बोर्ड बिल का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि इस वक्फ बोर्ड बिल के कानून बनने के बाद ईसाईयों व सिखों का नंबर है। इनकी जमीनों को भी सरकार हड़पना चाहती है। आज देश का दलित, मुसलमान डर के साये में जी रहा है। भाजपा सरकार ने हिन्दू, मुसलमानों के बीच नफरत फैला कर डर का माहौल पैदा करना चाहती है। देश में नौजवान किसान बैरोजगार घूम रहा है। मंहगाई चरम सीमा पर है। गरीब भुखमरी की कगार पर है। देश में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार में मुस्लिम नौजवानों के साथ मोबलिचिंग की घटनाएं हो रही है, जिनको टोपी कुर्ता देखकर निशाना बनाया जा रहा है। दलित, मुसलमानों को एकजुट होकर मुकाबला करना होगा। भाजपा सरकार का सबका साथ सबका विकास का नारा झूठा है। उन्होंने कहा कि नगीना लोकसभा के लोगों ने मुझ पर जो भरोसा जताया है। उनके इस भरोसे को टूटने नहीं दूंगा। उनके हर उस कमजोर व्यक्ति की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक उठाने का काम करूंगा। चाहे उसके लिए कोई भी कुर्बानी देनी पड़े, उसके लिए में हर वक्त तैयार हूं।

## एक नजर

### ठाकुरद्वारा का गौरीशंकर गिरफ्तार

**बिजनौर।** वादी ने 22 मार्च को थाना धामपुर में तहरीर दी थी कि अभियुक्त गौरीशंकर पुत्र विरम सिंह निवासी ग्राम किस्सेपुर, तहसील ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। साथ ही ब्लैकमेल कर कोर्टमैरीज कर ली। वादी ने इस कोर्टमैरीज को कैंसिल करा दिया और उनकी पुत्री घर पर आ गई। जिसके बाद वादी ने अपनी पुत्री का रिश्ता दूसरी जगह कर दिया। अभियुक्त ने फोन कर उनकी पुत्री को उठाकर ले जाने की धमकी देते हुए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की बात कही। साथ ही दो लाख रुपए मांगे। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने गौरीशंकर को गिरफ्तार कर उससे मोबाइल फोन व फोटों बराद कर लिए हैं।

### नींदड़ू का गुलजार अरेस्ट

**बिजनौर।** धामपुर पुलिस ने ग्राम नींदड़ू निवासी गुलजार पुत्र जुल्फकार अली उर्फ छुट्टन को जानलेवा हमला करने के मामले में तमंचे सहित गिरफ्तार किया है। एक अप्रैल को वादी ग्राम निवासी शाकिर अली पुत्र साजिद अली ने एक अप्रैल को धामपुर थाने में तहरीर दी थी कि गुलजार, इजहार, एहासान व जीशान पुत्रगण जुल्फकार अली उर्फ छुट्टन ने वादी व उसकी बहन कासमी के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट करते हुए गाली गलौच व जान से मारने की धमकी दी। अभियुक्त गुलजार के द्वारा तमंचे से फायरिंग की गई थी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने अभियुक्त गुलजार से तमंचा व कारतूस भी बरामद कर लिया है।

### चेयरपर्सन पति ने किया उद्घाटन

**अफजलगढ़।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप व पहलवान मेडिकल स्टोर के निकट मैक्स पॉलीक्लिनिक का चेयरपर्सन पति जावेद विकार, डॉ. अरुण कुमार गुप्ता व डॉ. राजीव कुमार चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया। नगर में हॉस्पिटल तथा पॉलीक्लिनिक में दिन-प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है। जिसके चलते नगर व क्षेत्रवासियों को तत्काल तथा अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है। मैक्स पॉलीक्लिनिक के उद्घाटन अवसर पर डॉ. अरुण कुमार गुप्ता एमबीबीएस बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि बच्चों में होने वाले निमोनिया, बुखार, खांसी, दस्त वजन व लम्बाई न बढ़ना, खून की कमी, भूख की कमी, पीलिया, सांस फूलना बार-बार पेशाब आना और बच्चों में होने वाली समस्त बीमारियों का इलाज आपके नजदीक मैक्स पॉलीक्लिनिक में किया जाएगा। नगर व ग्रामीण वासियों को अब कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा। डॉ. अरुण कुमार गुप्ता शिशु रोग विशेषज्ञ व डॉ. राजीव चौहान छाती रोग विशेषज्ञ तथा शीघ्र ही नेत्र रोग विशेषज्ञ भी मैक्स पॉलीक्लिनिक में उपलब्ध रहेंगे। इस मौके पर महेन्द्र सिंह यादव, मौहम्मद फैजान, शकील अहमद, शमीम अहमद, मास्टर जयपाल सिंह, मौहम्मद शाबान, एड. शान मौहम्मद, मौहम्मद साजिद, मौहम्मद उवैस, शमशाद हुसैन व मौहम्मद असगर आदि मौजूद रहे।

### मारुति की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कोतवाली देहात।** ग्राम गारबपुर निवासी अंकुल कुमार अपनी मोटर साइकिल से नगीना जा रहा था। जैसे ही वह बिजनौर मार्ग स्थित ईदगाह के पास आया, वैसे ही सामने से आ रही मारुति कार ने अंकुल की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर अंकुल गिर गया। ग्रामीणों ने अंकुल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात में भर्ती कराया। अंकुल कुमार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। अंकुल के पिता राकेश कुमार ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल

**शेरकोट।** क्षेत्र में एक हादसा हुआ, जहां दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। घटना उस वक्त हुई जब रामकुमारअपनी पत्नी हरकली और बेटे शक्ति के साथ बाइक से अफजलगढ़ की ओर जा रहे थे। वे गांव घोसियावाला के पास एक पेट्रोल पंप पर रुके थे, तभी दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर अशरफ और उनकी पत्नी सवार थे, जो अफजलगढ़ से धामपुर की ओर जा रहे थे। घायलों को राहगीरों ने निजी चिकित्सक के पास भेजा।

### चढ़त के दौरान विवाद में मारपीट

**शेरकोट।** एक बारात के दौरान विवाद में मारपीट की घटना सामने आई है। मोहल्ला नौंधना निवासी गोपाल की पुत्री की बारात नहटौर से आई थी, जब बारात की चढ़त हो रही थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष के कुछ युवक बारात में घुस गए और बारातियों के साथ अभद्रता करने लगे। इससे गुस्साए बारातियों ने एक युवक को पकड़कर जमकर पीटा, जिससे वह चोटिल हो गया। दो अन्य युवक भाग गए। घायल युवक फैसल को उसके परिजन थाने ले गए। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने जांच की बात कही है।

### ग्राम प्रधान ने घर में घुसकर पीटा

**धामपुर।** ग्राम प्रधान की दबंगई उस समय देखने को मिली जब गांव के ही एक व्यक्ति को उसके घर से खींच कर परिवार के आधा दर्जन लोगों ने लाठी डंडों से पीट-पीटकर घायल कर दिया। गंभीर हालत में पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही है। रामठेरा निवासी ओमप्रकाश सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि रविवार की सुवह अपने घर पर अकेले थे। गांव के ग्राम प्रधान आधा दर्जन लोगों के साथ गाली गलौज कर लाठी डंडे, तमंचा व धारदार हथियार लेकर उसके घर पहुंच गए। ओम प्रकाश सिंह घर पर अकेले थे। मौका देखकर आधा दर्जन लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर एक हाथ तोड़ दिया। पत्नी ने बचाने का प्रयास किया तो दबगों ने महिला के साथ भी मारपीट व कपड़े फाड़कर घायल कर दिया।

# अभिनव अग्रवाल सोशल मीडिया के स्टेट कोऑर्डिनेटर मनोनीत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय युवा कांग्रेस कमेटी (सोशल मीडिया) के नेशनल हैड मनु जैन ने स्थानीय निवासी अभिनव अग्रवाल एड. को कांग्रेस पार्टी के प्रति लगन, निष्ठा व संगठन के लिए पूर्व में किए गए अने. कों कार्यों को देखते हुए युवा कांग्रेस कमेटी पश्चिमी उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया का स्टेट कोऑर्डिनेटर (प्रदेश संयोजक) मनोनीत किया है।

भारी संख्या में उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने अभिनव अग्रवाल एड. को युवा कांग्रेस कमेटी पश्चिमी उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया का स्टेट कोऑर्डिनेटर (प्रदेश संयोजक) मनोनीत किए जाने पर बधाई दी। नव मनोनीत प्रदेश संयोजक अभिनव अग्रवाल एड. ने सभी का आभार व्यक्त किया।

बताते चलें अभिनव अग्रवाल एड. वर्ष 2009 से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं तथा कांग्रेस पार्टी में विभिन्न पदों पर विराजमान रहे हैं। उनकी नियुक्ति को उनकी मेहनत का इनाम बताया जा रहा है। उनकी नियुक्ति से कांग्रेस पार्टी की गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# विद्युत चिंगारी से दो एकड़ गेहूं की फसल जल कर राख

## ग्रामीणों में तीव्र रोष व्याप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम किरतपुर में हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से दो किसानों का लगभग दो एकड़ गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। जिससे किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। आसपास के किसानों ने सूझबूझ से काम लेकर आग पर काबू पाया। नहीं तो अन्य खेतों में भी आग लग सकती थी। आग लगने की सूचना विद्युत विभाग व राजस्व विभाग को दी गई। लेकिन मौके पर कोई अधिकारी न पहुंचने पर ग्रामीणों में तीव्र रोष व्याप्त है।

ग्राम फतेहपुर धारा निवासी सुलखान सिंह व भोपाल सिंह के खेतों के ऊपर 11000 की लाइन गुजर रही है। आज दोपहर लाइन से निकली चिंगारी से इनके खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। जब तक आग की खबर उक्त किसानों को पहुंची आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया था। लेकिन आस-पास के किसानों ने सूझबूझ से काम लेकर ट्रेक्टर व हेरो से दूसरे खेतों की मिट्टी पलट दी और आग को आगे नहीं बढ़ने दिया। लेकिन इसके बावजूद भी किसानों की दो एकड़ गेहूं की फसल जल कर राख हो गई और किसानों का लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

गौरतलब है कि गर्मी का मौसम आते ही मकान, दुकान, गन्ना, गेहूं आदि फसलें आग लगने के कारण हर वर्ष लाखों रुपए का नुकसान होता है। लेकिन क्षेत्र में अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। क्षेत्र में धामपुर काशीपुर अग्निशमन सेवा है। जो सूचना के बाद जब तक यहां पहुंचती है। जब तक सब राख में तब्दील हो जाता है।

# 'स्व जागरूकता व तनाव प्रबंधन' विषय पर कार्यशाला

## तनाव कम करने के लिए डिजिटल मीडिया का सही लाभ लेने की दी जानकारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज बिजनौर में 'स्व जागरूकता एवं तनाव प्रबंधन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मनीष अरोरा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती डॉ. पूनम रानी, राहुल अरोरा एवं संस्था प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। संस्था के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने अतिथियों का परिचय देते हुए जीवन में तनाव को दूर करने में 'स्व जागरूकता एवं तनाव प्रबंधन' पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता मनीष अरोरा ने अपने व्याख्यान में बताया कि अपना तनाव कैसे कम करे, अपने अंदर आने वाली नकारात्मक सोच को किस प्रकार समाप्त किया जा सकता है। छात्र-छात्राओं को पुल और पुश की नीति का प्रयोग कर के सफलता की तरफ कैसे लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तनाव कम करने के लिए डिजिटल मीडिया का सही लाभ कैसे लिया जा सकता है। रिएक्ट एवं रेस्पॉन्स में अंतर स्पष्ट करते हुए बताया कि कब और कहा रियेक्ट करना है कब और कहा रेस्पॉन्स देना है। यह भी बताया कि छात्र-छात्राओं का व्यक्तित्व निर्माण किस प्रकार से किया जा सकता है। राहुल अरोरा ने अंतर व्यक्तित्त्व विकास, संचार सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा विभिन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर संस्था सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुंवर उदयन वीरा, कुंवरानी रूचि वीरा, सांसद मुरादाबाद पूर्व विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वीरा चैरिटेबल सोसायटी सदस्य एवं सचिव रेडियो सन्देश बिजनौर स्वाति वीरा ने कार्यक्रम के सफलतम आयोजन की सराहना करते हुए प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों अभिषेक भारद्वाज, प्रीतम सैनी, राजकुमार, एकता त्यागी, मीनू सिंह, अमित गौड़, प्रिया शर्मा, विनीता, आदिल खान, हर्षित, विनीता, मोनिका, रवि रहतोलिया, रविंद्र, काशिफ खान, फाल्गुनी शर्मा, देवकी रावत पूजा लाम्बा, अवनीश, कुलदीप, काजल, सिमरन, शिवानी, मनीषा आदि को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शबनम कुरैशी द्वारा किया गया।

# राम नवमी पर धूमधाम से निकाली भव्य शोभायात्रा





## शोभायात्रा में शामिल सुन्दर-सुन्दर झांकियां रही आकर्षण का केन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** श्री राम नवमी के शुभ अवसर पर धूलिया महादेव मंदिर से धूमधाम से नगर में शोभायात्रा निकाली गई।

आज दोपहर करीब एक बजे धूलिया मंदिर से सुन्दर-सुन्दर झांकियों के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। सबसे आगे गणेश, सरस्वती, महादेव, पार्वती, विष्णु, लक्ष्मी, रथ पर राम दरबार, शेरावाली माता आदि की झांकियां मन को मोहने वाली थी। धूलिया महादेव संस्थान के जितेंद्र कुमार मारवाड़ी, सुधीर सैनी, राजकुमार राजू, शिवम राजपूत, शिवम वर्मा, ललित कुमार, चरण सिंह सैनी, चंद्रपाल सिंह सैनी, अमित कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र पाल सिंह चौहान पुलिस बल के साथ शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में रहे।

# हुसैन अहमद अंसारी कांग्रेस पार्टी के वफादार नेता थे : नासिर चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला चौधरियान कुरी हाउस निवासी कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक के प्रदेश महासचिव नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने शेरकोट निवासी हुसैन अहमद अंसारी के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेता आज हमारे बीच नहीं रहे।

नासिर चौधरी ने बताया कि हुसैन अहमद अंसारी ने चार बार कांग्रेस पार्टी की ओर से विधानसभा का चुनाव लड़ा है, जिन्होंने हमेशा पिछड़ा वर्ग के लोगों का सहारा बनते हुए अपने विचार उन लोगों तक पहुंचाए। हुसैन अहमद अंसारी हमेशा कांग्रेस की नीतियों पर चलते हुए कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते थे। हुसैन अहमद अंसारी पश्चिम उत्तर प्रदेश में अपनी बहुत महत्वपूर्ण पहचान कांग्रेस पार्टी में रखते थे। हुसैन अहमद अंसारी की अंतिम यात्रा के दौरान भी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके जनाजे पर कांग्रेस के झंडे को रखा। हुसैन अहमद अंसारी सभी क्षेत्र वासियों एवं कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के लिए अपनी एक बेहतरीन मिसाल छोड़ गए कि वह बहुत ही नेक दिल इंसान थे और उन्होंने हमेशा गरीब, मजलूम व बेसहारा का सहारा बनकर कांग्रेस की नीतियों पर कार्य करते रहे हैं।

आज इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी से जुड़े सभी लोग हुसैन अहमद अंसारी के परिवार के साथ खड़े हुए हैं।

# दूल्हा, उसके पिता और बारात को बंधक बनाकर पीटा

## जूता चुराई में मांग रहे थे 50 हजार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** देहरादून के चकरौता निवासी मौहम्मद साबिर की बारात बिजनौर के ग्राम गढ़मलपुर आई थी। जूता चुराने की रस्म के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

देहरादून के चकरौता से गढ़मलपुर आई बारात में उस समय हंगामा मच गया, जब जूता चुराई को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। दुल्हन पक्ष ने दूल्हे, उसके पिता और उसके परिजनों को बंधक बनाकर जमकर पीटा।

देहरादून के चकरौता निवासी निसार अहमद के पुत्र मौहम्मद साबिर की शादी बिजनौर जिले के गांव गढ़मलपुर निवासी खुर्शीद की लड़की से तय हुई थी। शनिवार को देहरादून से बारात आने के बाद निकाह हो गया। शादी की रस्में चल रही थीं। बताया गया कि जूता चुराने की रस्म के दौरान लड़की पक्ष ने 50 हजार रुपये की मांग की। लड़के पक्ष ने इतनी रकम देने से इन्कार किया। लड़का पक्ष पांच हजार रुपये देने पर राजी हुआ। पैसे को लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए।

आरोप है कि दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे, उसके पिता और अन्य परिजनों को बंधक बना कर जमकर पीटा। इसके चलते विदाई की रस्म टल गई और मामला थाने तक पहुंच गया।

दुल्हन पक्ष ने दूल्हे पक्ष पर जूता चुराई को लेकर अपशब्दों का प्रयोग करने और उन्हें कमरे में बंद कर पीटने का आरोप लगाया। उधर दुल्हन पक्ष का आरोप था कि दहेज को लेकर दूल्हा पक्ष उन पर दबाव बना रहा था। दो लाख रुपये का चेक भी उन्होंने लिखा होने की पुलिस को जानकारी दी। सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पति की हत्या में पत्नी गिरफ्तार

## हार्ट अटैक नहीं गला घोट कर मारा था



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुछ दिनों पहले बिजनौर में एक रेलकर्मी की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया था। पति की मौत को हार्ट अटैक बताने वाली पत्नी की गिरफ्तारी हुई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला घोटने से मौत का कारण स्पष्ट हुआ। दीपक और शिवानी का डेढ़ साल पहले विवाह हुआ था और उनकी एक छह माह की बेटी है।

पुलिस ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। जिस रेलकर्मी शख्स की मौत का कारण पत्नी ने हार्ट अटैक बताई थी, उस मामले में मिली पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने सभी को चौंका दिया। पुलिस के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पति की मौत का कारण गला घोटना बताया गया है। बिजनौर जिले में पुलिस ने पति की हत्या के आरोप में पत्नी को गिरफ्तार किया। ये सनसनीखेज मामला बिजनौर के नजीबाबाद इलाके में देखने को मिला। बिजनौर के हल्दौर क्षेत्र के रहने वाले लगभग 30 वर्षीय दीपक कुमार रेलवे में टेक्नीशियन हैं। वह नजीबाबाद में तैनात थे और वहीं मौहल्ला आदर्श नगर में रह रहे थे। बीते चार अप्रैल को उनकी अपने घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। दीपक के भाई मुकुल उर्फ पीयूष कुमार ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनके भाई की हत्या की गई है। उन्होंने दीपक की हत्या का शक दीपक की पत्नी शिवानी और किसी अज्ञात पर लगाया था। रविवार को एसपी सिटी बिजनौर सुनील कुमार वाजपेई ने भी दीपक की मौत का कारण गला घोटने से होने की पुष्टि की है। मृतक के एक छह माह का बच्चा भी है।

मुकुल ने तहरीर में बताया कि उनकी भाभी ने चार अप्रैल की दोपहर को उन्हें सूचना दी थी कि उनका भाई बेहोश होकर गिर गया है। हार्ट अटैक हुआ है। मुकुल के मुता. बिक, जब हल्दौर से वह नजीबाबाद पहुंचे, तो उनके भाई की मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि उनके भाई की हत्या की गई है। हत्या अकेले पत्नी ने नहीं, बल्कि कोई और भी इसमें शामिल है।

मामले की जांच में पता चला कि दीपक और शिवानी ने करीब डेढ़ वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों से छह महीने की एक बेटी भी है। पुलिस हत्या के पीछे की वजह जानने के लिए मामले की जांच की जा रही है।

# रामलीला मैदान में जगमगाए एक लाख एक हजार दीप

## रामनवमी पर बिजनौर में अनूठी पहल, भक्तिमय माहौल में झूमे श्रद्धालु







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रामलीला मैदान में एक लाख एक हजार दीप प्रज्ज्वलित किए गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार रामनवमी का पर्व अद्भुत भक्तिमय माहौल में मनाया गया। रामलीला सेवा समिति और भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक अनूठी पहल करते हुए रामलीला मैदान में एक लाख एक हजार दीप प्रज्ज्वलित किए। सुबह से ही शहर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और कन्या भोज का आयोजन किया।

शाम को रामलीला मैदान में आयोजित विशेष कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक, भाजपा नेता और रामलीला समिति के सदस्य शामिल हुए। दीपों की रोशनी से रामलीला मैदान का दृश्य अत्यंत मनमोहक बन गया।

सैकड़ों श्रद्धालुओं ने डीजे की धुन पर नृत्य कर अपनी खुशी का इजहार किया। दीपों की रोशनी से जगमगाता मैदान आकर्षण का केंद्र बना रहा।

# रामनवमी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़, श्रद्धालुओं ने की पूजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रामनवमी के पावन अवसर पर बिजनौर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।

झालू रोड स्थित काली देवी मंदिर और चामुंडा धाम मंदिर में भक्तों ने पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने परिवार की खुशहाली और बच्चों की लंबी आयु की प्रार्थना की।

चामुंडा पवन धाम मंदिर का इतिहास करीब 200-250 वर्ष पुराना है। स्थानीय निवासी पंडित रमाकांत और नवीन अग्रवाल के अनुसार, यह मंदिर श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी करने के लिए प्रसिद्ध है।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र इसराईल मेरे कहने में नहीं है। वह और उसकी पत्नी हलीमा मेरे साथ गाली-गलौच व झगड़ा करते है। मेरी उम्र व रिश्ते का कोई लिहाज नहीं करते है। अपने पुत्र इसराईल व उसकी पत्नी हलीमा के आचरण व व्यवहार से व्यथित होकर मैंने इन दोनों से पूरी तरह से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद कर लिया है और अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। **-इब्राहीम पुत्र अ. अजीज, ग्राम रावलहेड़ी खजूरी, थाना नगीना (बिजनौर)**

# सांसद चंद्रशेखर ने बांटा दुख

## मृत्यु को प्राप्त होने वाले लोगों के परिजनों के बीच पहुंच दी शोक संवेदना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने नगीना निवासी आधा दर्जन लोगों के घर पहुंच कर अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए परिजनों के साथ मिलकर दुख साझा किया। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि जिन परिवारों ने अपनों को खोया है उस कमी को तो पूरी नहीं की जा सकती मगर उनके दुख में शरीक होकर दुख को जरूर बांटा जा सकता है।

सांसद चंद्रशेखर दिल्ली में संसद सत्र समाप्त होने के बाद नगीना लोकसभा क्षेत्र के नगीना में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने नगीना के मोहल्ला खुर्रम अली सराय निवासी सहेजी अनवर पुत्र अब्दुल रशीद, सलीम पुत्र रशीद मोहल्ला लाल सराय के घर पहुंच कर परिजनों को संवेदना प्रकट की। हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार के प्रयागराज में मृत्यु उपरांत उनके घर पहुंच कर परिजनों से हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया। सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने बताया कि इसके अलावा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने नगीना में कई और परिवारों के बीच पहुंचकर उनके हर दुख-सुख दुख में शामिल होने का भरोसा दिलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चालक ने दिखाई इंसानियत

## सड़क पर तड़प रहे घायल को अस्पताल में कराया भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** इंसानियत अभी जिन्दा है। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल होकर सड़क पर तड़प रहे एक व्यक्ति को ई रिक्शा चालक ने लेजाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बढ़ापुर निवासी मनोज कुमार पुत्र रमेश सिंह जो अपनी पत्नी रिंकी के साथ नगर के मौहल्ला चिरंजीलाल स्थित एक किराये के मकान में रहता है। रविवार की सुबह दम्पति को बिजनौर किसी रिश्तेदार की तेरहवीं में जाना था। मनोज कुमार भूतपुरी से बाइक लेकर वापस अपनी पत्नी को लेने नगर के बस स्टैंड आ रहा रहा था। जैसे ही वह धामपुर मार्ग पर मरियम मार्बल्स के समीप पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वह सड़क पर पड़ा काफी समय तक तड़पता रहा। आने जाने वाले राहगीर लोग तमाशा देखते रहे, परंतु किसी ने भी मदद के लिए हाथ नहीं बढ़ाया। तभी आलमपुर की ओर से आ रहा रहे ई रिक्शा चालक अंकित कुमार निवासी आलमपुर गांवड़ी ने इंसा. नियत का परिचय देते हुए घायल को अपनी ई रिक्शा में बैठा कर सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सों द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया।

# शिव मंदिर में धूमधाम से मनाई रामनवमी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बड़ा शिव मंदिर में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई।

### मूर्तियों को स्नान करा कर किया श्रृंगार

इस अवसर पर राम दरबार की मूर्तियां और मंदिर के सभी मूर्तियों को पांच स्नान गंगाजल, दूध, दही, घी व शहद से स्नान करा कर श्रृंगार किया गया। उसके बाद राम दरबार की आरती कर प्रसाद विपरीत किया गया। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। बृजमोहन गुप्ता द्वारा सभी को रामनवमी की एवं राम जन्मदिन की बधाई दी गई। कार्यक्रम में बृजमोहन गुप्ता, शरद गुप्ता, राकेश जैन, नीरज रस्तौगी, पंडित शुभम शास्त्री, सीमा शर्मा, राधा गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, राशि गुप्ता, पिंकी जैन, चंचल रस्तौगी, गौरी वर्मा, तन्मय रस्तौगी, रचना गुप्ता, निधि गुप्ता, अनीता शर्मा आदि शामिल रहीं।

# मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना

## शांति, खुशहाली व समृद्धि की कामना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में चैत्र नवरात्र के अंतर्गत चल रहे वस्त्र आभूषण सुसज्जित कार्यक्रम एवं श्रद्धा समर्पण समारोह में आज सामूहिक रूप में अनेक श्रद्धालु परिवारों ने सहभागिता की। इस दौरान श्रद्धालु परिवारों ने माता रानी के नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना करते हुए सभी सनातन परिवारों में शांति, खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की कामना की।

मंत्र एवं श्लोक के बीच सिंह पर सवार माता रानी की मूर्ति को प्रतीकात्मक स्नान कराया और वस्त्र आभूषणों से सुसज्जित करते हुए आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित सामूहिक भजन उच्चारण कार्यक्रम में विनोद बाला, ठाकुर सरोज देवी, प्रीति रानी, पुष्पा अग्रवाल, सुमित्रा देवी, स्नेह लता गोयल, नीरू शर्मा, शिक्षा शर्मा, मंजू वर्मा, सोनाली ठाकुर, सोनी ठाकुर, परी ठाकुर, कनिष्का ठाकुर, प्रीति ठाकुर, मालती देवी, अदिति शर्मा, निराली शर्मा, अकुल शर्मा आदि ने विभिन्न भजनों की प्रभावी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम स्थल को जगदंबिका मय बना दिया।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण से किया गया।

# उपभोक्ता विद्युत बिलों का समय से करें भुगतान : विनोद कुमार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** धामपुर विद्युत उपखण्ड द्वितीय का कार्यभार जबसे अधिशासी अभियंता विनोद कुमार ने संभाला है तब से बिजली में काफी सुधार हुआ है।

आपको बताते चले की विनोद कुमार गंगवार एक नेक दिल व कुशल व्यवहार के व्यक्ति है। अभी उन्हें चार्ज संभाले हुए लगभग कुछ ही महीने हुए है, मगर अपने कुशल व्यवहार और अपने अच्छे कार्य करने से विद्युत उपभोक्ताओं के दिलों में बहुत जल्द जगह बना ली है।

उन्होंने अपने कार्यालय के सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिये है कि अगर कोई भी उपभोक्ता अपनी विद्युत से संबंधित समस्या लेकर आता है तो उनकी समस्या विन्रमता पूर्वक सुने ओर उनके प्रार्थना पत्र पर तुरन्त संज्ञान लेते हुए जो भी उनकी जायज समस्या है उसको जल्द से जल्द सही करके समाधान किया जाय। विनोद कुमार गंगवार ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि कोई भी उपभोक्ता बिजली चोरी ना करे अगर कोई विद्युत चोरी करते पकड़ा पाया गया तो उस पर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। सभी उपभोक्ता अपने घर का बिल समय से जमा कर जिम्मेदार नागरिक बने।

# नवमी पर घर-घर हुआ कन्या पूजन का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** चैत्र नवरात्रि के नवमी के अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर कन्या पूजन का आयोजन किया गया। प्रात: से ही मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद कन्याओं को भोग लगाकर नवरात्रि का पर्व संपन्न कराया गया। इस दौरान कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया गया।

नवरात्रि के अवसर पर 9 दिन तक माता रानी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्रि के अंतिम दिन कन्याओं को भोग लगाकर आशीर्वाद लिया जाता है। मंदिरों मे प्रात काल से ही श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ लग रही थी। नवमी के दिन कन्याओं के पूजन का विशेष महत्व रहता है। इसलिए नवमी के दिन कन्याओं को भोग लगाकर उपहार भी भेंट किया जाता है।

टीचर्स कॉलोनी स्थित देव मंदिर के पुजारी रविकांत वशिष्ठ के अनुसार कन्या पूजन से सभी इच्छाएं पूरी होती है। घर में सुख समृद्धि का वास होता है। भक्तों के द्वारा अपनी सामर्थ्य अनुसार उपहार भी भेंट किए जाते हैं।

# गुलदार का बिसरा जांच के लिए भेजा

**नहटौर।** ग्राम गिलाड़ी व ढकौली के जंगल में गेंहू के खेत में मृत अवस्था में मिले नर गुलदार के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। गुलदार के पेट में सूकर के बाल मिले है। वह पीलिया बीमारी से ग्रस्त था। बिसरा जांच के लिए बरेली भेजा गया है।

गौरतलब है कि शनिवार को ग्राम गिलाड़ी व ढ़कौली के बीच जंगल में ग्राम ढकौली निवासी मुन्नू सिंह के गेंहू के खेत में एक गुलदार पड़ा हुआ दिखाई दिया था। गुलदार को देखने के लिए भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। वन विभाग की टीम के साथ पशु चिकित्सा अधिकारी अनुराग चौधरी भी मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान गुलदार की मौत हो गई। वन विभाग की टीम को गुलदार मृत अवस्था में मिला। वन रेंजर गोविंद राम गंगवार के मुताबिक नर गुलदार का पोस्टमार्टम कराया गया है। उसके पेट में सूकर के बाल मिले है। गुलदार पीलिया रोग से ग्रस्त था। शरीर पर चोट के निशान मिले है। जो आपसी संघर्ष के प्रतीत हो रहे है। बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए बरेली भेजा गया है। गुलदार की मौत की असल वजह का पता बिसरा रिपोर्ट आने पर लगेगा।

# बालाजी मंदिर में रामनवमी व माता की चौकी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर मुख्य बाजार में रामनवमी और मां दुर्गा जी की चौकी का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत डॉ. अमित गिरि ने यजमान सुधीर अग्रवाल के द्वारा भगवान श्री रामचंद्र का स्नान करा कर सुंदर वस्त्र आभूषण पहनाए गए आरती कराकर महंत आदित्य गिरि ने प्रसाद वितरण किया।

मां शेरावाली की चौकी के मुख्य यजमान राजवंत सिंह पत्नी दीपमाला, दीपाली, दीपवंत के द्वारा गोरी, गणेश, कलश नवग्रह पूजन महंत डॉक्टर अमित गिरी ने विधिवत करा कर प्रारंभ की गई। मंदिर की पुजारी पूनम गिरी, समता जोशी, संध्या चौधरी, दीपाली, संगीता जोशी, रुक्मेश, सुधा, रेखाकात्यायन, आशा देवी माता के भजनों से मंदिर का माहौल भक्तिमय कर दिया।

इस अवसर पर लक्ष्मी सैनी, स्नेहा गिरी, नीलम, नूतन, हेमलता, प्रदीप कुमार नीलू, नीलम, हेमलता, संगीता, तनु रूद्र, पार्थ, पंकज कुमार, गोपाल सैनी, संगीता, रूपांशी, पुनिका, दीपिका और अन्य महिला भक्त मंदिर में उपस्थित रहे। बाद में मंदिर के महंत ने मां शेरावाली की आरती कराई और सभी ने हलवे, चने, फलों का तथा पंचमेवा का प्रसाद वितरण किया गया।

## एक नजर

### हादसे में महिला घायल

**शेरकोट।** एक दुर्घटना में एक महिला को छोटे हाथी द्वारा टक्कर मार दिए जाने से गंभीर चोटें आईं। यह घटना तब हुई जब महिला अपने पति आफताब के साथ बाइक से धामपुर की ओर जा रही थी। जब वे हाईवे पर मुबारकपुर कुंडे के पास पहुंचे, तो पीछे से आ रहे एक छोटे हाथी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे महिला रुकसाना गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया और पुलिस ने आरोपी छोटे हाथी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### तमंचे के साथ नितिन व सोनू गिरफ्तार



**हीमपुर दीपा।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के नितिन पुत्र अर्जुन सिंह व सोनू कुमार पुत्र पप्पू सिंह निवासीगण ग्राम सब्दलपुर को एक अदद अवैध देशी तमंचे व दो अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उनका चालान कर दिया है।

# भाजपा सरकार का मुसलमानों के खिलाफ कानून बनाना दोहरा चरित्र : धीरेन्द्र प्रताप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** भाजपा सरकार मीठी चुपड़ी बातें कर मुसलमानों का वोट हासिल करती है। उनका वोट हासिल कर सत्ता हासिल करती है। सत्ता में आने के पश्चात मुसलमानों के खिलाफ कार्य करते है। जबकि कांग्रेस सरकार वर्षों तक सत्ता पर काबिज रही। कभी हिन्दू, मुस्लिम नहीं की।

भाजपा ने चंद साल सत्ता में रहने पर देश में बद से बदतर हालात पैदा कर दिए है। आज देश बुरे हालात से गुजर रहा है। यह नहीं की भाजपा मुसलमानों के खिलाफ काम कर रही हैं। आज का हिन्दू भी खुश नहीं है। भाजपा की इस राजनीति में आज हिन्दू मुसलमानों के एरियों में जाने से कतरा रहा है और मुसलमान हिंदुओं के एरियों में जाने से कतरा रहे हैं। लोगों में भय का माहौल भाजपा सरकार ने बना दिया है। वहीं कांग्रेस वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तराखंड एवं वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि भाजपा की नीतियों से ऐसा प्रतीत होता है कि भजपा मुसलमानों को देश से निकालने पर विचार कर रही है। अगर भाजपा में हिम्मत है, तो देश में रह रहे 75 करोड़ मुसलमानों को भारत से निकाल दे। उन्होंने आगे कहा भारत में आजादी और आजादी से पहले भी और आजादी के बाद भी हमेशा यह नारा रहा है भारत मां के चार सिपाही हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई आपस में भाई-भाई। जब तक यह भाईचारा बना रहेगा तभी तक इस देश की एकता है। तभी तक इस देश का दुनिया की नजरों में सम्मान हैं। जिस तरह लगातार मुसलमानों के खिलाफ बिल लाए जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करना पड़ेगा कि जिस तरह से आज वक्फ कानून लाया गया है। यह मुसलमानों के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप है। जिसकी किसी को भी इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट को भी संज्ञान लेना चाहिए। किसी के मजहब से भारतीय जनता पार्टी को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे हिंदू हो, चाहे मुसलमान हो, चाहे सिख हो और चाहे इसाई हो किसी भी धर्म का दरुपयोग की सरकार को इजाजत नहीं है। सरकार के अलावा किसी भी व्यक्ति विशेष को धर्म का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। धर्म हिन्दू हो या मुस्लिम या सिख या ईसाई सभी धर्म सच्चाई और अच्छाई का रास्ता बताते है। वहीं कांग्रेस सांसदों और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ-साथ हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में वक्फ कानून में संशोधन का कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का मतलब मुसलमानों के वोट लेने का मकसद से उनकी हिमायत की जा रही हैं। कानून में हर धर्म का अधिकार है। सब लोग जानते हैं कि मुसलमान हो या हिंदू भाई हो या सिख हो या ईसाई ही हो वह भारत की रीढ है और अगर रीढ से छेड़छाड़ की जाएगी, तो इस देश को लकवा मार सकता है। इसीलिए अच्छा यह है कि हम बड़ा दिल करें और जिस तरह से मैच में अजहरुद्दीन और सुनील गावस्कर मिलकर भारत का खाता खोलते थे और देश को आगे बढ़ाते थे और जिस तरह से मौहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने मिलकर इस देश को अपने गानों से सब्जबाग किया, जिस तरह से फिल्म लाइन में एक्टर दिलीप कुमार ने और राजेश खन्ना ने इस देश की फिल्मों को नया रंग दिया। उन्होंने अदाकारी के नए प्रतिमान स्थापित किये और जिस तरह से भारत के महान वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम जो भारत के राष्ट्रपति बने और उन्होंने डॉ. होमी जहांगीर भाभा ने जिस तरह से देश को विज्ञान में अंतरिक्ष तक पहुंचाया। आज इसी तरह के लोगों की देश को जरूरत है और उन्होंने कहा कि भाजपा को अपनी नीति पर विचार करना चाहिए और खास तौर पर भाजपा की जो ऑक्सीजन है जहां से उसको प्राण शक्ति मिलती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग जो नागपुर में बैठे हैं। उनको भी सोचना चाहिए। देश के माहौल को समझना चाहिए। उनको यह देखना पड़ेगा। कि अगर 75 करोड़ मुसलमान के दिलों को चोट पहुंचाकर इस देश की आत्मा को शांति नहीं पहुंचाई जा सकती। इस हालात में देश में अमन-चैन कायम नहीं रखा जा सकता। अगर भारतीय जनता पार्टी की यहीं नीति रही, तो इस तरह भाईचारा भी कायम नहीं रखा जा सकता हैं।

# कंपोजिट विद्यालय में वार्षिक कार्यक्रम

## शत-प्रतिशत उपस्थिति पर समरीन सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील के ग्राम रसूलपुर नगला स्थित कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर नगला में खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरव चौहान (जिला संयुक्त मंत्री बिजनौर) सम्मानित ग्राम प्रधान मौहबबत शाह, एसएमसी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रतिनिधित्व जुबैर पठान तथा रिमेश ने मौके पर सम्मानित अध्यापकगण व बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने बाले बच्चों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। सम्मानित किए जाने वाले बच्चों में समरीन, सानिया, कशिश, छात्रा प्रियांशी, निधि, दींपाशू, फारिया, सोफियान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कंपोजिट स्कूल रसूलपुर नंगला रहे। इस अवसर पर कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर नगला का समस्त स्टाफ द्वारा सराहनीय सहयोग रहा। समरीन द्वारा विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति होने पर प्रधानाध्यापक राज. ेश कुमार को ग्राम प्रधान मोहब्बत शाह द्वारा घड़ी देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु उपस्थित सम्मानित मंचासीन नितिन यादव (प्रधानाचार्य जवाहर इंटर कॉलेज रसूलपुर नगला) के द्वारा बच्चों कों शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। कंपोजिट विद्यालय स्कूल रसूलपुर नगला के वार्षिक कार्यक्रम में मौ. जाहिद, अलका, स्वाति, भावना, हुमा अफजाल, मनीषा (प्राथमिक विद्यालय कौशल्या), ब्रह्मपाल, विमल (शिक्षक संकुल), अरूण, नितिन कश्यप व सीनियर शिक्षक रिजवान अख्तर एनपीआरसी कराल, खेमपाल, राजकुमार, नितिन, अतुल, मंगल, मनोज आदि ने सभी सम्मानित मंचासीन अतिथियों का रसूलपुर नगंला के समस्त स्टाफ का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह जानकारी सीनियर शिक्षक रिजवान एन पी आर सी (कराल )अख्तर ने दी।

# गाली-गलौच का विरोध करने पर पीटा

**नहटौर।** गांव बैरमाबाद गढ़ी में शादी समारोह में शामिल होने आई एक महिला के द्वारा गाली-गलौच का विरोध करने पर महिला व उसके मूमेरे भाई के साथ कई लोगों ने मारपीट की।

अफजलगढ क्षेत्र के गांव दल्लीवाला निवासी ममता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रविवार को वह अपने मामा के यहा बैरमाबाद गढ़ी में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आई थी। आरोप है कि गांव बैरमाबाद गढ़ी का एक युवक महिलाओं के बीच आकर गाली-गलौच करने लगा। मेरे मूमेरे भाई राजकुमार के मना करने पर उसे भी गाली-गलौच करने लगा। मेरे द्वारा गाली-गलौच देने का विरोध किया गया तो आरोपी युवक ने अपने साथियो को बुला लिया। मेरे व मूमेरे भाई के साथ आरोपियों ने लात घूसों व डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान उसका सोने का पैंडल व एक कुंडल भी गायब हो गया। मारपीट होने के दौरान हड़कंप मच गया। आरोपी धमकी देते हुए चले गए। कोतवाल धीरज सिंह सोलंकी का कहना है कि जांच की जा रही है।

**मुख्य गेट के सामने मार्बल से उकेरे गए श्रीमदभागत गीता के श्लोक को डीएम-एसपी ने सराहा**

# संविधान व कानून की रक्षा के संदेश के साथ सत्यव्रत पुलिस चौकी शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कानून और संविधान का पालन कराने व धर्म की रक्षा का संदेश देने वाले श्रीमदभागवत गीता के श्लोक संग लगाये गए चित्र के साथ सत्यव्रत पुलिस चौकी का विधि-विधान पूजन अर्चन के साथ शुभारम्भ हो गया। डीएम और एसपी ने इसका उदघाटन करते हुए महत्वपूर्ण पंसग की चित्रकारी को सराहा।

शाही जामा मस्जिद के निकट बनी सत्यव्रत पुलिस चौकी का रविवार को रामनवमी पर विधि-विधान से जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विशनोई ने उदघाटना किया। संविधान और कानून की रक्षा के लिए बनी पुलिस चौकी के मुख्य द्वारा से प्रवेश करते ही सामने सबसे पहले मार्बल से चित्रकारी की गयी है। जिस पर श्रीमदभागवत गीता के सुप्रसिद्व श्लोक अंकित किया गया। संविधान की मूल प्रति से लिया गया यह चित्र कर्तव्यनिष्ठ लोगों की रक्षा और मौलिक अधिकारों की रक्षा को दर्शाता है। चित्र को देखकर उदघाटन करने पहुंचे जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेंसिया व पुलिस अध ीक्षक के के विशनोई ने जमकर सराहा और मंत्रोच्चारण संग पुलिस चौकी का विधिवत पूजन किया। जबकि छोटी बच्ची गुगुन ने फीता काटकर इसका शुभारम्भ किया। कर उदघाटन किया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी डा. वंदना मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक अनुज चौधरी और पुलिस उपाधीक्षक असमोली आदि मौजूद रहे। इसके बाद डीएम एसपी ने नवीन तहसील परिसर मेंनवनिर्मित मंदिर में जाकर पूजा अर्चन की और आरती में भाग लिया। इस दौरान तहसीलदार रवि सोनकर आदि मौजूद रहे।

## सत्यव्रत चौकी पर स्थापित होगा पुलिस कंट्रोल रूम

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नवनिर्मित सत्यव्रत पुलिस चौकी पर जनपद पुलिस का कम्यूनिकेशन कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। पुलिस द्वारा जाी प्रेस नोट के अनुसार नवीन सत्यव्रत पुलिस चौकी पर जनपद के पुलिस का कम्यूनिकेशन हींडसेट के माध्यम से संचालित किया जायो। इसके लिए सभी व्यवस्थाओं को किया गया है। पुलिस अधीक्षक के कि विशनोई ने बताया कि पुलिस चौक के निर्माण का कार्य सौन दिन में पूरा किया गया है।

# बढ़ती गर्मी के साथ मच्छर कर रहे नींद हराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है वैसे ही नगर वासी बच्चो के आतंक को झेलने के लिए मजबूर है जबकि नगर पालिका की ओर से अभी फॉगिंग का दूर-दूर तक अता-पता नहीं है,जबकि जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फागिंग कराए जाने की।

**O बंद पड़े नाले व नालियों से मच्छरों की पैदावार में हो रही वृद्धि**

मौसम में आए भारी परिर्वतन से नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित हो गया है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर वासी मच्छरो के आतंक से बचने के लिए भारी पैसा खर्च कर गुडनाईट की स्लाईड, कछुआ छाप, मोरटीन सहित हजारो तरह की मच्छर मार दवाईयो का इस्तेमाल कर रहे है। जिसके कारण ऐसे उत्पादन बनाने वालो की चॉदी कटने लगी है साथ ही इन उत्पादों की मांग भी एकदम से बढ़ने लगी है। नगर वासियो की महंगाई के इस दौर में अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है वहीं इन दवाईयो का मच्छरो पर लगभग कम ही असर या यूँ कहें कि अर्द्ध रात्री के बाद मच्छरो का आतंक फिर से शुरू हो जाता है। जिससे नगर वासी परेशानी में सो नही पा रहे है सुबह में नींद पूरी न होने कारण के चलते सर में दर्द की शिकायत आम होती जा रही है, लेकिन नगर पालिका परिषद की और से एंटी लार्वा का कोठ छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। जिससे मच्छरों की फौज का आतंक बढ़ता जा रहा है।



सम्भल। शाही जामा मस्जिद के सामने सत्यव्रत पुलिस चौकी के उद्घाटन पर हवन में आहूतियां देते डीएम व एसपी।

**खेतों में बनाई जा रही है कलोनियां, नहीं होता ले आउट पास**

# तहसील क्षेत्र में कोलोनाइज़रों की आई बाढ़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जगह-जगह बन रही कॉलोनियां में प्लाटों को कोलोनाइजर तरह-तरह के सब्ज़ बाग दिखाकर प्लॉट बेच रहे हैं। जबकि बिना ले आउट पास कराये कॉलोनियों को बनाया जा रहा है।

जनपद में कोई ऐंसा स्थान हो जहां हरे-भरे बाग और खेती की ज़मीन पर कॉलोनियों का निर्माण नहीं किया जा रहा हो। ऐंसा नहीं है कि कॉलोनियों का निर्माण से पूर्व उनका ले आउट पास कराया जा रहा हो, बल्कि बिना किसी ले आउट पास कराये नियमों के विपरीत कॉलोनियों का निर्माण कर उनमे प्लाटिंग की जा रही है। अवैध रूप से कॉलोनियों

**Oकई जगह कार्रवाई के बाद भी प्लाटिंग तेज**

का निर्माण करने वाले कोलोनाइजर प्लाट बेचने से पूर्व खरीदारों को तरह-तरह के सब्ज़बाग दिखाकर अपना उल्लू सीधा करते हैं। हालांकि पिछले दिनों प्रशासन की ओर से अवैध कॉलोनियों और कोलोनाइज़रों के खिलाफ अभियान चलाकर तोड़-फोड़ की गयी, लेकिन उसके बाद फिर अवैध कोलोनाइज़रों के खिलाफ चला अभियान ठंडा पड़ गया। जिसके चलते कोलोनाइज़रों का धंधा फिर शुरू हो चुका है। अभी हाल ही में बावरी कुंअे व तौता मैना की कब्र को जाने वाले रास्ते के निकट एक हरे-भरे बाग को काट दिया गया। हालांकि सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी ने पहुंचकर छानबीन की थी,लेकिन वन विभाग की अनुमति दिखा दी गई। अब सवाल यहै कि हरे-भरे आम के पेड़ों के कटान की अनुमति क्यों और किस कारणों से दी गई। पूरा बाग तो काट दिया गया अब वहां भी माना जा रहा है कि यहां भी प्लाटिंग का कार्य जल्द शुरू हो सकेगा। पूर्व में अवैध कलॉनियों पर कार्यवाही हुई जिससे कुछ विराम लगा था लेकिन अभी भी अवैध कॉलोनियों का निर्माण बंद नहीं हुआ है,बल्कि अब नये-नये स्थानों पर कॉलोनियों का निर्माण कराया जाने लगा है। भाले-भाले लोगों को तरह-तरह के सपने दिखाकर कोलोनाइजर प्लाट बेचने में लगे हुए हैं,जबकि कुछ कोलोनाइज़ों ने तो दलाल छोड़ रखे है। जो गली और मौहल्लों के जाकर अपने परिचितों को लोक-लुभावनी बातों में ले रहे हैं और चंद दिनो में ही उनके प्लाट के दाम आसमान छूने लगेंगे लालच देकर प्लाट बेंचकर दिन दोगुनी और रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं। वर्तमान में आदमपुर मार्ग, जंगल पैलेस और हसनपुर मुजब्बा मार्ग आदि स्थानों पर प्लाटिंग हो रही है।

# सभी को करना चाहिए कन्याओं का पूजन व सम्मान: फिरोज खान

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नवरात्र की नवमी पर कल्किधाम में कन्याओं का पूजन कर व्रतों का परायण किया गया।

ग्राम एचौड़ा कम्बोह स्थित श्रीकल्किधाम में चैत्र मास की नवमी पर प्रातः काल आयोजित यज्ञ में कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम व कल्कि भक्तों ने आहूतियां दींजबकि यज्ञ उपरांत आदि शक्ति स्वरूपा नौ कन्याओं का पूजन कल्कि धाम नवीन परिसर में पूरे विधि-विधान से किया गया। इस मौके पर श्रीकल्कि पीठाधीश्वर ने देवी स्वरूप कन्याओं के चरण प्रक्षालन किए। चरण वंदना कर सभी की आरती,पुष्प वर्षा की और सभी कन्याओं को चॉदी के आभूषण भेंट कर कन्याओं के चरणों को अपने माथे से लगाकर अपनी श्रृद्वा प्रकट की। धार्मिक एकता हा यही स्वरूप सनातन की पहचान है। इसके बाद कल्कि पीठाधीश्वर ने देवी स्वरूप कन्याओं को अपने हाथों से भोजन कराया। कन्याओं के पूजन में विशेष्ता यह रही कि कल्कि धाम से जुड़े मुस्लिम धर्मावलाम्बी भी इसमें शामिल रहे। इसलिए यह आयोजन अति महत्वपूर्ण रहा,क्योंकि सम्भल का जिक्र आते ही विभिषिका का चित्र पेश होता है, जबकि दूसरी और श्रीकल्कि धाम में नवरात्र व्रत परायण एवं कन्या पूजन समारोह में

**Oकल्किधाम में कन्याओं के पूजन में मुस्लिम धर्मावलाम्बी रहे शामिल**

मुस्लिम धर्मावलाम्बियों की मौजूदगी एक अलग ही संदेश देती है। इस दौरान डा. मरगूब त्यागी और मौहम्मद फिरोज खान लगातार देवी स्वरुप कन्याओं पर पुष्प वर्षा करते रहे। मुस्लिम ध र्मावलम्बियों द्वारा आदि शक्ति के पूजन में भाग लेने से एकता का बहुत बड़ा संदेश कल्कि धाम से दिया। इस अवसर पर डा. मरगूब त्यागी ने कहा कि हमारा यकीन है कि मां के पैर के नीचे जन्नत होती है तो ऐसे में कन्याओं के पूजन के अवसर पर हम यहां आए ये मेरा सौभाग्य है। मदरसा मौहम्मद अली जौहर के प्रबंधक ग्राम मऊ भूड़ निवासी मौहम्मद फिरोज खान ने कहा कि कन्याओं का पूजन, सम्मान सभी को करना चाहिए यही भारत की संस्कृति है। सनातन का उद्घोष प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो सभी के लिए है।



सम्भल। नवरात्र की नवमी पर कन्याओं के पांव छूकर उपहार देते कल्कि पीठाधीश्वर।

**एक सौ आठ साधक-साधिकाओं ने आहूतियां प्रदान कर भारत की प्रगति की कामना की**

# चारो पुरुषार्थ ही नहीं अष्ट सिद्धी नवनिधियां भी प्रदान करती है मां सिद्धधात्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आध्यात्मिक गुरू पं राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में श्रीकल्कि पधारो धारती पर, श्रंखला के तहत,माँदुर्गा स्तवन की 90 वीं कड़ी, के नवें दिन पं राधेश्याम श्रीमाली,डा. सुरेश चन्द सैनी आनंद सैनी, ज्वालेश श्रीमाली, लोकेश श्रीमाली, दिनेश मोहन, नागेन्द्र मोहन, रितिक मोहन, तनिष्क मोहन, यशवर्धन, ध्रुव कुमार, सुनिता देवी, राखी, लक्ष्मी श्रीमाली, पूजा श्रीमाली सहित एक सौ आठ साध क साधिकाओ द्वारा माँ दुर्गा को अठरादेव अठराक्षरी के आसन खंड से पान फल फूल ध्वजा नारियल शहद दूध पंचमेवा मिश्री अष्टगंध ा घृत आदि एक सौ आठ पदार्थो के मिश्रण से एक लाख इकहत्तर हजार आठ सौ आहूतियाँ प्रदान कर भारत राष्ट्र की प्रगति, श्रीकल्कि के शीघ्र प्राकटय,व सभी भक्तो की मनोकामनाएं पूर्ण होने को पांचो संध्याओ मे प्रार्थना, नवार्ण महामंत्र, जाप, आरती वंदना कर, यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन मोहन श्रीमाली ने कहा की वृह्म की नौबीं महाविध्या माँ सिद्धध ात्री योगमाया प्रकृति अर्थात जड तत्व का साकार स्वरूप हैं। जो माँदुर्गा का ही नवरात्रि के नवें दिन भक्त जनो को इच्छित वरदान प्रदान करने के कारण सिद्वधात्री नाम से जाना जाता है। आठ नवरात्र उपवास धाारण कर यज्ञ योग जाप सेवा तर्पण आदि सत्कर्म करके नवें दिन कन्या पूजन करके उपवास खोलने से प्रसन्न हो माँ सिद्वधात्री अष्टसिद्व नवनिधि सहित अर्थ, काम,धर्म और मोक्ष प्रदान कर साधक को दिव्य कलाओ के योग्य बना कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। इस मौके पर समिति जिलाध्यक्ष नरेश सैनी जिला सचिव ज्वालेश श्रीमाली साधना प्रतिनिधि आनंद सैनी प्रबंधक किसन आर्य पप्पू सैनी प्रचारमंत्री लोकेश श्रीमाली आदि मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने अवासों पर फहराया झंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस बबराला मंडल में मनाया गया। भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने अपने आवास पर भाजपा का झंडा फहराया।

**Oबबराला मंडल में मनाया भाजपा का स्थापना दिवस**

पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने अपने नगर स्थित आवास पर भाजपा का झंडा फहराया। भाजपा नेता दीपक यादव, भाजपा के पूर्व बबराला मंडल अध्यक्ष विनय वाष्णेर्य,पूर्व महामंत्री दिनेश कौशल ने अपने आवास पर झंडा फहराया। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का ध्वज हमारी शान है, हमारी पहचान है। यह ध्वज हम स भ ा ी कार्यकर्ताओं को राष्ट्र के उत्थान और जनता के कल्याण के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने की शक्ति देता है। स्थापना दिवस पर अपने निवास पर भाजपा का ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि मेरा सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं से विनम्र निवेदन है कि आप भी अपने घर/कार्यालय पर भाजपा के ध्वज को फहराए।

# गांव-गांव व गली-गली घूमकर जल संचय को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जल बचाओ जागरूकता कार्यक्रम में गांव और गली-गली घूमकर जल संचय से होने वाले लाभों की जानकारी दी गई।

**Oजल की बर्बादी रोकने को किया प्रेरित**

तहसील क्षेत्र के गांव गैलुआ में अधिवक्ता व समाजसेवी चौ. रविराज चाहल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में गांव में घर-घर व गली-गली घूम कर ग्रामीणों को जल बचाने हेतु जागृत किया गया और ग्रामीणों को जल संचय से होने वाले फायदे के बारे में बताया। इस दौरान चौ. रविराज चाहल ने कहा कि जल ही जीवन है जल बिन सब सुन है जल के भंडार सीमित हैं। जल के अनावश्यक दोहन को नहीं रोका गया तो परिणाम घातक होंगे और हम एक-एक बूंद पानी के लिए तरस जाएंगे। जनहित में जल अवश्य बचाये। जल ही जीवन है। हमें सबमर्सिबल आदि से भी अनावश्यक पानी नहीं बहाना चाहिए। बृजलाल सिंह जाटव ने कहा कि हमें अभी से ही जल बचाने हेतु जागृत होना होगा और जो जल के आवश्यक दोहन को रोकना होगा हम आवश्यकता के अनुसार ही जल उपयोग करें और अनावश्यक जल नहीं बहाये। मौ. यामीन ने कहा की अब समय आ गया है कि हम जल के महत्व को समझें और अनावश्यक जल नहीं बहाये। हमें कपड़े धोने में और पशुओं को नहलाने मे, गाड़ियों को धोने में अनावश्यक पानी नहीं बहाना चाहिए। जल अमूल्य है इसके महत्व को समझें। इस दौरान चौ रविराज चाहल, वंशी, ब्रजलाल सिंह, मौ यामीन,प्रेम सिंह, राजीव कुमार, महावीर सिंह, मनोरीलाल सिंह, नितिन चाहल, राजवीर सिंह, सुरेश कुमार, नेमपाल सिंह, अर्पित कुमार आदि रहे।

## ग्राम खानपुर सराय आलम पुर में निकाली गयी शोभायात्रा

**सम्भल।** ग्राम खानपुर सराय सराय उर्फ आलमपुर में सृष्टि रचयिता भगवान महर्षि कश्यप एवं भगवान गुहराज निषाद की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से किाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश सरकार सीताराम बाथम रहे।



सम्भल-रामनवमी पर काव्य संध्या में कवि  का सम्मान करते

# जन्नत कहीं आसमान में नहीं मां के पैरों में होती है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान में रामनवमी के अवसर पर संस्कार भारती द्वारा काव्य संध्या का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ दिनेश दिलकश,दीपक गोस्वामी,दीपक शर्मा और राजवीर सिंह राज ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना आशा गुप्ता द्वारा प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात् खटीमा से आईं कवयित्रि शांति राणा शांति ने पढ़ाः- गूंगी नहीं मैं तो चुपचाप रहती हूँ। बिना अपराध ा के भी सभी संताप सहती हूँ। निर्मलता की वाणी में असीमित प्यार है इतना, मेरे साथ न कोई मैं सबके साथ रहती हूँ।। चंदौसी से आए दिनेश पाल सिंह दिलकश ने सुनायाः-नौ देवियों की आराधना है नवरात्रि, जोगमाया की साधना है नवरात्रि।। हिन्दी वर्ष का आरम्भ है नवरात्रि, अच्छे परिणाम की कामना है नवरात्रि।। युवा कवि संदीप कुमार सचेत ने पढ़ाः-जन्नत का ख्वाब बहुत दिखाया गया है, लगता है कुछ गलत सिखाया गया है, जन्नत कहीं आसमानों में तो नहीं होती, मॉ के पैरों को जन्नत बताया गया है।। व्यंग्य कवि अतुल कुमार शर्मा ने सुनायाः-कोयल मौन बैठी है कौवों की मस्तियों में, चोरियाँ होने लगी हैं पुलिस की गश्तियों में, हवा जहरीली बन गई इस कदर दोस्तों, मस्ती भी मिलती नहीं आज की इन बस्तियों में।। इस अवसर पर नेपाल से साहित्यिक कार्यक्रम में सम्मानित होकर लौटे वरिष्ठ कवि दीपक गोस्वामी चिराग एवं ज्ञानप्रकाश उपाध्याय का पगड़ी,शाल, और श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सुभाष चंद्र शर्मा, श्रेय कौशिक, सुबोध कुमार गुप्ता, शबनम शर्मा, अदिति वर्मा, पुष्टि गुप्ता, सक्षम कौशिक, दीपक शर्मा, प्राप्ति गुप्ता, गुरमीत सिंह, विकास कुमार वर्मा, तनिष्क कौशिक आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता राजवीर सिंह राज ने तथा संचालक संदीप कुमार सचेत ने किया।

# दो वाहनों की टक्कर में एक दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर बोलेरो व स्विफ्ट की जोरदार टक्कर आमने-सामने होने में एक दर्जन से अधिक लोग हो गये। यह लोग मुंडन संस्कार कर वापस लौट रहे थे।

**Oमुंडन संस्कार कराकर घर लौटते हुआ हादसा**

रविवार को रामनवमी पर दोनो गाड़िया टकरा गयी। जिसमे करनवास व बेलोंन से अभिषेक पुत्र राजभान सिंह, टिंकल पत्नी अभिषेक, जगदीश पुत्र राजवीर, गंगाश्री पत्नी जगदीश, साक्षी पत्नी अतुल, गीता पत्नी विजेंद्र सिंह मुंडन संस्कार कर वापस लौट रहे थे। करनवास से गांव उधारनपुर के समीप दूसरी तरफ से स्विफ्ट कार आ रही थी निवासीगढ़ चौपा सौभापुर थाना बहजोई सादातवाड़ी मंदिर से मुंडन संस्कार कर वापस लौट रहे थे।जिसमे सुखवीर पुत्र कृष्णपाल चालक स्विफ्ट, जगदीश पुत्र राजवीर, किशनवती पत्नी जगदीश, सुमन पुत्री कृष्णपाल, गंगाश्री पत्नी राजवीर यह भी कर से वापस लौट रहे थे। निवासीगढ़ दुपटा खुर्द थाना रजपुरा दोनों की गाड़ियां आपस में टकरा गई।जिसमें सुखबीर,अभिषेक,टिकल को रेुर अलीगढ़ मेडिकल कालेज कर दिया गया। सभी को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया।जिसमे आधो दर्जन अधि क से लोग उपचार के बाद वापस घर चलेगए। गंभीर घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

# डीजे पर बजते भजनों संग निकली रामनवमी शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विश्व हिंदू परिषदके तत्वावधान में रामनवमी पर शोभायात्रा निकाली गई। डीजे पर बजते भजनों और श्रीराम के जयकारों की गूंज रही। नगर में रामनवमी की विशाल शोभायात्रा के कार्यक्रम में मुख्य

**Oजगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया गया शोभायात्रा का स्वागत**

रूप से विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री एवं मुख्य अतिथि दौलत राम वंशगोपाल कल्कि ध ाम के महंत स्वामी भगवत प्रिय महाराज जिला अध्यक्ष अनंत अग्रवाल नितिन शर्मा भाजपा नगर अध्यक्ष कशिश कौशल एडवोकेट पूर्व जिला मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा जी संतोष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# जन आरोग्य मेले में 92 रोगियों को दवा का वितरण

**बबराला।** नगर के महिला चिकित्सालय के जन आरोग्य मेले में 92 मरीजों को जांच कर दवा का वितरण किया गया। रविवार को नगर के महिला चिकित्सालय में आए मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया। जिसमें खुजली,खांसी जुखाम,बुखार,सांस के मरीज अधिाक थे। इसके साथ ही शुगर के मरीजों की भी जांच कर दवा दी गई।डक्क विनय गंगवार ने बताया कि अस्पताल में 92 मरीज आये।इनमें मौसम में बदलाव के कारण खांसी, जुकाम बुखार के मरीज अधिाक थे।डा. कृति वार्ष्णेय ने गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सलाह दी।उन्होंने गर्भवती महिलाओं को बताया कि गर्भ के दौरान महिलाओं को हमेशा संतुलित आहार लेना चाहिए। इससे बच्चे का विकास काफी तेज गति से होता है।इसके साथ ही मां के लिए किसी तरह की कमजोरी नहीं आती है।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बिसमिल्ला दर्ज है, जो गलत है। जबकि मेरा सही नाम ललिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

**ललिया पत्नी कल्लू**
निवासी ग्राम गरवारा थाना असमौली तहसील व जिला सम्भल।

# झोलाछाप चिकित्सक के क्लीनिक को किया सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** कस्बे में झोलाछाप चिकित्सक की क्लीनिक पर अवैध रूप से एलौपैथिक पद्वति से इलाज करना व चिकित्सा प्रमाण पत्र न दिखाए जाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**Oझोलाछाप के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**

ग्राम मुकर्रबपुर मार्ग पर चिकित्साधिकारी डा. हेमंत कुमार ने झोलाछाप चिकित्सक संरजीत विश्वास पुत्र मोनी मोहन विश्वास के क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। एलौपैथिक पद्वति से क्लीनिक का संचालन करते पाया गया,लेकिन अपनी चिकित्सा शिक्षा का प्रमाण पत्र एवं मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय का जारी किया गया प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत नहीं कर सके। इसलिए क्लीनिक का संचालन अवैध रूप से किए जाने पर झोलाछाप के विरूद्व इन्डियनमेडिकल काउंसलि एक्ट के तहत थाना हजरत नगर गढ़ी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।इस अवसर पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा व पुलिस चौकी प्रभारी बोविन्द्र कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



सिरसी- झोलाछाप के क्लीनिक को सील करते नोडल अधिकारी।

# महंत भगवत प्रिय ने किया फिटनेस क्लब का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विकासखंड पवांसा के ग्राम पवांसा में एस आर फिटनेस क्लब का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि वंश गोपाल कल्की तीर्थ के महंत भगतप्रिय जी एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल रहे। इस अवसर पर महंत भगतप्रिय जी ने कहा सनातनी युवाओं को योग कसरत और जिम के माध्यम से अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रखना चाहिए।

# प्रतियोगी परीक्षाएं जीवन की ऊंचाइयों को चुने का सशस्त्क माध्यम: एमपी मौर्य

## डॉ. अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ की ओर से रविवार को चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में डॉ आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगता का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 के 144 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने बताया कि प्रतियोगिता दो चरणों मे आयोजित हुई। इसमें जूनियर वर्ग में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थी व सीनियर वर्ग में कक्षा नौ से बारह तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। दोनों वर्गों में क्रमश प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले बच्चों को चौदह अप्रैल को शाम डॉ अम्बेडकर जन्मोत्सव कार्यक्रम में डॉ अम्बेडकर पार्क सिविल लाइंस में सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता संयोजक जितेंद्र कुमार जॉली ने बताया कि यह प्रतियोगिता सभी वर्गों के लिए आयोजित की गई थी जिसके आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक आंदोलन के अग्रणी रहे महापुरुषो व सामान्य ज्ञान को बढ़ाकर विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमपी मौर्य ने कहा कि अगर जीवन मे सफलता पानी है तो प्रतियोगी परीक्षा के दौर को पार करो, प्रतियोगी परीक्षा जीवन मे बदलाब लाने में सहायक होती है। सफल होने के लिए परीक्षाओं को चुने, इसकी सफलता का शॉर्टकट नही होता।

प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में नानकचन्द , रविन्द्र सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, सुनील कुमार, रामगुलाम सिंह , प्रतिभा रानी, अनिल कुमार , अमित कुमार , योगराज सिंह , ऋषिराम सिंह के अलावाव संघ के रोहताश कुमार, रघुवीर सिंह, ओपी सागर, हरपाल सिंह बौद्ध, जय प्रकाश सिंह, एमपी सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, शिक्षक मौजूद रहे।



## दहेज उत्पीड़न के अलग-अलग मामलों में कई के खिलाफ मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** दहेज उत्पीड़न के अलग-अलग मामलों में ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ छजलैट पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पहली घटना चंगेरी गांव की है वहां की रहने वाली अर्चना पुत्री ओमवीर का विवाह 5 वर्ष पूर्व मनोज पुत्र वीरसिंह नि० अहमद नगर अमरोहा के साथ हुआ था शादी मे काफी दान दहेज दिया था मगर कुछ समय बाद से पति व ससुर वीर सिंह व सास बिमला, नन्द सोनी, व रोमी तंग करते ओर पांच लाख की माग करने लगे। मांग पूरी न होने पर मार पीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर छजलैट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दूसरी घटना दाढ़ी महमूदपुर गांव की है वहां की रहने वाली बबीता पुत्री धर्मपाल की शादी 4 वर्ष पूर्व शुभम पुत्र महेन्द्र नि० आजमपुर थाना धनौरा जिला अमरोहा के साथ हुई थी शादी मे पिता ने काफी दहेज दिया लेकिन ससुरालयों ने मोटी रकम दिए जाने की मांग करनी शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया परिवार के लोगों ने ससुराल पक्ष से कई बार बात करने का प्रयास किया लेकिन उनके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया आखिर में पीड़िता ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज और महिला उत्पीड़न की तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## एक नजर

### चामुंडा देवी थान पर नवरात्री मे नवदुर्गा मां/रामनवमी पर यज्ञ का किया आयोजन

**कुंदरकी।** रविवार को माता चामुंडा देवी थान पर को नवरात्री मे नवदुर्गा माँ /रामनवमी पर यज्ञ का आयोजन किया, आरती प्रस्तुत की गई भक्तगणों ने यज्ञ मे आहुतियां दीं भजन आदि प्रस्तुत किये. भंडारा का आयोजन किया गया भंडारे मे सबसे पहले 9 कन्याओ का कन्या पूजन किया गया व हलवा पूड़ी आदि भंडारे का आयोजन माता बहनों ने माता रानी के गीत गाए भेजा है बुलावा तूने क्र्पपिबनसज, अंबे तू है जगदंबे माता आदि गीत गाये काफी संख्या मे भक्तगड़ो के भीड़ रही श्योरज सिंह, सूरजपाल सिंह, अजयराज , रवि, राजीव अग्रवाल, मुकेश आर्य, सतीश दिवाकर, विनोद पुजारी, देव सिंह, जय गोपाल आर्य, जगत, धर्मपाल टीनू, अरुन दिवाकर आदि ने यज्ञ मे आहुतियाँ दीं।

### रसोई का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष पुष्प यादव एडवोकेट द्वारा किया गया

**मुरादाबाद।** प्रकाश नगर चौराहे पर रामनवमी के पावन पर्व पर शिव पार्वती रसोई परिवार की ओर आलू पुरी हलवा चने का प्रसाद सन्नाटा और जल वितरण किया गया आज की रसोई का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष/ संस्थापक पुष्प यादव एडवोकेट द्वारा किया गया। इस अवसर



पर संस्था की ओर से आशुतोष त्यागी अर्जुन सिंह विशेष यादव राजकुमार सुनीत अग्रवाल विवेक गुप्ता बिट्टू कश्यप जयवीर यादव योगेश भारती आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे आज संस्था के सदस्य द्वारा डॉ मदनपाल सिंह जी का भी मोमेंट तो देकर स्वागत किया गया। शिव पार्वती रसोई का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जा रहा है जिसमें निशुल्क भर पेट भोजन के साथ साथ फल और मिष्ठान भी वितरण की व्यवस्था रहती है और आने वाले समय में इस संस्था द्वारा अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे। संस्था का उद्देश्य व मूल वाक्य है 'अन्न है सभी के लिए' पुष्प यादव ( अध्यक्ष ) शिव पार्वती रसोई परिवार।

### कासमपुर के शिव मंदिर पर सुंदरकांड उपरांत भंडारे का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** कासमपुर गांव के शिव मंदिर पर आज सुंदरकांड का आयोजन किया गया इसके उपरांत लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। सुंदरकांड का आयोजन महेश बिश्नोई के मुखार बिंद से किया गया जिसमें पहुंचे भक्तों ने धर्म लाभ उठाया गुरु अरविंद ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर लोगों को प्यार और धर्म का संदेश दिया। इसके बाद मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।



### उमरी कला में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाल कर दी शांति बनाए रखने की नसीहत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** वक्फ बोर्ड कानून को लेकर चल रही नारा. जगी के मद्देनजर पुलिस ने आज उमरी कला नगर में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों को शांति बनाए रखने की नसीहत दी थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में निकाले गए शांति मार्च के दौरान उन्होंने लोगों से प्यार और सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी इसलिए सभी का दायित्व है कि ऐसी नौबत ना आए कि पुलिस को किसी के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़े। फ्लैग मार्च विभिन्न मोहल्लों से होता हुआ संपन्न हुआ पुलिस ने नगर के लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने का भी आह्वान किया है।



# एआई की ग्रिप में एरर्स के संग-संग अब इमोशंस भी

### टीएमयू के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में मानविकी विभाग की ओर से एआई ड्रिवन फ्यूचर पर ब्लेंडेड मोड में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार में प्रस्तुत किए 86 रिसर्च पेपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में एआई ड्रिवन फ्यूचर: रिवोल्यूशनाइजिंग लैंग्वेज लर्निंग एंड टीचिंग पर मानविकी विभाग की ओर से ब्लेंडेड मोड में टीएमयू के ऑडिटोरियम में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार में एआई-संवर्धित भाषा सीखने के प्लेटफॉर्म, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) अनुप्रयोग, भाषा शिक्षण में आभासी और संवर्धित वास्तविकता, अनुकूली शिक्षण प्रणाली, संवादात्मक एजेंट और चौटबॉट, गेमिफिकेशन रणनीतियाँ, एआई-संचालित मूल्यांकन उपकरण और भाषा शिक्षण के लिए एआई के उपयोग में नैतिक विचार जैसे विषयों पर मंथन हुआ। सेमिनार में करीब दो दर्जन एक्सपर्ट्स ने कुल २० थीमों पर अपने-अपने विचार साझा किए, जबकि तीन ट्रैक्स में नेशनल डेलीगेट्स के ५८ और इंटरनेशनल डेलीगेट्स के २८ समेत कुल ८६ शोध पत्र पढ़े गए। इससे पूर्व सेमिनार का शुभारंभ इग्नू, नई दिल्ली के प्रो. प्रमोद कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन एवं सेमिनार जनरल चेयर प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, डॉ. पीयूष मित्तल, डॉ. निशीथ मिश्रा, डॉ. पंकज कुमार सिंह,एमआईटी मुरादाबाद की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुगंधा अग्रवाल, स्कॉलर्स एकेडेमी मुरादाबाद की ब्रांच डायरेक्टर डॉ. नविता सिंह, डॉ. शंभु भारद्वाज, डॉ. संदीप वर्मा, सेमिनार की कन्वीनर्स डॉ. सोनिया जयंत और डॉ. इंदु त्रिपाठी की गरिमामई मौजूदगी में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम् दीप प्रज्जवलित करके किया। केपीएल सॉफ्टवेयर कैलिफोर्निया के श्री गनेश कुमार ने ऑनलाइन बोले, भाषा शिक्षा में एआई का भविष्य संतुलन और तालमेल में निहित है। सबसे प्रभावी मॉडल एक हाइब्रिड होगा, जहां एआई शिक्षण प्रक्रिया के प्रतिस्थापन के बजाए एक शक्तिशाली संवर्द्धक के रूप में कार्य करता है। जब एआई की मापनीयता और अनुक. ूलनशीलता मानव शिक्षक की सहानुभूति और अंतर्ज्ञान से मिलती है, तो हम एक ऐसा वातावरण बनाते हैं जहाँ शिक्षार्थी फल-फूल सकते हैं। कॉग्निटिव एप्स, कनाडा के डॉ. मनदीन गोपीशेट्टी ने कहा, जैसे-जैसे हम इन तकनीकों को परिष्कृत करना जारी रखते हैं, हमारा ध्यान समानता, सटीकता और पहुँच पर बना रहना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि एआई-संचालित शिक्षा दुनिया भर में जीवन के सभी क्षेत्रों के शिक्षार्थियों को लाभान्वित करे। न्यू जर्सी के श्री मितुल तिलाला ने डेटा गोपनीयता और प्रौद्योगिकी पर अत्यधिक निर्भरता के बारे में अपनी चिंताएँ व्यक्त कीं, जिन्हें जिम्मेदारी से संबोधित किया जाना चाहिए क्योंकि हम एआई को शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र में और अधिक एकीकृत करते हैं। टेक्सॉस के श्री अक्षत खेमका ने कहा, एआई मानव निर्देश को प्रतिस्थापित करने के बजाय बढ़ाता है। एआई और मानव शिक्षकों के बीच यह तालमेल दुनिया भर के छात्रों के लिए अधिक प्रभावी, आकर्षक और व्यक्तिगत शिक्षण अनुभव पैदा करेगा। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन एवं सेमिनार जनरल चेयर प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी



ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा, भाषा शिक्षा एक नए युग में प्रवेश कर रही है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संचालित है। उन्होंने आज के शैक्षिक परिदृश्य पर आधुनिक भाषा सीखने के तरीकों के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर देते हुए, स्टुडेंट्स से ऐसे समृद्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने और शैक्षणिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। बीसीए सेकंड ईयर की स्टुडेन्ट रिमझिम ने गणेश वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने सेमिनार प्रोसीडिंग का विमोचन भी किया। कन्वीनर डॉ. सोनिया जयंत ने सेमिनार की थीम प्रस्तुत की। सेमिनार में बीटेक-सीएस, बीटेक-एआई, बीसीए और बीएससी ऑनर्स-सीएस के स्टुडेंट्स ने प्रतिभाग किया। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया गया। प्रत्येक पंजीकृत प्रतिभागी को ई-प्रमाणपत्र और ई-स्मारिका प्रदान की गयी। संचालन स्टुडेंट्स प्रत्यक्षा पुंज और आशीष उपाध्याय ने किया।

# नगर मेला कमेटी के तत्वावधान में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर मेला कमेटी के तत्वावधान में रामनवमी के शुभ अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा और मेला इस बार 62वां है। नगर मेला कमेटी इसे प्रतिवर्ष व्यापक रूप देने में लगी हुई है। जब से नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन बने हैं तब से इसका आकर्षण और अधिक बढ़ गया है क्योंकि वह परिश्रम करके तन मन धन से सभी वर्गों को जोड़कर चल रहे हैं उनका कहना है कि यह हमारे नगर और क्षेत्र का एक प्रमुख और प्राचीन सांस्कृतिक आयोजन है। इसकी उत्तर भारत में प्रसिद्ध है। कमेटी द्वारा सभी कलाकारों का सम्मान और प्रोत्साहन किया जाता है। नगर के प्राचीन मंदिर गमादेवत पर पूजा अर्चना हुई। कमेटी अध्यक्ष संजय जैन द्वारा पुरानी परंपरा को निभाते हुए बैंड कलाकारों को पटका पहनाया और इनाम दिया शोभायात्रा का शुभारंभ कराया। इस बार महाक. ाली एवं रामनवमी की शोभायात्रा का उद्घाटन भाजपा के जिला प्रभारी राजेश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता ऋषिपाल सिंह एवं नगर पालि. का अध्यक्ष रघुराज यादव ने किया। जिला प्रभारी ने कहा कि प्रभु राम मानवता का आधार हैं, उन्होंने स्वयं मर्यादा का पालन करके सभी को मर्यादित जीवन जीने का संदेश दिया हम सभी को प्रभु राम के आदर्शों पर चलना चाहिए उन्होंने बिलारी नगर के 62 साल पुराने इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की और नगर मेला कमेटी की सराहना की। इस दौरान कमेटी द्वारा जिला प्रभारी को फील्ड देकर सम्मानित किया। सबसे आगे महाकाली के अखाड़े प्रदर्शन करते चल रहे थे। पूरी शोभायात्रा में माता महाकाली के २६ अखाड़े आकर्षण का केंद्र रहे श्रद्धालुओं ने गली मोहल्ले में भी स्वरूपों को ले जाकर नारियल कटवाए और प्रसाद बांटा। इसके पीछे डीजे धूम मचा रहे थे। बौबी की झांकी के कलाकार नाग नागिन और राजस्थानी नृत्य करते





चल रहे थे। भारत बैंड के बाद राम दरबार, दुर्गा दरबार, शंकर दरबार, राधा कृष्ण दरबार के अलावा महाकालेश्वर और खाटू श्याम जी की झांकियां भी श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रही थीं। एटा से आई स्वचालित झांकियां भी आकर्षण बनी हुई थीं इसके बाद मां दुर्गा का सिंहासन चल रहा था। मेन बाजार में कमेटी के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चुग ने अपने प्रतिष्ठान पर, नेहरू चौक पर व्यापार मंडल के अमित सिन्हा ने, अग्रवाल पतंजलि आरोग्य केंद्र, महेश गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता के उपरांत महाराणा प्रताप चौक पर याद कुमार डुडेजा, पुरानी तहसील पर श्रीगोपाल और जितेंद्र कुमार तेल वालों ने शोभायात्रा के स्वरूपों को जलपान कराया। अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने फूल बरसाए। शोभा यात्रा गमादेवत से चलकर मुन्ना श्रोत्रिय एवं पांडे परिवार के घर के आगे होकर डा मदन बंसल के आगे होकर झंडा रोड पर आई वहां से झंडा चौक, रैली चौक, नेहरू चौक से शंकर भवन फिर सर्राफा बाजार, गांधी आश्रम, होली चौक से नई सड़क होकर गांधी मूर्ति चौराहा पहुंची वहां से बस स्टैंड ओम विहार कोतवाली महाराणा प्रताप चौक से शाहबाद रोड पर मुड़ी वहां से श्री मंदिर पौड़ा खेड़ा परिसर में जाकर मेला रामनवमी में शामिल हो गई। विभिन्न स्वरूपों में लकी शर्मा, शिवम शर्मा, माही, कृष्णा, पायल, आयुषी, संध्या, सेफ्टी, परी, लवी आदि बच्चों ने श्री राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी, शंकर पार्वती, गणेश जी, कार्तिकेय, राधा कृष्ण, नव दुर्गा के स्वरूप धारण किए। स्वरूप सज्जा रवि सिंह द्वारा अखिलेश श्रीवास्तव के निर्देशन में की गई। शोभा यात्रा के दौरान शांति व्यवस्था के लिए एएसपी सोनाली मिश्रा, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा, नगर प्रभारी यशवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ चल रहे थे। इधर कमेटी की ओर से संचालन समिति के 17 सदस्य और 26 पुलिस मित्र स्वयंसेवक के रूप में सहयोग कर रहे थे।

पंकज चौहान दुष्यंत चौहान अभिषेक पांडे निखिल पांडे आकाश बंसल चिराग अग्रवाल नीरज रोहिल्ला नरेंद्र चंचल अभिषेक शर्मा, अखिलेश श्रीवास्तव, दिनेश प्रजापति, सचिन शर्मा, विशन सिंह यादव, सोमपाल सैनी विजेंद्र चंद्रवंशी चंदन डूडेजा, विशाल गुप्ता, कौशल ठाकुर,आशु बंसल, अमित मौर्य विशाल सक्सेना सचिन गुप्ता अमित गुप्ता शेखर गोयल विनीत चौहान सनी सिंह आदि।

## हज यात्रियों का विभिन्न मदरसों में 8 अप्रैल को प्रशिक्षण

**कांठ( शाह टाइम्स )** हजयात्रा के लिए चयनित आजमीनों का प्रशिक्षण आठ अप्रैल को होगा। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि जिले से 1579 हज यात्रियों का चयन हुआ है। प्रशिक्षण के लिए जिले के सात मदरसों को केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर आजमीनों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के साथ हज यात्रियों को निशुल्क टीकाकरण और स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा भी दी जाएगी। टीकाकरण की तिथि हज समिति से निर्देश मिलने के बाद तय की जाएगी। हाजी यात्रियों को प्रशिक्षण मदरसा अब्दुल गफूर नईमी पाकबड़ा,मदरसा नासिर उल उलूम कांठ, मदरसा अंसार उल्लाह फैजुल उलूम मिलक बुजपुर, मूंढापांडे, मदरसा एम एच इस्लामिया लालबाग ठाकुरद्वारा आदि स्थान पर दिया जाएगासडीएम ने हज यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी से प्रशिक्षण या टीकाकरण के नाम पर शुल्क मांगा जाए तो उसकी शिकायत विकास भवन स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में कर सकते हैं।

## मंडल के सभी बूथों पर पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया

**कुंदरकी।** मंडल के सभी बूथो पर पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें सभी बूथ अध्यक्षों ने अपने-अपने घरों पर नवीन झंडा लगाया तथा कुंदरकी मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप ने कुंदरकी मङंल कार्यलय पर नवीन पार्टी झंडा लगाया तथा कार्यकर्ताओं के साथ आगामी कार्यक्रम की रचना बनाई तथा मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने बताया कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथो पर पन्ना प्रमुखों के साथ उनके पन्ने के बोटो के साथ संपर्क कर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अवगत कराना है तथा पन्ने के प्रमुख व्यक्तियों से भी संपर्क करना है बैठक मे मङंल अध्यक्ष संजय कश्यप, मडंल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर,मङंल महामंत्री संजय दिवाकर, शक्तिकेंद्र संयोजक पंकज शर्मा,सुनील कुमार, सतीस सिंह आदि उपस्थित रहे।

## श्रीनारायण सेवा समिति ने किया रामनवमी कार्यक्रम

**चन्दौसी।** श्रीनारायण सेवा समिति चंदौसी के तत्वाधान में रविवार को रामनवमी का कार्यक्रम भक्ति पूर्वक आयोजित किया गया जिसमें सभी भक्तों ने श्रीरामजी एवं हनुमानजी का वंदन करते हुए आरती उतारी। श्रीराम दरबार के चित्र के समक्ष में दीप प्रज्वलन अलका मंगल ने तथा माल्यार्पण शोभा कागजी द्वारा किया गया।

उसके बाद सभी भक्तों ने श्रीरामजी को अपने भक्ति सुमन अर्पित किए। कृष्ण गोपाल मंगलम् द्वारा श्रीराम स्तुति 'श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन...' समवेत व मधुर स्वर में कराई गई। हरीश कठेरिया ने श्रीहनुमान चालीसा का सस्वर पाठ कराया। डॉ. जयशंकर दुबे ने अपने भक्तिपूर्ण काव्य पाठ से माहौल भक्तिमय कर दिया। तत्पश्चात् सभी भक्तजनों ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी और सभी को प्रसाद वितरण कराया गया। इस अवसर पर ज्योति मंगल, वत्सल, अनिकेत, रवि शर्मा, निखिल मिश्रा, वेदांत, शंक. रलाल आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

## नवरात्र समापन पर किया हवन यज्ञ

**चन्दौसी।** रविवार को नवरात्रों के समापन पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें आध्यात्मिक शुद्धि, सकारात्मक ऊर्जा व मां दुर्गा के आशीर्वाद को प्राप्त करने हेतु आहूतियां दी गई। साथ ही आसपास परिवेश में नकारात्मकता को दूर करने, शांति स्थापित करने, वातावरण को शुद्ध करने और समस्त लोगों को सुख-समृद्धि व स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु प्रत्येक वर्ष की भांति पर हवन का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के सभी परिवारों ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्रवेश कुमार, कौशल किशोर, राजेन्द्र मौर्य, सुनील रुस्तगी, उदयवीर, निशांत, मोहित गर्ग, ऋषभ, ऋषि, तरुण, राजीव वर्मा, रेखा गुप्ता, विशाल, कृष्णा, काजल आदि ने भाग लिया।

# बयाना लेने के बाद मकान बेचने को किया इंकार

**चन्दौसी।** पहले रिश्ते में चचेरी बहन ने अपना मकान बेचने के लिये तय कर दिया और अपने तहेरे भाई से दस हजार रु० बयाने के लिए भी ले लिए। बैनामा कराने की




तिथि 12 अप्रैल निर्धारित हुई। चालाक तहेरी बहन ने बैनामा के समय दो टूक मना कर दिया कि वह बैनामा नहीं करेगी और अपने मकान में कुछ लोगों की सहायता से ताला खोलकर घुस गई। इस संबंध में शिकायत थाना फैजगंज में की गई है। सीकरी के रहने वाले राकेश बाबू सक्सैना पुत्र स्व० कृष्ण कुमार का आरोप है कि उनकी तहेरी बहन माया देवी पत्नी स्व. छत्रपाल ने 12 फरवरी को यह कहकर बुलाया कि वह सीकरी में स्थित अपना मकान बेच रही हैं। यदि आपको लेना है तो रुदायन आकर बात कर लो, राकेश ने अपने भाई के साथ जाकर ढाई लाख रु. में सौदा तय कर लिया। 13 फरवरी को रुदायन जाकर 10 हजार रु० का बयाना देकर 2,40,000 रु. बैनामा के समय देना तय हुआ और कहा कि 12 अप्रैल को बैनामा होगा। क्रेता बयाना देकर वापिस लौट आया लेकिन महिला ने ०३ अप्रैल को पलटी मार दी और घर का ताला तोड़कर कहा कि वह अब मकान नहीं बेचेंगे। इसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। क्रेता का कहना है कि 2,40,000 रु. की व्यवस्था अपना सामान व जेवर बेचकर की है। इधर महिला के दिमाग बदनियति आ गई है। आखिर राकेश सक्सैना ने चौकी आसफपुर में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं दूसरा पक्ष भरपाई की मांग कर रहा है। चौकी इंचार्ज ने तहरीर कार्रवाई की बात कही। यहां बताते चलें कि रिश्ते में तहेरी बहन होने के कारण ब्याना देते समय लिखा-पढ़त नहीं और बहन की मंशा पता नहीं लगा पाये। यहां बताते चलें कि महिला के मकान के पीछे गांव के दलाल किस्म के लोग लग गये हैं लेकिन अभी मकान का बंटवारा नहीं हुआ है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भीकनपुर असदलपुर विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 06.04.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भीकनपुर असदलपुर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 15.04.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 15.04.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से सामुदायिक शौचालय तक नाला निर्माण कार्य। | - | 390000/- | 2% | 300/- | 3 माह |

**शर्तें-**
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत भीकनपुर असदलपुर**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

# भाजपा के पदाधिकारियों ने स्थापना दिवस पर किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर व जिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला व महानगर के सभी पदाधिकारियों व जनप्रति. निधियों ने संयुक्त रूप से बुद्धि विहार स्थित कार्यालय के मुख्य द्वार पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी एडवोकेट ने इस अवसर पर कहा कि छह अप्रैल का यह महत्वपूर्ण दिन हमें भारत की प्रगति के लिए काम करने और विकसित भारत के सपने को साकार करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराता है।हमारे सभी कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं, कार्यकर्ताओं की बदौलत आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि देश के १५० करोड़ से अधिक लोग हमारी पार्टी के सुशासन एजेंडे को देख रहे हैं, जो पिछले वर्षों में मिले ऐतिहासिक जनादेश में भी परिलक्षित होता है। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव, विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव, स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव में लगातार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर रही है।विधान परिषद सदस्य डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को प्राथमिकता देते हुए देश भर में काम कर रहा है।जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली चौहान देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और प्रदेशों में भाजपा नेतृत्व की सरकारें समाज की सेवा करती रहेंगी और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करेंगी।भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल और महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने पार्टी स्थापना दिवस पर कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं और सुरक्षा, सुशासन, विकास के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजन बिश्नोई महानगर महामंत्री नत्थूराम कश्यप, दिनेश शीर्षवाल कमल गुलाटी, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता व राहुल सेठी, भाजपा बेटी बचाओ पढ़ाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता पूर्व सांसद वीर सिंह, डॉ विशेष गुप्ता, गिरीश वर्मा, नवदीप टंडन, राहुल शर्मा, हेमराज सैनी, विशाल त्यागी,चन्द्र प्रजापति, दिनेश सिसोदिया, सर्वेश पटेल, अजय वर्मा, अभिषेक राठौड़,गजेंद्र सिंह, अनुज शर्मा,मयंक कश्यप,तुषार विश्वास, सौरभ सक्सैना,सुमित ठाकुर,हरिओम सैनी,बंटी सैनी, हरेंद्र शर्मा,संजीव चौधरी बाल्मीकि,वीरपाल,प्रमोद कुमार शर्मा, अश्वनी शर्मा, सचिन राघव,महेश सैनी,आशीष कुमार आदि सैकड़ो की संख्या में जिला व महानगर के विभिन्न मंडलों, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं पार्षदगण आदि मौजूद रहे।



# विद्यालय व मंदिर के निकट शराब की दुकान खोले जाने का विरोध, एसडीएमको सौपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम पिलकपुर गुमानी में अलीगंज मार्ग पर पीलकपुर गुमानी मे संचालित डी एस एस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निकट शराब की दुकान खोले जाने को लेकर ग्रामिणो विद्यालय प्रबंध समिति ने उप जिलाधिकारी को पत्र देकर शराब की दुकान पर रोक लगाने की मांग की और एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को भी भेजा ।शिकायती पत्र में कहां कि ठाकुरद्वारा से अलीगंज मार्ग पर स्थित पिलक पर गुमानी गाँव में डी एस एस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित है गांव के ही ग्रामिण की दुकानों में शराब की दुकान खोली जा रही है जिस पर विद्यालय संचालन में व्यवधान के साथ-साथ स्कूली बच्चों पर इसका गलत असर पड़ेगा । वही गांव की महिलाओं ने भी गांव में शराब की दुकान खोले जाने का जमकर विरोध किया । महिलाओं का कहना है कि पहले से ही लोग नशे के आदी होते जा रहे हैं वही नौगांव में इस तरह की दुकान खोलकर नौजवान युवकों पर बच्चों पर इसका गलत प्रभाव पड़ेगा. , जबकि सरकारी नियम के अनुसार किसी भी शराब की दुकान को खोलने के लिए किसी भी धार्मिक या शिक्षण संस्था से २०० मीटर की दूरी होना अनिवार्य है बताते चले कि डी एस एस उत्तर माध्यमिक विद्यालय की दूरी मात्र शराब की खुलने जा रही दुकान से १०० मीटर की ही दूरी है।

विद्यालय में शिक्षा लेने आ रहे छात्र-छात्राओं को शराब की दुकान नजदीक होने पर विद्यालय आने-जाने में रास्ते में शराब की दुकान से शराब की खरीदारी कर सेवन करने करने वाले व्यक्तियों से तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है जिस कारण विद्यालय में आने वाले बच्चों के मन में असुरक्षा की भावना मन में पैदा हो रही है विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यालय एक सरस्वती मां का मंदिर का रूप होता है जिसके पास में शराब की दुकान का खोला जाना नियम विरुद्ध है। शराब की दुकान खुलने से पारिवारिक विवाद बढ़ते हैं आर्थिक स्थिति का भी नुकसान होगा । ज्ञापन पर सीमा रानी, रचना देवी, रवि यादव, मुरारी सिंह ,ओमपाल सिंह ,रमेश सिंह, कल्याण सिंह, अनिल कुमार, अनीता देवी, पार्वती देवी, विजय पाल सिंह आदि के हस्ताक्षर है।

# व्यापारियों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर किया प्रसाद वितरण



**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारीयों द्वारा अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में रामनवमी के सुंदर शोभा यात्रा का फूल मालाओं के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया स्वागत सम्मान में पानी और मिठाई ब कड़ी चावल के प्रसाद का वितरण किया गया पंडित राघवेंद्र जोशी वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता सुनील अग्रवाल सुधीर कंसल मोहित खन्ना मूलचंद चौहान पंडित गोविंद जोशी प्रियम गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# वैदिक वानप्रस्थ आश्रम के स्थापना पर हुआ काव्य गोष्ठी का आयोजन

**मुरादाबाद।** वैदिक वानप्रस्थ आश्रम बुद्धि विहार के स्थापना दिवस के अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर प्रेमवती उपाध्याय ने की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टोरंटो गैस के एजीएम दीपक कुमार एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि वीरेंद्र सिंह ब्रजवासी रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआद्य काव्य गोष्ठी में आवरण अग्रवाल ष श्रेष्ठष, ईशांत शर्मा ष्ईशूष, दुष्यंत बाबा,नकुल त्यागी, रवि चतुर्वेदी,विवेक निर्मल, काले सिंह साल्टा,अशोक विश्नोई ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में आश्रम के ट्रस्ट के अध्यक्ष मधुकांत पारिख, उपाध्यक्ष शशि पारिख,सविता गुप्ता,टोरंटो गैस के जीएम मुकेश गर्ग, प्रबंधक सुदीप जयसवाल, अमित कुमार,रेखा,मनोहर लाल भाटिया,नूतन,डॉक्टर राममु. नि,आरएन शर्मा आदि मौजूद रहे।आभार आश्रम के व्यवस्थापक काले सिंह साल्टा ने किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि अशोक विश्नोई ने किया।



# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की हुई बैठक

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक बुद्धि विहार स्थित जिला कार्यालय पर की गई जिसमें परशुराम जन्म दिवस (अक्षय तृतीया) से पूर्व परशुराम चौक के सौंदर्यकारण पर चर्चा की गई सभी विप्र बंधुओ ने परशुराम चौक के सौंदर्य करण पर एक स्वर में प्रस्ताव पास किया भगवान श्री परशुराम जी की मूर्ति के चारों तरफ शीशे का गिलास लगाने का निर्णय किया गया। 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन प्रात 9:00 बजे हवन तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी सुनिश्चित किया गया 3:00 बजे से मंडी चौक बाजीग्रांन शोभा यात्रा का प्रारंभ किया जाएगा और समापन कंपनी बाग स्थित आर एन इंटर कॉलेज में किया जाएगा ।बैठक में डॉक्टर प्रदीप शर्मा प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमलेंद्र शर्मा,प्रान्तीय उपाध्यक्ष अरुण शर्मा जिला अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा, पूर्व पार्षद प्रदीप प्रभाकर शर्मा ,संदीप कौशिक जिला कोषाध्यक्ष, अनूप कौशल, शरद शर्मा जिला उपाध्यक्ष इत्यादि उपस्थित रहे।




# अराजनीतिक के किसान संगठन के लोगों ने खराब मीटर बदलने में देरी करने को लेकर बिजली घर पर किया जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** क्षेत्र में लोगो के खराब बिजली मीटर न बदलने से नाराज राष्ट्रीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के लोगों ने शनिवार को अगवानपुर बिजली पहुंचकर धरना प्रदर्शन करते हुए जय जवान जय किसान के नारे लगाते हुए उपखंड अधिकारी आलोक कुशवाह से अपनी मांगों को जल्द से जल्द पूरी कराने को लेकर ज्ञापन दिया। वहीं दूसरी ओर यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह देवल ने कहा कि क्षेत्र के ट्यूबवेलों की बिजली कटौती न की जाए ज्यादा बिजली कटौती से किसान की मेहनत खघ्राब हो जाती है। वहीं धरना प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रंजीत सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष अबरार अली, प्रदेश प्रभारी गजराज सिंह, प्रदेश उप निरीक्षक मुस्तकीम अली, प्रदेश संगठन मंत्री संभाव उपाध्याय प्रदेश महासचिव यश गॉड, महानगर उपाध्यक्ष मनोज कुमार, अन्य किसान मौजूद रहे।



# अंबेडकर पार्क में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डॉ आंबेडकर मेमो. रियल कमेटी उत्तर प्रदेश रजिस्टर्ड मुख्यालय मुरादाबाद की ओर से डॉक्टर अंबेडकर पार्क सिविल लाइन मुरादाबाद में डॉक्टर अंबेडकर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को डॉ० भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर अर्थात 14 अप्रैल 2025 को पुरस्कृत किया जाएगा उक्त खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रांतीय अध्यक्ष रूप सिंह भारती ने किया तथा प्रतियोगिता का संचालन कमेटी के प्रांतीय महामंत्री बंश बहादुर ने किया। प्रांतीय संरक्षक श्रद्धेय वीर सिंह जी श्रद्धे हरिओम सागर जी रहे। खेलकूद प्रतियोगिता में निम्नलिखित खिलाड़ियों ने निम्न स्थान प्राप्त किया - बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ वर्ग 6 से 8 वर्ष में वंश प्रथम, लोकेश द्वितीय, आयुष तृतीय रहे । 100 मीटर दौड़ 8 से 12 वर्ष वर्ग में अक्षय प्रथम, यश द्वितीय, सार्थक तृतीय रहे , 100 मीटर दौड़ 12 से 15 वर्ष में ओमेंद्र प्रथम, दक्ष द्वितीय, कृष्ण तृतीया रहे। बालिका वर्ग 8 से 12 वर्ष वर्ग में इशिता प्रथम, रोनिका द्वितीय, निधि तृतीय, 15 से 12 से वर्ष वर्ग में प्रतिभा प्रथम, पूर्वी द्वितीय, खुशी तृतीय रही। कुर्सी दौड़ में बालिका वर्ग में रोनिका प्रथम ,निशिका द्वितीय, निधि तृतीय, बालक वर्ग कुर्सी दौड़ में सार्थक प्रथम ,कृष्णा द्वितीय, चित्रांश तृतीय रहे। नींबू चम्मच दौड़ बालिका वर्ग में पूर्वी प्रथम, निधि द्वितीय ,प्रतिभा तृतीय। नींबू दौड़ 6 से 8 वर्ष में बालिका वर्ग में देवांसी सिंह प्रथम, हर्षिता द्वितीय रही ।बालक वर्ष में जिज्ञांश कुमार प्रथम,वैभव द्वितीय रहे। इस अवसर पर रूप सिंह भारती, वंश बहादुर , वीर सिंह, राजपाल सिंह , डॉ० कैलाश कुमार, शिव स्वरूप ,संजीव कुमार गौतम , बृजनंदन , हरिओम सागर , सरिता, श्रद्धेया कमलेश सागर सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# शांतिभंग के आरोप में तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** मोटर साईकिल ओवर टेक करने को लेकर दो बाइ. कों सवारो में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। पुसिल ने एक पक्ष के मारपीट करने के आरोप में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बोवदवाला निवासी मोहित कुमार पुत्र विरेंद्र गुज्जर , लवी यादव उर्फ विश्वजीत पुत्र मनोज कुमार निवासी गांव शि. वनगर, शरद यादव पुत्र योगेंद्र सिह उर्फ पप्पू निवासी ग्राम ईग्राह थाना डिलारी को बाइक ओवर टेक करने और दूसरे बाइक सवार मोसिम पुत्र शकील द्वारा विरोध किया। आरोप है कि उक्त तीनों युवकों ने मोसिम के साथ मारपीट पर उतारू हो गए। पुलिस ने मोहित कुमार, लवी यादव, शरद यादव को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को तीनों आरो. पितों का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां उन्हे जमानत पर छोड़ दिया गया है।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दरियापुर रफायतपुर में लेंगे पन्ना प्रमुखों की बैठक

**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारतीय जनता पार्टी, उ प्र के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष आकाश पाल प्रातः 10:30 बजे दरियापुर रफायतपुर में पन्ना प्रमुख की बैठक लेगे। उसके उपरांत वहीं पर पार्टी के स्थापना दिवस के क्रम में पार्टी की 8 वर्ष की उपलब्धि के पत्रक ग्राम में वितरित करेंगे व जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 12 बजे भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी के कार्यालय पर, संगठन वक्फ बिल पारित करने हेतु धन्यवाद पत्र देंगे। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी ने बताया कि इस दौरान पार्टी के काफी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# सत्संग में इंसान को यही प्रेरणा दी: सतगुरु माता सुदीक्षा

**ठाकुरद्वारा।** ब्लाक डिलारी की ब्रांच करनपुर चौराहा में मासिक निरंकारी संत समागम में एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के प्रवचनों का सीधा प्रसारण सुना गया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने प्रसारण के दौरान अपने प्रवचनों में उन्होंने कहा कि सत्संग में अनेकों महापुरुषों को श्रवण किया जाता है माध्यम जो भी रहता हो भाषा जैसी भी रहती हो संद. ेश इस निराकार की भक्ति में जीवन को जीने का ही रहता है और बार-बार कहा जाता है कि सबसे पहले संतों की सेवाओं के लिए जो एक रूप है उसमें सेवा देते रहे तो खुद को भी हर समय संतों का दास ही माने एक भाव कुछ और ना बन जाए कोई खुद को किसी तरह से संगत से अलग ना समझे । सभी संगत की जरूरत के लिए भक्तों को हमेशा से उपयोगी से एक अपने प्रियतम निराकार के प्रति ही प्यार रहता है । उसी के लिए यह सत्संग का भी आयोजन अनेकों स्थानो पर किया जाता है और सत्संग में इंसान को यही प्रेरणा दी जाती है कि निराकार पर ब्रह्म से अपना नाता जोड़कर जो रखता है और सत्संग सेवा सिमरन के साथ अपना नाता जोड़ता है वही भक्ति कर रहा होता है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर बाबू सिंह कमल कुमार महेंद्र सिंह त्रिवेणी शंकर होती सिंह धर्मपाल सिंह दिनेश कुमार चेतन स्वरूप ग्राम प्रधान रेखा देवी अनीता देवी निशि देवी पूनम नीतू देवी आस्था वंशिका आदि उपस्थित रहे सत्संग के प्रसाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद बड़े श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।



# यज्ञ रक्षक थे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर पंडित वीरेंद्र आर्य ने वैदिक रीति से जिला मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट की यज्ञमानी में विशेष यज्ञ सम्पन्न कराया। यज्ञोपरांत मथुरा प्रसाद आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती का प्रेरणाप्रद भजन सुनाया। डा राम मुनि ने सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया।आर्य विद्वान सूर्य प्रकाश द्विवेदी और कपिल आर्य ने श्रीराम नवमी के अवसर पर बताया कि श्री राम का आदर्श जीवन आज भी जन जन के हृदय में में है। आर्य समाज श्रीराम के आदर्श चरित्र की पूजा करता है और उनके गुणों का प्रचार करता है । श्रीराम का जीवन वेदोक्त रहा है। उन्होंने गुरुकुलीय जीवन से ही यज्ञ का महत्व जान लिया था। गुरु विश्वामित्र के साथ जाकर ऋषियों द्वारा किये जाते यज्ञ को अपवित्र करने वाले राक्षक का अंत करके निर्विघ्न यज्ञ करने का ऋषियों को वातावरण दिया। श्रीराम ने यज्ञों की रक्षा करके अपने को यज्ञ रक्षक सिद्ध कर दिया। आयोजन में अरबिंद आर्यबंधु विनोद कुमार गुप्ता निर्मल आर्य , रमेश सिंह आर्य,डा अभय श्रोत्रिय संतोष कुमार गुप्ता मयंक आर्य डा आलोक कुमार राजेश नारंग, रवीन्द्र आर्य रमाशंकर आर्य प्रज्ञांशु आर्य, ज्ञानप्रकाश भगत, राकेश कुमार आर्य , सुमित आर्य- आदि उपस्थित रहे।






**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद मार्ग से निकली श्रीराम नवमी पर शोभायात्रा का आर्य समाज के पदाधिकारियों विनोद कुमार गुप्ता रमेश सिंह आर्य एडवोकेट, संतोष कुमार गुप्ता, उमेश आर्य, रविन्द्र आर्य संजय अरोरा वीरेंद्र आर्य, नमन आर्य, अमित आर्य ने पुष्प वर्षा करके स्वागत व सम्मान किया।

# आरसीबी के खिलाफ उतरेगी मुंबई इंडियंस

● मुंबई ने मौजूदा सीजन में अब तक खेले गए चार मैचों में सिर्फ एक मैच में ही जीत हासिल की है

**मुंबई, वार्ता।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 20वें मैच में अपने लड़खड़ाते अभियान को पुनर्जीवित करने के लिए सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने घरेलू मैदान का लाभ लेने की कोशिश करेगी।

मुबंई ने मौजूदा सीां में अब तक खेले गये चार मैचों में सिर्फ एक में जीत हासिल की है। एमआई के स्तरहीन प्रदर्शन के चलतेटीम के संतुलन और नेतृत्व पर सवाल उठने शुरु हो गये हैं। कप्तान के रूप में हार्दिक पांड्या की वापसी सीजन की खराब शुरुआत के साथ हुई है हालांकि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्होने पांच विकेट लेकर फॉर्म की झलक दिखाई है। मुंबई के खराब प्रदर्शन का कारक टीम सामंजस्य की कमी दिखायी दे रही है। उनकी बल्लेबाजी लय में नहीं रही है। शीर्ष क्रम एकजुट होकर फायर करने में विफल रहा है। पिछले मैच में चोट के कारण मैदान पर नहीं उतरने वाले रोहित शर्मा अभी तक फॉर्म में नहीं हैं। टीम में एकमाीाि सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 57 की औसत और 161-32 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए हैं, तथा अपने आसपास की बल्लेबाजी के पतन के बीच भी वे डटे हुए हैं। वानखेड़े की पिच अपने उच्च स्कोर वाले खेलों के लिए जानी जाती है, मेजबानों को कुछ राहत प्रदान करेगी, जो अपने घरेलू लाभ की तलाश करेंगे। इस मैदान पर मुबंई ने 11 में से आठ बार आरसीबी को हराया है। हालांकि इस बार उन्हे इन फार्म बेंगलुरु से पार पाने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी। आरस.ीबी दो जीत और एक हार के साथ मैच में आ रही है। बेंगलुरु में एक उच्च स्कोर वाले मुकाबले में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। विराट कोहली का वानखेड़े में 18 खेलों में 44-15 की औसत से 574 रन बनाने का शानदार रिकॉर्ड है, उनकी उम्मीदों का केंद्र होंगे। इंग्लिश ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने गुजरात के खिलाफ 54 रन बनाकर अपनी फॉर्म में वापसी की है और टिम डेविड और जितेश शर्मा के साथ मिलकर एक खतरनाक मध्य क्रम बनाया।

पिछले सीजनों में अक्सर आला.चनाओं का शिकार रही आरसीबी की गेंदबाजी इस साल और भी तेज दिखी है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने तीन मैचों में 7-26 की इकॉनमी रेट से छह विकेट लिए हैं, जबकि भुवनेश्वर कुमार नई गेंद से भरोसेमंद रहे हैं। क्रुणाल पांड्या और लिविंगस्टोन की अगुआई में स्पिन विभाग अतिरिक्त विविधता प्रदान करता है। वानखेड़े की पिच सपाट और ठोस होने की उम्मीद है, जो बल्लेबाजों के अनुकूल होगी। इस स्थल पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के बेहतर परिणाम रहे हैं, जिन्होंने 119 टी20 मैचों में से 65 में जीत हासिल की है। दोनों पक्षों के लक्ष्य का पीछा करने को प्राथमिकता देने के कारण, टॉस महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुंबई अपने अभियान को फिर से बनाने की कोशिश कर रही है और आरसीबी अपनी गति को मजबूत करने की कोशिश कर रही है, सोमवार का मुकाबला काफी रोमांचक होने वाला है। जहां एमआई घरेलू समर्थन और पिछले दबदबे पर निर्भर करेगा, वहीं आरसीबी मौजूदा फॉर्म के आधार पर अधिक स्थिर इकाई दिखाई देती है।

**मुंबई इंडियंस की संभावित एकादश:** विल जैक, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या (कप्तान), तिलक वर्मा नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, विग्नेश पुथुर, ट्रेंट बोल्ट इम्पैक्ट प्लेयर: तिलक वर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की संभावित एकादश:** फिलिप साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल इम्पैक्ट प्लेयर: सुयश शर्मा।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# चार माह बाद वापसी कर सकते हैं जसप्रीत बुमराह




**एमआई ने रेडी टू रोर मैसेज पोस्ट किया**

**मयंक यादव बॉलिंग के लिए फिट**

**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के आईपीएल मैच खेलने के आसार नजर आने लगे हैं, वे मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ गए हैं। बुमराह कमर की चोट के कारण इस सीजन के पहले चार मैच नहीं खेल सके थे। बुमराह को लेकर मुंबई इंडियंस ने रविवार को अपने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव भी आने वाले मैचों में वापसी कर सकते हैं। वे भी चोट की वजह से शुरुआती मैच नहीं खेले थे। बीजीटी के आखिरी मैच में चोटिल हुए थे बुमराह तेज गेंदबाज को बार्डर-गावस्कर ट्राफी के दौरान चोटिल हो गए थे। लोअर बैक इंजरी के चलते बुमराह चौंपियंस ट्राफी से भी वह बाहर हो गए थे। वे पिछले कुछ दिनों से बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे थे। मुंबई 4 में 3 मैच हारी, पाइंट टेबल में नंबर 7 मुंबई पहले 4 आईपीएल मैच में से 3 गंवा चुकी है। मुंबई को इस सीजन के पहले लीग मैच में चेन्नई ने 4 विकेट से हरा दिया था। दूसरे मैच में गुजरात के हाथों 36 रन से हार मिली थी। तीसरे मैच में मुंबई ने अपने घरेलू मैदान पर वापसी की थी और कोलकाता को 8 विकेट से हराने में सफलता हासिल की थी। चौथे मैच में उसे लखनऊ ने करीबी मुकाबले में 12 रन से हरा दिया। मुंबई के 4 मैचों में 2 अंक है और ये टीम पाइंट्स में अभी 7वें नंबर पर है। लखनऊ के मयंक पिछले आईपीएल में चोटिल हुए थे मयंक यादव पिछले आईपीएल में चोटिल हो गए थे। उसके बाद से वह केवल 3 ही घरेलू और इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वे मांसपेशियों के खिंचाव से परेशान हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के हेड कोच जस्टिन लैंगर ने शुक्रवार को प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि मयंक एनसीए में बहुत मेहनत कर रहे हैं और मैंने उनके गेंदबाजी के कुछ वीडियो देखे हैं, जिसमें वे लगभग 90 से 95प्रतिशत की फिटनेस के साथ गेंदबाजी कर रहा था। मयंक ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जो भारतीय क्रिकेट और आईपीएल के लिए वाकई बहुत बढ़िया है। हमने पिछले साल उनके प्रदर्शन को देखा था। मुझे नहीं लगता कि भारत में कोई ऐसा गेंदबाज है, जिसने मयंक से ज्यादा तेज गेंदबाजी की हो। मयंक ने पिछले सीजन आईपीएल डेब्यू किया था। वे डेब्यू मैच में ही 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वे डेब्यू पर प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले पहले पेसर बने। 155.8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की गेंद से उनका नाम चर्चा में आया। उन्होंने पंजाब किंग्स खिलाफ अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद 155.8 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपनी 24 में से 6 गेंदें 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ऊपर की फेंकी। उनकी सभी 24 गेंदों की स्पीड 140 किमी प्रति घंटा से ऊपर रही।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### केकेआर ने मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी: रिंकु

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक.ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विरुोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह की बांह में गुदा टेटू उन्हे उस पल की याद दिलाता है, जिसने उनकी लजदगी हमेशा के लिए बदल दी। नाइट बाइट के एक एपिसोड में रिंकू ने अपने क्रिकेट के सफ़र को याद करते हुए अपने टैटू के बारे में बात की, जिस पर 'भगवान की योजना, खूबसूरती से किया गया' लिखा हुआ था और साथ ही '2:20' लिखा हुआ था। ठीक वही पल जब वह कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े और उसने उनकी ज़लदगी हमेशा के लिए बदल दी। कोलकाता फ्रेंचाइजी के साथ अपने विशेष संबंध को दर्शाने वाले टैटू की ओर इशारा करते हुए उन्होने कहा कि जब मुझे 2018 में केकेआर ने 80 लाख रुपये में खरीदा था, तो वह रकम मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत बड़ी थी। उससे पहले हमारे पास ज़्डादा पैसे नहीं थे। मेरे परिवार की ज़लदगी पूरी तरह बदल गई। मेरे भाई-बहनों की शादियाँ आसान हो गई, और हमने उस पैसे से एक घर भी खरीदा।

### घटिया स्पोर्ट्स किट बांटने की जांच होगी : मदन दिलावर

**झुंझुनू, वार्ता।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों में वितरित की गयी घटिया गुणवत्ता वाली स्पोर्ट्स किट की जांच कराई जायेगी। श्री दिलावर ने रविवार को राजस्थान में झुंझुनू जिले के टमकोर गांव स्थित महाप्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जो भी व्यक्ति, अधिकारी कर्मचारी इस घोटाले में दोषी पाया जाएगा उसके खिलफ़ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। राज्य में सरकारी विद्यालयों में बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल किट वितरित किए गये है।

# डबल हेडर के बाद अंक तालिका में बड़ा बदलाव

■ दिल्ली शीर्ष पर, पूर्व चैंपियन रह चुकीं चार टीमें सूची में सबसे नीचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 में दो मुकाबले लगभग एकतरफा हुए। पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया, जबकि दूसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को शिकस्त दी। इन दो मैचों के बाद अंक तालिका में काफी बदलाव हुआ है।

पंजाब की टीम को जहां तीन स्थान का नुकसान हुआ, वहीं पूर्व चैंपियन रह चुकीं चार टीमें अंक तालि.का में सबसे नीचे हैं। दिल्ली के खिलाफ चेन्नई को 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। यह दिल्ली की लगातार तीसरी जीत रही। टीम छह अंक और +1.257 का नेट रन रेट लेकर शीर्ष पर है। वहीं, चेन्नई की यह तीसरी हार रही। पांच बार की चैंपियन यह टीम एक जीत और दो अंक लेकर अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट -0.891 है। वहीं, राजस्थान को भी जीत का फायदा हुआ और टीम सातवें स्थान पर कायम है। उसने अभी तक चार में से दो मैच जीते हैं, जबकि दो में उसे हार मिली है। राजस्थान का नेट रन रेट -0.185 है। पंजाब की टीम को तीन स्थान का नुकसान हुआ। दिल्ली- चेन्नई मैच के बाद पंजाब किंग्स पहले से दूसरे स्थान पर लुढ़की, फिर राजस्थान से खुद के मैच के बाद चौथे स्थान पर लुढ़क गई। पंजाब ने तीन में से दो मैच जीते हैं और चार अंक लेकर चौथे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.074 है। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीन में से दो जीत और चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +1.149 है। वहीं, गुजरात टाइटंस तीन में से दो जीत और एक हार के साथ तीसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.807 है। फिर पंजाब का नंबर आता है। उसके बाद पांचवें स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स है। केकेआर ने चार में से दो मैच जीते हैं और दो में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। उसके अंक चार हैं और नेट रन रेट +0.070 है। वहीं, लखनऊ चार मैचों में दो जीत और दो हार के साथ छठे स्थान पर है। उसके भी चार अंक हैं और नेट रन रेट +0.048 है। इसके बाद नीचे के चार स्थान पर चार पूर्व चैंपियन टीमें हैं। सातवें स्थान पर राजस्थान और आठवें स्थान पर मुंबई इंडियंस है। मुंबई ने चार में से एक मैच जीता है और तीन हार और दो अंक के साथ आठवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.108 है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स नौवें और हैदराबाद 10वें स्थान पर है।

# एलएसजी के दिग्वेश राठी पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** लखनऊ के गेंदबाज दिग्वेश राठी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ नोटबुक सेलिब्रेशन की वजह से मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना के साथ ही दो डिमेरिट पाइंट दिया गया है। अब उनके तीन डिमेरिट पाइंट हो गए हैं। दिग्वेश को इसी सेलिब्रेशन के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में भी 25 प्रतिशत फाइन लगा था और एक डिमेरिट पाइंट दिया गया था। वहीं, स्लो ओवर रेट के लिए टीम के कप्तान ऋषभ पंत पर 12 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। दरअसल शुक्रवार रात लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेले गए मैच में दिग्वेश राठी ने मुंबई के बल्लेबाज नमन धीर को आउट करने के बाद अपने ट्रेड मार्क नोट बुक फाड़ने के अंदाज में जश्न मनाया। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत दूसरी बार दोषी दिग्वेश राठी आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत दूसरी बार दोषी पाए गए। इसलिए उन पर 50 प्रतिशत जुर्माना और 2 डिमेरिट पाइंट दिए गए। इससे पहले एक अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ में ही खेले गए मैच में पंजाब के बैटर प्रियांश आर्य को आउट किया करने बाद पर्चा फाड़ने के अंदाज में सेलिब्रेशन किया था। उनकी इस हरकत पर कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी अपनी नाराजगी जताई थी। उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था और एक डिमेरिट पाइंट दिए गए थे। एक अप्रैल को पंजाब के बैटर प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद उनके पास जाकर नोटबुक सेलिब्रेशन करते हुए दिग्वेश राठी।

# धोनी ने संन्यास की खबरों को खारिज किया

**इस सीजन के अंत में अपने करियर को अलविदा नहीं कह रहे माही**

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने ताजा पाडकास्ट में आईपीएल से अपने संन्यास की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। धोनी के संन्यास की अफवाह ने उस वक्त जोर पकड़ा जब सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चेपाक में खेले गए मुकाबले को देखने के लिए धोनी के माता-पिता भी स्टेडियम पहुंचे। हालांकि, धोनी के संन्यास की खबर अफवाह निकली क्योंकि उन्होंने मैच के बाद ऐसी कोई घोषणा नहीं की। धोनी ने अब इन खबरों को लेकर चुप्पी तोड़ी है और राज शमानी के पाडकास्ट में प्रशंसकों को भरोसा दिलाया है कि वह इस सीजन के अंत में अपने करियर को अलविदा नहीं कह रहे। धोनी बताया कि वह अपने शरीर को आठ महीने का समय देंगे यह देखने के लिए कि क्या 44 साल की उम्र में भी वह खेल सकते हैं। उनके पास अभी समय है यह जानने के लिए कि क्या वह इस लीग में अलविदा कहेंगे। धोनी के पाडकास्ट में कहा, नहीं, अभी नहीं, मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं। मैं चीजों को आसान रखता हूं और एक साल का समय देता हूं। अभी मैं 43 साल हूं और आईपीएल 2025 के खत्म होने तक 44 साल का हो जाऊंगा। इसके बाद मेरे पास 10 महीने का समय होगा ये जानने के लिए कि मैं आगे खेल सकता हूं या नहीं। लेकिन इसका फैसला मैं नहीं करता, बल्कि मेरा शरीर करता है। सीएसके के मैच के बाद कोच स्टीफन फ्लेमिंग से भी यही सवाल किया गया था। इस पर फ्लेमिंग ने कहा था कि उनकी धोनी से संन्यास के बारे कोई चर्चा नहीं हुई है। फ्ले.मिंग ने धोनी के संन्यास को लेकर कहा, नहीं, उनके सफर को खत्म करना मेरा काम नहीं है। मुझे कुछ पता नहीं है। मैं बस उनके साथ काम करने का लुत्फ उठा रहा हूं।

# न्यूजीलैंड की जीत में ब्रेसवेल-सियर्स बने हीरो

■ न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे में पाक को 43 रनों से हराया

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** कप्तान माइकल ब्रेसवेल (59) के विस्फोटक अर्द्धशतक और बेन सियर्स के चार विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित तीसरे वनडे में पाकिस्तान को 43 रन से हरा दिया।

गीली आउटफील्ड के कारण मैच को 42 ओवर का कर दिया गया था, जिसमें न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 264 रन बनाये जिसके जवाब में पाकिस्तान की पारी 221 रन पर ही सिमट गई। ब्रेसवेल ने 40 गेंदों पर 59 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में एक चौका और छह छक्के लगाए। इसके अलावा युवा सलामी बल्लेबाज राइस मारियू ने 58 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया, जबकि डेरिल मिशेल (53 गेंदों पर 43 रन) ने बल्ले से अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण संतुलित होने के क्षणों के बावजूद कीवियों की रन रफ्तार को रोकने में विफल रहा।

आकिफ जावेद ने 62 रन देकर 4 विकेट लिए। 265 रनों का पीछा करते हुए, पाकिस्तान दबाव में लड़खड़ा गया। सीयर्स ने एक तेज स्पेल में 35 रन देकर 4 विकेट चटकाए जिसने मेहमान टीम के निचले क्रम को ध्वस्त कर दिया। जैकब डफी ने भी दो महत्वपूर्ण विकेट लिए, जिसमें खतरनाक रिजवान (37) शामिल थे।

# आरआर की सलामी जोड़ी अदभुत: क्लार्क




■ जायसवाल और संजू किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखते है

**मुबंई, वार्ता।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और टीवी कमेंटेटर माइकल क्लार्क ने टाटा आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी अदभुद है और यह किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखती है।

कुहल फैन्स मैच सेंटर लाइव ऑन जियोहॉटस्टार पर क्लार्क ने कहा कि जयसवाल ने आज शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि वह पहले के मैचों की तुलना में शुरुआत में थोड़ा ज़्डादा सतर्क थे। कुछ अच्छे शॉट्स ने उसे आत्मविश्वास दिया और वहीं से गति पकड़ी। अगर आप उसके वैगन व्हील को देखें, तो वह पार्क के चारों ओर शॉट मारता है। उसे लेग साइड पसंद है, लेकिन कीपर के ऊपर से ऊपर की ओर शॉट मारना और उसका कवर ड्राइव उसके पास सभी शॉट हैं। अगर वह खुद को बस कुछ गेंदें दे, यहाँ तक कि पहले ओवर में ज़मीन पर हिट करने की कोशिश करे, तो वह बहुत विनाशकारी हो सकता है। उन्होने कहा कि राजस्थान रॉयल्स एक अलग टीम है जब उनका ओपनिंग कॉम्बिनेशन आग उगलता है। वे बहुत शक्तिशाली हैं। रियान पराग के बारे में संजय मांजरेकर ने कहा कि मुझे वाकई लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के लिए रियान पराग की पारी और भी महत्वपूर्ण थी। हां, जायसवाल ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी, लेकिन वह 14वें ओवर में आउट हो गए। उसके बाद, पराग ने अपना समय लिया और मुझे थोड़ी चिंता हुई कि शायद वह बहुत धीमी गति से खेल रहे हैं, लेकिन फिर उन्होंने धमाका कर दिया। अब वह जानते हैं और भरोसा करते हैं कि वह धीमी शुरुआत की भरपाई कर सकते हैं। पहली 13 गेंदों में उनका स्ट्राइक रेट 100 से थोड़ा ज़्डादा था। अगली 13-14 गेंदों में यह 200 के करीब था। उस पारी ने राजस्थान रॉयल्स को एक बेहतरीन स्थिति में पहुँचा दिया। क्लार्क ने कहा कि मुझे लगता है कि राजस्थान रॉयल्स ने 200 रन तक पहुंचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया, यह वास्तव में एक अच्छा स्कोर था। पंजाब किंग्स शायद निराश होंगे कि उन्होंने इतने रन दिए। लेकिन जोफ्रा आर्चर की पहली गेंद ने वास्तव में राजस्थान रॉयल्स के लिए लय तय कर दी। यह एक बेहतरीन गेंद थी। फिर श्रेयस ने दो अविश्वसनीय कवर ड्राइव लगाए।

# डोपिंग मामले में मेरे फिजियो की गलती: सिनर

■ टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद बैन हुए थे, रोम मास्टर्स से करेंगे वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 1 इटालियन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर पर डोपिंग के चलते वर्ल्ड एंटी डोपिंग एसोसिएशन (वाडा) ने हाल ही में बैन लगाया था। पिछले साल उनके 2 डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उनपर इस साल 9 फरवरी से 4 मई तक का बैन लगाया गया था। दरअसल, मार्च 2024 में हुए इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के दौरान उनके शरीर में एक क्लोस्टेबोल नामक प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया। यह पदार्थ उनके शरीर में एक स्प्रे के माध्यम से गया था। शनिवार को सिनर ने बैन के बाद स्काई स्पोर्ट्स को अपना पहला इंटरव्यू दिया। जिसमें उन्होंने कहा, यह मेरे फिजियोथेरेपिस्ट की गलती थीरू सिनर इंटरव्यू में सिनर ने कहा, यह पदार्थ मेरे फिजियोथेरेपिस्ट के स्प्रे के जरिए गलती से मेरे शरीर में आया था। इस स्प्रे को उनके फिजियो ने सिनर के एक कट को ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके इस्तेमाल के दौरान वे दस्ताने पहनना भूल गए। जिसकी वजह से यह पदार्थ सिनर के शरीर में चला गया। हालांकि इस घटना के बाद सिनर ने उस फिजियोथेरेपिस्ट को हटा दिया था। जैनिक सिनर ने इस साल जनवरी में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर 2025 आस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था। इसी के साथ उन्होंने अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। वो 2006 में फ्रेंच ओपन में राफेल नडाल के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब बरकरार रखने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। जैनिक सिनर ने कहा कि वो अपने आगामी टूर्नामेंट के लिए तैयार होने पर ध्यान दे रहे हैं। सिनर इस साल 7 मई से शुरू हो रहे रोम मास्टर्स से अपने इंटरनेशनल करियर में वापसी करेंगे। इसके बाद वह 19 मई से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन में भी खेलते नजर आएंगे।

# हैदराबाद ने गुजरात को 153 रन का टारगेट दिया

● नीतीश रेड्डी ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए, मोहम्मद सिराज को चार विकेट मिले




**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2025 के 20वें मैच में गुजरात टाइटंस को 153 रन का टारगेट दिया है। जवाब में गुजरात ने एक ओवर में बिना नुकसान के 4 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल क्रीज पर हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। नीतीश कुमार रेड्डी (31 रनद्ध और हेनरिक क्लासन (27 रन( ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। अनिकेत वर्मा और अभिषेक शर्मा ने एक समान 18-18 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट झटके। उन्होंने सिमरजीत सिंह, अनिकेत वर्मा, ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा को पवेलियन भेजा। प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर को 2-2 विकेट मिले। हैदराबाद ने गुजरात को 153 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। आखिरी ओवर डाल रहे ईशांत शर्मा ने 17 रन दिए। उनके ओवर में पैट कमिंस ने एक चौका और एक छक्का लगाया। उन पर शमी ने भी एक चौका लगाया। 17वें ओवर की आखिरी बाल पर हैदराबाद ने छठा विकेट गंवाया। यहां कमिंडु मेंडिस एक रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। 16वें ओवर की पहली बाल पर हैदराबाद का 5वां बैटर आउट हुए। यहां साई किशोर ने नीतीश रेड्ध्डी को राशिद खान के हाथों कैच कराया। उन्होंने अपने पिछले ओवर में हेनरिक क्लासन को भी आउट किया। 14वें ओवर में हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवाया। इस ओवर की 5वीं बाल पर साई सुदर्शन ने हेनरिक क्लासन को बोल्ड कर दिया। क्लासन ने 27 रन बनाए। साई किशोर ने फिफ्टी पार्टनरशिप को ब्रेक किया। टीम ने तीसरा विकेट 50 रन के स्कोर पर गंवाया था। ओवर की आखिरी बाल पर अनिकेत ने एक रन लेकर टीम को 100 पार पहुंचाया। 8वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवाया। दूसरी बाल पर ईशान किशन 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने ईशांत शर्मा के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में हैदराबाद ने 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही हैदराबाद की शुरुआत खराब रही है। टीम ने 6 ओवर के फेज में 45 रन बनाने में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। हेड 8 और अभिषेक 18 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट सिराज ने जीते हैं। पारी के छठे ओवर में ग्लेन फिलिप्स को चोट लगी। एक थ्रो फेंकते समय उनकी मसल्स में खिंचाव आया। फिजियो उन्हें मैदान से बाहर ले गए।

# खेत में लगी आग, भूसा जलकर हुआ राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव भगतपुर में उस समय ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई जब एक कटे हुए गेहूं के खेत में आग लग गई आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में 30 बीघे खेत का भूसा जलकर राख हो गया।

भगतपुर गांव निवासी पीड़ित सद्दाम हुसैन पुत्र बशीरुद्दीन नें बताया कि खेत में कटाई के बाद भूसा एकत्र कर रखा गया था रविवार की दोपहर ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली की सद्दाम के खेत में आग लग गई है। सूचना पाकर ग्रामीणों के साथ पीड़ित मौके पर पहुंचा साथ में समाजसेवी अकबर अली गाजी भी मौके पर पहुंच गये तब ग्रामीणों ने देखा कि 30 बीघे खेत में आग लगी है। जल्द ही ग्रामीणों ने पीड़ित के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक खेत में रखा भूसा सहित खेत की मेड पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ भी जलकर राख हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस के साथ पहुंचे भगतपुर थाना अध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह नें ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया और आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को सूचना देकर मौके पर बुलाया खेत पर जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तब तक आग पर काबू पा लिया गया था। खेत में आग लगने से पीड़ित का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित का आरोप है कि गांव में रहने बाले दो लोगों ने उसके खेत में आग लगाई है।

जिसके बाद पीड़ित नें दोनों के खिलाफ भगतपुर थाने में तहरीर देकर कारवाही करने की मांग की।



# माता महाकाली के वार्षिकोत्सव पर झांकियां के साथ आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** आस्था और श्रद्धा का प्रतीक नगर के माता महाकाली मंदिर के 55 वें तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव की शुरूआत महिला कीर्तन के साथ की गई। इसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने माता महामाई का गुणगान कर प्रसाद का वितरण किया। रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और माता रानी के दर्शन किएस देर शाम को धामपुर की महाकाल जागरण पार्टी ने जागरण किया पार्टी के प्रमुख पंडित विकास वशिष्ठ, प्रसिद्ध गायिका सुरभि सरगम, गायक अमन सांवरिया एवं किरण राजपूत ने माता रानी के सुंदर भजन गाकर सैकड़ो श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया स बतादे की प्राचीन माता महाकाली मंदिर (माता के थान) पर प्रतिवर्ष तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। शनिवार को महिला कीर्तन के साथ इसकी शुरूआत हुई थी जिसमें महिला श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर कीर्तन में भाग लिया। रविवार को नवमीं पर सुबह हवन-पूजन आदि अनुष्ठान किए गए दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कियास रात को विशाल जागरण का आयोजन किया गयास माता रानी के भजनों पर लोग झूम उठेस माता महाकाली मां की भव्य शोभायात्रा सोमवार को निकाली जाएगी।जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र महामाई का डोला (पालकी) रहेगी है। देवी की यह प्रतिमा साल भर में केवल शोभायात्रा के दिन ही मंदिर से बाहर निकलकर पूरे नगर का भ्रमण करती है। इस पालकी में सवार देवी की प्रतिमा के दर्शन कर श्रद्धालु पुण्य की प्राप्ति करेंगे। कमेटी के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह विश्नोई आदि शोभायात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं।



## एक नजर

### गर्मी में फसलों को आग से बचाने के लिए बरतें सावधानी

**चन्दौसी।** गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं में अचानक इजाफा हो जाता है। फसलों के ऊपर गुजर रही हाईटेंशन की तार के नीचे यदि गलती से गेहूं की पकी हुई फसल खड़ी की तो कभी आग लग सकती है। शनिवार को ब्लाक बनियाखेड़ा के गांव मौहम्मदपुर काशी में हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे पकी हुई गेहूं की फसल में अचानक आग लग गयी। हालांकि मौके पर फायरबिग्रेड पहुंची और लोगों ने ट्यूबवैल आदि के



माध्यम आग पर किसी तरह काबू पाया लेकिन तब तक 20 बीघा के करीब गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी है। हालांकि गनीमत यह रही कि यह आग आसपास के खेतों में नहीं फैली अन्यथा काफी दूर तक गेहूं की फसल थी। रविवार को घटना की तहकीकात करने तहसीलदार धीरेन्द्र कुमार गांव पहुंचे एवं जानकारी ली। तहसीलदार द्वारा ग्रामीणों से स्पष्ट कहा गया कि गर्मी के मौसम में जरा सी चिंगारी से भी तुरंत आग लग जाती है। गेहूं की पकी हुई फसल के आसपास बीड़ी आदि ने फेंके। आसपास के गड्ढों में पानी अवश्य रखें जो आपात स्थिति में काम आ सकें। फिलहाल शनिवार को संभल हयातनगर थाने में आग लगी, वहीं चन्दौसी तहसील अंतर्गत मुहम्मदपुर काशी में स्थित गेहूं की फसल जलकर रख हो गयी।

### स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ ने किया जागरूकता कार्यक्रम

**चन्दौसी।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले रविवार को एक जागरूकता जनसंपर्क बहजोई में किया गया जिसमें



ठेकाकर्मी, संविदाकर्मी व आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं व समाज में जागरूकता गतिविधियों पर चर्चा की गयी। वही संगठन से जोड़ने का कार्य करते हुए। जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजवर ने प्रदेश संगठन मंत्री कैलाशचंद्र चटवाल की सहमति पर अर्जुन सतुले को जिला उपाध्यक्ष संभल घोषित किया और कहा कि नगरपालिका अध्यक्ष की भूमिका नगर पिता के रूप में है और नगर पिता के पास समस्याओं को रखकर समाधान किया जाएगा। जिला महामंत्री विशाल वाल्मीकि ने कहा कि नगरपालिका के कर्मचारियों की समस्याओं को शासनादेशों के आधार पर उठाया जाएगा और समाज को मजबूती दी जाएगी व समाज में जागरूकता के सभी प्रयास किये जायेंगे। जनसंपर्क में अजय कुमार राजवर, विशाल वाल्मीकि, अमन सिंघानिया जिला मीडिया प्रभारी, अनिल राधे, गुड्डू आदि मौजूद रहे।

### स्थापना दिवस पर फहराया पार्टी का झंडा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को आज कार्यकर्ताओं ने हर्षो उल्लास के साथ मनाया इस मौके पर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने मकान की छत पर पार्टी का झंडा फहराया और लोगों को पार्टी द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी दी कांठ में मुक. ेश महेश्वरी, नवादा में नीरज बिश्नोई सहित जगह-जगह गांव-गांव पार्टी का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस की परंपरा को आगे बढ़ाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में जोश देखने को मिला।



### भावाधस भारत के तत्वावधान में प्रांतीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा (पंजी०) भावाधस भारत के तत्वाधान में प्रान्तीय सम्मलेन का आयोजन पंचायत भवन, मुरादाबाद में किया गया जिसमें भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा (पंजी०) भावाधस भारत के उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। सम्मलेन में सर्व सम्मति से लिये निर्णय के आलोक में श्री जसपाल सिंह वाल्मीकि प्रदेश अध्यक्ष उ०प्र०, भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा (पंजी०) भावाधस भारत के नेतृत्व में पंचायती राज विभाग के आधीन कार्यरत सफाई कर्मचारी / नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के सम्बन्ध में 07 सूत्रीय ज्ञापन सहुलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव / पूर्व राज्य मंत्री डा० अरविन्द राजभर जी के माध्यम से माननीय ओम प्रकाश राजभर जी, केबिनेट मंत्री, पंचायती राज, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ को प्रेषित किया गया, उक्त ० सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित करने में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष मा० वीरेश एफ०सी० नागवंशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गा० गजराम सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री मा० सुनील लुहेरा, उ०प्र० प्रदेश संगठन महामंत्री श्री विनेश कुमार राही, उ०प्र० महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष साध्वी गीता प्रधान, शिव कुमार राणा, बिजनौर शिवम् वाल्मीकि, अमरोहा जिलाध्यक्ष श्री राम सिंह आर्य, हैप्पी वाल्मीकि, कुनाल वाल्मीकि आदि उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# कैथल में माता चामुण्डा देवी मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा

**चन्दौसी।** रविवार को कैथल में रामनवमी के पर्व पर माता चामुण्डा देवी मंदिर ग्राम कैथल से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। यहां बताते चलें कि चामुण्डा देवी मंदिर पर महंत श्रीसोमभारती बाबा की स्मृति में प्रत्येक वर्ष शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। उसी परिप्रेक्ष्य में रविवार को शोभायात्रा का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रेमपाल यादव ने मंदिर परिसर में फीता काटकर किया। शोभायात्रा में महामायी काली मां चमचमाती तलवारों से लांगुरियों के साथ युद्ध करते चल रही थीं। वहीं शोभायात्रा में हिमालय पर भगवान शिवशंकर विद्यमान थे। इधर शोभायात्रा में राधाकृष्ण की झांकी अपने अनुपम नृत्य से लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। जन्मोपरांत मृत्यु का कारक अपने वाहन भैंसा पर बैठकर यमराज की झांकी बर्वश लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। इधर श्रीराम लक्ष्मण सीमा रथ पर विराजमान थे। यह शोभायात्रा चामुण्डा देवी मंदिर कैथल गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई वापिस मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में ग्राम प्रधान प्रेमपाल यादव, संतोष यादव, चंद्रविजय, नववृत, हीरालाल, नन्ने, ओमप्रकाश यादव आदि सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# नगर में सैफी-डे धूमधाम से मनाया

**कुन्दरकी।** नगर में सैफी सोसायटी के तत्वाधान में 6 अप्रैल को सैफी सोसायटी के संरक्षक हाजी बाबू ठेकेदार सैफी के आवास पर 51 वें सैफी डे पर दुआ का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कौम और मुल्क के लिए दुआ की गई। और सैफी समाज के लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर सैफी डे की मुबारकबाद दी । कार्यक्रम में मुख्य रूप से एम.के. भारती सैफी शाहिद रजा सैफी, इकबाल सैफी, पूर्व सभासद जाहिद सैफी, कुंदरकी इंटर कलेज संचालक हाजी नबाब हुसैन सैफी , डॉ जाकिर हुसैन सैफी, महशर सैफी, डॉक्टर वसीम सैफी,,शफी सैफी, मतलूब। आदि मौजूद रहे।



# अनुबंधित बस स्वामी बस स्टैंड पर न करें बसों को खड़ी: चंद्रभान सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर बस स्टैंड के स्टेशन प्रभारी चंद्रभान सिंह ने अनु. बंधित बस स्वामियों से कहा है कि वह नियमों का पालन करते हुए बस संच. ालक से आधा घंटा पहले ही बसों को बस स्टैंड पर लाये। कटघर बस स्टैंड के स्टेशन प्रभारी चंद्रभान सिंह ने कहा कि बस स्टैंड पर खड़ी रहने से जहां यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है वही बस संचालन के लिए आने वाली बसों के लिए भी बड़ी समस्या बन गई है। उन्होंने अनुबंधित बस स्वामियों से कहा है कि वह इसका पालन करें यदि वह इसका पालन नहीं करेंगे तब ऐसी स्थिति में प्रतिदिन उनसे 200 रुपये की कटौती की जाएगी। उन्होंने अनुबंधित बस स्वामियों से कहा है कि वह अपनी बसों को बस स्टेशन परिसर में पार्किंग मैं खड़ी ना करें। जाम की स्थिति निरंतर बढ़ती जा रही है और इससे यात्रियों की जान माल का भी खतरा है आपसे अने. कों बार व्हाट्सएप के माध्यम से निरंतर अनुरोध किया जा रहा है फिर भी आपके द्वारा स्टेशन प्रबंधन को कोई सहयोग नहीं किया जा रहा बल्कि व्यवस्था निरंतर खराब की जा रही है यह आपकी मनमानी का परिचय है बस के चालक वाहनों को परिसर में उल्टी सीधी खड़ी कर चले जाते हैं कूड़ा भी परिसर में ही उतरते हैं बसों में तकनीकी कार्य धुलाई का कार्य भी बस स्टेशन परिसर में ही कराया जाता है जो किसी भी दशा में उचित नहीं है आपसे पुन अनुरोध है की व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग दें। उन्होंने अनुबंधित बस स्वामियों से कहा है कि वह अपनी बसों को स्टेशन परिसर में ना खड़ी करने के लिए चालकों को कहे।

# नवरात्रि में कन्याभोज परंपरा, श्रद्धा और संस्कृति का संगम

**चन्दौसी।** नवरात्रि के अंतिम दिन रविवार को कन्याभोज का आयोजन देशभर में धूमधाम से किया गया। माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा के समापन पर नौ कन्याओं और एक लंगुर (बालक) को भोजन कराना हिन्दू परंपरा का अहम हिस्सा माना जाता है। इसे 'कन्या पूजन' या 'कन्याभोज' कहा जाता है, जो श्रद्धा, समर्पण और नारी शक्ति के प्रतीक रूप में मनाया जाता है। देशभर के मंदिरों, घरों और सामूहिक आयोजनों में श्रद्धालुओं ने कन्याओं को आमंत्रित कर उन्हें ससम्मान भोजन कराया। पूजा के दौरान कन्याओं के पांव धोए गए, उन्हें तिलक लगाया गया, चुनरी ओढ़ाई गई और उपहार भेंट किए गए। धार्मिक मान्यता के अनुसार, कन्याओं में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का वास होता है। नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक मां के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है और दसवें दिन कन्या पूजन कर देवी की कृपा प्राप्त करने की कामना की जाती है। यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट करती है, बल्कि बालिकाओं के सम्मान और उनके महत्व को भी उजागर करती है। बता दें कि कन्याभोज केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय समाज की उस भावना को भी दर्शाता है जिसमें नारी को देवी का रूप माना गया है। यह परंपरा न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि समाज में बेटियों के महत्व और सम्मान को भी उजागर करती है। रविवार को घर-घर कन्या भोज का आयोजन किया गया। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर कन्या भोज कराया और उसके बाद अपना व्रत खोला। रविवार को गली-मौहल्लों में हवन-यज्ञ की सुगंधा आती रही। साथ ही घरों में रामनवमी का भी पूजन किया गया। नगर के रतन मौहल्ला स्थित मंदिर पर पुजारी सुखपाल सिंह द्वारा कन्याओं को भोजन कराकर उपहार दिये गये। गणेश कॉलोनी गली नं० 08 ए में सोनू किराना व्यापारी द्वारा कन्याभोज कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया गया।



# राम तुम्हारे नाम का, बस इतना-सा सार

## हिन्दी साहित्य संगम की ओर से काव्य गोष्ठी का आयोजन

**मुरादाबाद।** साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम की ओर से आज मिलन विहार दिल्ली रोड स्थित मिलन धर्मशाला में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। राजीव प्रखर द्वारा प्रस्तुत मॉं सरस्वती की वंदना से आरंभ हुए कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने रामनवमी के पर्व पर भगवान राम पर केन्द्रित रचनाओं के साथ साथ विभिन्न सामाजिक विषयों को आधार बनाकर अपनी काव्यात्मक प्रस्तुति दी। रचना पाठ करते हुए राजीव प्रखर ने कहा- मेरी दीपक पर्व पर, इतनी ही अरदास। पाऊं अंतिम श्वास तक, सियाराम को पास।। झिलमिल दीपक दे रहे, चहुँदिशि यह संदेश। तू-तू-मैं-मैं छोड़िए, सबके हैं अवधेश।। नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने दोहे प्रस्तुत करते हुए कहा- राम तुम्हारे नाम का, बस इतना-सा सार। जीवन का उद्देश्य हो, परहित पर-उपकार।। नष्ट हुए पल में सभी, लोभ क्रोध मद काम। बनी अयोध्या देह जब, और हुआ मन राम।। साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय के संस्थापक डॉ. मनोज रस्तोगी के अनुसार- वर्षों की प्रतीक्षा के बाद शुभ घड़ी है आई, अयोध्या में राम मंदिर का स्वप्न हुआ साकार, चार दशक पूर्व लिया संकल्प हुआ आज पूरा, हर ओर हो रही श्री राम की जय जयकार। युवा कवि प्रशांत मिश्र का कहना था- स्वस्थ मनुष्य की कोमल काया पर, देश में मचा बवाल है। फूली तोंद प्रशासन की कर्मठता पर, बड़ा सवाल है। राम सिंह निशंक का कहना था- श्रीराम का गुणगान गा ले। चरणों में तू शीष झुका ले। पदम सिंह बेचौन के अनुसार- कहां खो गए रास्तों में भटक कर।ा क्यों न हो सके हमसफर साथ चल कर। वरिष्ठ कवि रघुराज सिंह निश्चल के उद्गार थे- आज अवध में राम जी आए। सबके मन लगते हर्षाये। संस्था के अध्यक्ष रामदत्त द्विवेदी ने अपने भावों को शब्द देते हुए कहा- निमंत्रण राम का दुत्कारते हो। जो दानव हैं, उन्हें पुचकारते हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रामदत्त द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि रघुराज सिंह निश्चल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव प्रखर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि प्रशांत मिश्रा ने किया।




# ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय सोशलिस्ट मंच के तत्वाधान में ईद मिलन समारोह का आयोजन गया जिसकी अध्यक्षता फरीद कुरैशी ने की तथा संचालन मंसूर उर रहमान ने किया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य लोग तथा मंच के मित्रगण मौजूद रहे। इस मौके पर आदित्य कुमार एडवोकेट, कल्लू सिंह एडवोकेट, शाहिद हुसैन एडवोकेट, मुर्सरत हफीज एडवोकेट, अनवर मलिक, असलम पंचायती, अकील अहमद सहित आदि मौजूद रहे।



# नवरात्रि के अंतिम दिन कन्या पूजन के साथ हवन सम्पन्न

**मुरादाबाद।** लाईनपार स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर अंतिम दिन धार्मिक कार्यक्रमों की भव्यता देखने को मिली। नौ दिनों तक चले विशेष अनुष्ठानों के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धा और आस्था का वातावरण बना रहा। रविवार को नवमी के दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत हवन संपन्न किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति देकर मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना की।हवन के उपरांत परंपरा के अनुसार नौ कन्याओं का पूजन किया गया। इन कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनके चरण धोए गए और तिलक कर सुंदर वस्त्र भेंट किए गए। श्रद्धालुओं ने उन्हें भोजन कराकर दक्षिणा दी और आशीर्वाद प्राप्त किया। कन्या पूजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। प्राचीन श्री दुर्गा माता मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी बताया कि यह आयोजन हर वर्ष नवरात्रि में किया जाता है और लोगों की बढ़ती श्रद्धा से इसका स्वरूप हर बार अधिक भव्य होता जा रहा है। पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया,पूरे आयोजन में स्वच्छता और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। स्थानीय युवाओं ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई और श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देश देकर सहयोग प्रदान किया। मंदिर परिसर पूरे दिन माता के जयकारों से गूंजता रहा और श्रद्धालु मां के दर्शन कर खुद को धन्य महसूस करते रहे।इस प्रकार नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व का समापन भक्ति और आस्था के साथ पूर्ण श्रद्धा भाव से सम्पन्न हुआ।वहीं हवन पुजारी नवल किशोर अवस्थी द्वारा संपन्न कराया गया,इस मौके पर राजू पुजारी,अनिल कुमार सिंह ,हरिओम वर्मा, चमन कुमार, नरेश सैनी आदि उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

सोमवार, 7 अप्रैल 2025

## दलबदल पर शिकंजा

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा कि यदि स्पीकर दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में अनिर्णय दिखाते हैं, तो न्यायपालिका निष्क्रिय नहीं रह सकती। अदालत निर्देश जारी कर सकती है, जिसे यदि नजरअंदाज किया गया, तो अनुच्छेद 142 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। विधानसभाओं में दलबदल का मुद्दा हाल के वर्षों में सार्वजनिक जीवन में एक बड़ा विवादास्पद मुद्दा बन गया है। सत्तारूढ़ दलों, सियायी लोगों का  का, तो यहां तक कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने दलबदल को प्रोत्साहित करके अपने विधायी आधार में बढ़ोतरी के लिए निर्लज्ज रवैया अपनाया है। आम तौर पर इसके लिए अपनाए जाने वाले तरीके में, जिसे 2010 के दशक के उत्तरार्ध में मणिपुर में और बाद में महाराष्ट्र में बेशर्मी से अपनाया गया। स्पीकर शामिल होते हैं, जो हमेशा सत्तारूढ़ दल से होते हैं। वह दलबदल करने वाले विधायकों के खिलाफ विपक्षी दलों की अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर बिना कोई फैसला दिए बैठे रहते हैं। कुछ दलबदलुओं को, उनके पाला-बदल पर स्पीकर का निर्णय लंबित रहते हुए, मंत्री के रूप में शपथ तक दिलाई गई है। लोकतांत्रिक कवायद का मजाक बनाते हुए, कई राज्यों में सत्तारूढ़ दल की ओर सामूहिक पाला-बदल का अशोभनीय दृश्य देखा गया है। इस सिलसिले में सबसे ताजा तेलंगाना की स्थिति है, जहां भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने पाला बदलकर कांग्रेस की ओर जाने वाले अपने 10 विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए याचिकाएं दायर की थीं, जिन्हें स्पीकर ने इस साल जनवरी में जाकर अधिसूचित किया। स्पीकर द्वारा समय से कार्रवाई की मांग करते हुए बीआरएस ने एक याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उचित टिप्पणी की कि अगर कोई स्पीकर अनिर्णायक बने रहने का विकल्प चुनता है, तो अदालत सुप्रीम कोर्ट, शक्तिहीन नहीं है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की यह टिप्पणी तर्कसंगत है कि अदालतें किसी स्पीकर को यह नहीं बता सकतीं कि वह कैसे निर्णय करे, लेकिन वे स्पीकर से वाजिब समय के भीतर निर्णय करने के लिए कह सकती हैं। मई 2023 में, पांच जजों की एक संविधान पीठ ने दलबदल पर निर्णय के लिए स्पीकरों की उपयुक्तता और निष्पक्षता में विश्वास जताया था लेकिन एक वाजिब अवधि के भीतर। इस फैसले की बुनियाद पर अक्टूबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष की दलबदल याचिकाओं पर निर्णय करने के वास्ते महाराष्ट्र के स्पीकर के लिए एक समयसीमा तय की थी। स्पीकर द्वारा याचिकाओं पर सुनवाई में अनावश्यक देरी के बाद यह कदम उठाया गया था। फिर भी, यह मुद्दा बना हुआ है। यह अपरिहार्य है क्योंकि स्पीकर हमेशा सत्तारूढ़ दलों से निर्वाचित होते हैं और शायद ही कभी गैर-पक्षपाती ढंग से काम करते हैं, जबकि उनसे निष्पक्षता बरतने की उम्मीद की जाती है।

## अतीत को याद रखें भाजपा कार्यकर्ता



सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को कामयाबी के साथ-साथ अपने अतीत को भी याद रखना होगा, हमें अपने पुराने कार्यकर्ताओं से संवाद जारी रखना है, उनसे मिलना है, उन्हें समझना है, उन सभी के संघर्ष से आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, हमने राममंदिर बनाने का वादा किया, तो पूरा किया, धारा 370 खत्म करने का वादा किया, तो पूरा किया। भाजपा जो कहती है, वो करती है, यही वजह है कि हमारी राज्यों में सरकारें लगातार रिपीट हो रही है। उत्तराखंड, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में जनता का विश्वास हम पर बना हुआ है। इस बार दिल्ली में भी हमारी 2.5 दशक बाद सरकार आई है।

**जेपी नड्डा**
**भाजपा अध्यक्ष**

# वक्फ विवाद: निगाहें कहीं हैं, निशाना कहीं

**कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को असंवैधानिक और मुस्लिम विरोधी बताते हुए इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं, जबकि सत्तारूढ़ राजद व भाजपा के नेता इस बिल को मुस्लिम हितैषी बता रहे हैं**



**तनवीर जाफरी**

पिछले दिनों लंबी बहस व विवादों के बाद आख़िरकार वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित हो ही गया। चूंकि इस समय दोनों ही सदनों में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का बहुमत है इसलिए इस विधेयक के पारित होने की पूरी संभावना भी थी। हां विपक्ष को कुछ उम्मीदें स्वयं को धर्मनिरपेक्ष बताने वाले सत्ता के सहयोगी दलों के प्रमुख नेताओं नितीश कुमार, चंद्र बाबू नायडू, जयंत चौधरी व चिराग़ पासवान से ज़रूर थीं कि शायद वे इस विधेयक के विरोध में खड़े हों परन्तु ऐसा नहीं हुआ। यहां तक कि इनके दलों के मुस्लिम सांसदों ने भी इस विधेयक का विरोध नहीं किया। बहरहाल अब कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी इण्डिया गठबंधन दलों द्वारा एक इस विधेयक के विरोध के आख़िरी विकल्प के रूप में सर्वोच्च न्यायलय का दरवाज़ा खटखटाने की ख़बर है जहां इस की संवैधानिकता को चुनौती दी जाएगी। ग़ौर तलब है कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को असंवैधानिक और मुस्लिम विरोधी बताते हुए इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। जबकि सत्तारूढ़ राजग व भाजपा के नेता इस बिल को मुस्लिम हितैषी बता रहे हैं।

दरअसल एक अनुमान के अनुसार भारत में सेना और रेलवे के बाद सबसे ज़्यादा अचल संपत्ति वक्फ बोर्ड के अधीन है। इन्हें संचालित करने के लिए भारत में कुल 32 वक्फ बोर्ड हैं और इन सभी वक़्फ़ बोर्ड का संचालन राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय वक्फ़ काउंसिल और राज्य स्तर पर वक्फ बोर्ड करते हैं। यह व्यवस्था भारत सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन व रखरखाव के लिए निर्धारित की गई है। प्रत्येक वक्फ संपत्ति के प्रबंधन के लिए एक मुतवल्ली नियुक्त किया जाता है। इसी मुतवल्ली के हाथों में वक्फ संपत्ति का नियंत्रण होता है। वक्फ संपत्ति से होने वाली कुल आय का एक निर्धारित प्रतिशत वक्फ बोर्ड को बोर्ड के रखरखाव के नाम पर दिया जाता है। यही वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति संबंधित विवादों ख़ासकर मुतवल्ली की नियुक्ति व अवैध क़ब्ज़ा हटाने या किसी को किराए पर देने न देने जैसे मामलों में हस्तक्षेप करता है। वक्फ सम्पत्तियां केवल मुसलमानो से जुड़ी हुई ही नहीं हैं। बल्कि विभिन्न धर्मों में इसतरह की सम्पत्तियाँ मिलेंगी जिन्हें पूर्व में राजा महाराजाओं, ज़मींदारों, जागीरदारों, धनाढय लोगों द्वारा यहां तक कि जो साधारण लोग भी अपनी संपत्ति अपने क़ानूनी वारिसों को न देकर अपने धर्म से सम्बंधित धर्मस्थानों को दान में दे दिया करते थे। आज देश भर में विभिन्न धर्मों के धर्म स्थलों के पास इस तरह की बेहिसाब सम्पत्तियां हैं। इन संपत्तियों को कहीं महंत या गद्दी नशीन देख रहे हैं, कहीं प्रबंधन कमेटियां बनी हुई हैं तो कहीं इसके प्रबंधन के लिए न्यास (वक्फ) या ट्रस्ट बनाये गये हैं। मिसाल के तौर पर जगन्नाथपुरी ट्रस्ट, वैष्णो देवी ट्रस्ट, मनसा देवी ट्रस्ट की तरह हिन्दू धर्मस्थलों से जुड़े अनेक ट्रस्ट हैं। इसी तरह सिख धर्मस्थलों की देखभाल के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बनाई गई है। परन्तु इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रत्येक धर्मों में पाई जाने वाली इस तरह की सम्पत्तियों में या इससे होने वाली बेहिसाब आय में आम तौर पर लूट खसोट की ख़बरें भी आती रहती हैं। यही वजह है कि विभिन्न राज्यों में वक्फ बोर्ड संपत्तियों के ग़बन और भ्रष्टाचार, वक्फ ज़मीनों पर अवैध क़ब्ज़ा, राजनीतिकरण और सांप्रदायिक दुरुपयोग, धार्मिक भेदभाव, पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव, क़ानूनी विवाद और निष्क्रियता जैसे आरोप भी लगते रहे हैं।

परन्तु यदि सत्ता से जुड़े गिने चुने मुसलमानों को छोड़ दें तो न केवल देश के आम मुसलमान बल्कि समूचा विपक्ष और अनेक क़ानूनविद व बुद्धिजीवी वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को मुस्लिम विरोधी, मुसलमानों द्वारा वक्फ की गई ज़मीनों को हड़पने का प्रयास तथा दूसरे धर्मों व धर्मस्थलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश बता रहे हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब मंदिरों व अन्य धर्मों के धार्मिक प्रबंधन में किसी दूसरे धर्म के लोग शामिल नहीं किए जाते तो वक्फ बोर्ड में किसी ग़ैर मुस्लिम को शामिल करने का आखिर क्या मकसद है? यदि मुस्लिम वक्फ संपत्ति के प्रबंधन में ग़ैर-मुसलमानों को रखा जा सकता है तो ग़ैर-मुसलमानों के धर्मस्थलों की संपत्ति प्रबंधन में मुसलमानों को क्यों नहीं शामिल किया जाना चाहिए? विपक्ष का मानना है कि सरकार इस बिल के द्वारा वक्फ बोर्ड के अधिकारों को इसलिए कम कर रही ताकि वह वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर क़ब्ज़ा कर सके।

विपक्ष इसे मुस्लिम समाज को तोड़ने व कमज़ोर करने का काम बता रहा है। कुछ सांसदों ने तो संसद में बहस के दौरान यह तक कह डाला कि यह विधेयक मुसलमानों के धर्म पर डाका डालने तथा मुसलमानों की वक्फ संपत्ति को हड़पने वाला है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इस विधेयक को 'संविधान पर एक निर्लज्ज हमला' तथा समाज के स्थाई ध्रुवीकरण की रणनीति का हिस्सा बताया जिससे भाजपा तिलमिला उठी है। कुछ इसी से मिलता जुलता विवाद पिछले कई दिनों से बिहार के विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल बोधगया को लेकर भी छिड़ा हुआ है। यहां गत 12 फ़रवरी से बौद्ध भिक्षु बीटी एक्ट यानी बौद्ध गया टेंपल एक्ट, 1949 को समाप्त करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस नियम के अंतर्गत बौद्ध गया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी (बीटीएमसी) में बौद्धों के साथ-साथ हिंदू धर्मावलंबियों को भी सदस्य बनाने का प्रावधान है। बौद्ध भिक्षु इसे उनके धार्मिक मामलों में दख़ल मानते हुए लंबे समय से इस क़ानून का विरोध कर रहे हैं। पहले बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर के सामने ही आमरण अनशन पर बैठे थे परन्तु गत 27 फ़रवरी को प्रशासन द्वारा इन्हें महाबोधि मंदिर परिसर से हटा दिया गया। इसके बाद अब बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर से एक किलोमीटर की दूरी पर दोमुहान नामक स्थान पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गोया बौद्ध धर्म के लोग भी अपने धार्मिक मामलों में दूसरे धर्म के लोगों की दख़लअंदाज़ी सहन नहीं कर पा रहे फिर आख़िर मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दख़ल देने का मक़सद क्या? रहा सवाल भाजपा द्वारा इस विधेयक के माध्यम से मुस्लिम हितों की बातें करने का या इस विधेयक को मुस्लिम हितैषी बताने का तो पूरी दुनिया देख रही है कि सत्ता में आने के बाद भाजपा ने जिस 'गुजरात मॉडल' को देश में लागू करने की बात कही थी वह गुजरात मॉडल दरअसल क्या है? आज भाजपा के पूरे देश में कोई सांसद या विधायक नहीं है। जगह जगह मदरसे बंद कराये जा रहे हैं। मस्जिदों व क़ब्रों को खोदने का सिलसिला चल रहा है। जिन पसमांदा मुसलमानों के हितों की भाजपा बात करती है उसी समाज के कितने लोगों के घरों को बुलडोज़र से तहस नहस कर दिया गया है। उन्हीं पसमांदा मुसलमानों के व्यवसायिक व सामाजिक बहिष्कार की अपील भाजपाई समर्थक करते रहते हैं। संवैधानिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाते हुए हिन्दू राष्ट्र निर्माण की बात अनेक नेताओं व कथित धर्मगुरुओं द्वारा सरे आम की जा रही है। ऐसे वातावरण में वक्फ विधेयक 2025 को मुसलमानों का हितैषी बताने का दावा, निगाहें कहीं हैं और निशाना कहीं जैसा ही है।

**यह लेखक के निजी विचार है**




# खतरे में समूचा नार्थ-ईस्ट और चीन...



**पवन सिंह**

**मार्च 2025 के अंतिम सप्ताह में चीन ने बांग्लादेश के यूनुस के साथ मिलकर एक बड़ा खेल कर दिया है, यूनुस और जिनपिंग के जारी संयुक्त बयान में बांग्लादेश ने चीन को अपनी मोंगला पोर्ट को अत्याधुनिक बनाने व विकसित करने का ठेका चीन को दे दिया**

चीन भारतीय सीमाओं और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए अब एक बहुत बड़ा खतरा बन चुका है। वह बात अलग है कि सरकार नंगी आंखों से लगातार सारा चीनी खेल देख रही है लेकिन खामोश है। यह सन्नाटा क्यों पसरा हुआ है यह एक बड़े रहस्य का विषय है। चीन के लिए मौजूदा भारतीय नेतृत्व किसी वरदान की तरह है जब न तो सत्ता से कोई आवाज उठ रही है न ही 24 गुणा 7 'राष्ट्रवादी लीक्विड फ्लो डिस्चार्ज' करने वाले झंबरझांय टाइप्स नोएडा मीडिया से। सबसे बड़ी बात विपक्षी दलों की खतरनाक हो चली चुप्पी है।



विपक्ष को चीनी घुसपैठ पर मुखर होकर सवाल उठाना चाहिए, वह भी खामोश है। विपक्ष यह कह कर अपना दामन नहीं बचा सकता है कि संसद में उसे बोलने नहीं दिया जाता सड़क पर बोलने से किसने रोका है आपको हाल ही में चीन ने बांग्लादेश सरकार के साथ तीस्ता नदी प्रोजेक्ट पर जो समझौता किया है, वह माओत्से तुंग के उस सपने को आगे बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा जब उसने कहा था-समूचा नार्थ ईस्ट हो अपना। ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने इंडियन डिफेंस रिव्यू में जो विश्लेषण किया है वह बतौर एक हिन्दुस्तानी मेरे मन को बहुत दुखी कर रहा है। हम धीरे-धीरे नार्थ ईस्ट को खोने की कगार पर हैं। बकौल इंडियन डिफेंस रिव्यू वर्ष, 2017 का डोकलाम गतिरोध शी के कायाकल्प के सपने की प्रारंभिक अभिव्यक्ति थी उसके बाद से चीन बहुत कुछ आगे बढ़ चुका है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है जब हमें एक शक्तिशाली दुश्मन से खुद को लड़ने के लिए तैयार करने की जरूरत थी, हमने अपनी ही जनता को आपस में लड़ा दिया है। हमने स्वयं अपनी अर्थव्यवस्था को नष्ट कर डाला है। अपने उद्योगों को चीन के हाथों रौंदवा डाला है। बात होनी चाहिए चीनी कब्जे पर बात हो रही है मस्जिदों की खुदाई पर। बात होनी थी वायुसेना और थल सेना पर नेवी की मजबूती पर बात हो रही नमाज छत पर होगी या सड़क पर माओत्से ने झिंजियांग व तिब्बत पर कब्जा करके चीन को भारत, नेपाल और भूटान के साथ साझा सीमाएं दे दीं और आगे का काम अब शी जिनपिंग कर रहा है। माओत्से (ज़ेडोंग) तिब्बत को चीन का दाहिना हाथ मानता था, जबकि लद्दाख, नेपाल, सिक्किम, भूटान और नेफा यानी अरुणाचल प्रदेश को उसकी पांच उंगलियां मानता था। इसलिए माओ का मानना था कि इन क्षेत्रों को 'आजाद' कराना चीन की ज़िम्मेदारी है। इंडियन डिफेंस रिव्यू के अनुसार-तिब्बत पर कब्ज़ा करने के बाद यह व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी कि चीन इन क्षेत्रों को आज़ाद करने का प्रयास कर सकता है, लेकिन तिब्बत पर कब्ज़ा करने के खिलाफ़ वैश्विक आक्रोश ने माओ को अस्थायी रूप से इस विचार से खुद को दूर करने के लिए मजबूर कर दिया लेकिन माओत्से तुंग के आधुनिक अवतार शी जिनपिंग ने माओ के 'पांच अंगुलियों' को 'स्वतंत्र' करने के सपने को पूरा करने का बीड़ा उठाया है। पांच अंगुलियों में से दो भारत की सीमा से लगे संप्रभु राष्ट्र हैं, जबकि अन्य तीन भारत का अभिन्न अंग हैं।

डोकलाम में चीन को जो चाहिए था वह खेल उसने जीत लिया है। चीन ने डोकलाम पठार के पास भूटान में 22 गांवों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है जबकि 2017 में इसी क्षेत्र में दोनों देशों के बीच गतिरोध हुआ था। चीन की इस गतिविधि से सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर भारत के सामने नंगी चुनौतियां हैं। टाइम्स ग्रुप ने इस मसले पर एक स्टोरी की थी लेकिन वह मंदिर-मुस्लिम-मस्जिद के आगे बेकार साबित हुई। जयंता कालिता के अनुसार-अप्रत्याशित करना और गोपनीयता चीन की विदेश नीति की पहचान है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भूटान के रणनीतिक क्षेत्र डोकलाम पठार से चीनी सैनिकों के हटने के आठ साल बाद, बीजिंग ने इस क्षेत्र में कम से कम 22 गांवों और बस्तियों का निर्माण किया है। तिब्बती विश्लेषकों के एक नेटवर्क 'टर्कुइज रूफ' की तरफ से प्रकाशित अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट ने डोकलाम के पास चीनी निर्माण गतिविधि में वृद्धि का खुलासा किया है। भूटान ने चीनी दबाव के चलते अंततः भूटान-चीन सीमा पर संयुक्त तकनीकी समिति की जिम्मेदारियों और कार्यों को रेखांकित करते हुए परिसीमन और सीमांकन पर एक 'सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर कर दिए। जबकि भूटान, भारत की सहमति के बिना डोकलाम के नजदीकी इलाकों को नहीं छोड़ सकता था, क्योंकि 2007 की भारत-भूटान शांति संधि के अनुसार भूटान को भारत की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करना होगा लेकिन यहां चीन ने बाजी पलट दी। इसके बाद भूटानी प्रधानमंत्री ने भारत यात्रा के दौरान डोकलाम के नजदीक चीन द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के बारे में नई दिल्ली को बताया लेकिन शर्मिंदगी से बचने के लिए मामले को दबा दिया गया। फिलहाल चीन ने जो 19 गांव बसाये उनमें से तीन को कस्बों में अपग्रेड किया जा रहा है। चीन ने भूटान के इन पहले से निर्जन क्षेत्रों में लगभग 7,000 लोगों को स्थानांतरित किया है। ये सात हजार सैनिक हैं या आम नागरिक नहीं पता। चीन ने वर्षों से विवादित क्षेत्रों पर धीरे-धीरे अतिक्रमण किया है। विश्लेषक इसे 'सलामी स्लाइसिंग' कहते हैं।

फिलहाल मार्च, 2025 के अंतिम सप्ताह में चीन ने बांग्लादेश के यूनुस के साथ मिलकर एक बड़ा खेल कर दिया है। यूनुस और जिनफिंग के जारी संयुक्त बयान में बांग्लादेश ने चीन को अपनी मोंगला पोर्ट को अत्याधुनिक बनाने व विकसित करने का ठेका चीन को दे दिया।

## पहला सुख निरोगी काया, केवल कहावत नहीं, जरूरत है

# अधूरी स्वास्थ्य सेवाएं, अधूरे सपने...



**योगेश कुमार गोयल**

**प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है, इस दिवस को बनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाना, उनके स्वास्थ्य स्तर को ऊंचा उठाना तथा समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ वातावरण बनाते हुए स्वस्थ रखना**

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन का पहला लक्ष्य वैश्विक स्वास्थ्य कवरेज रहा है लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह सुनिश्चित किया जाना बेहद जरूरी है कि समुदाय में सभी लोगों को अपेक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं व देखभाल मिले और लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक भी हों। स्वास्थ्य को लेकर प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक करने तथा लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारने के उद्देश्य से ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाना, उनके स्वास्थ्य स्तर को ऊंचा उठाना तथा समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ वातावरण बनाते हुए स्वस्थ रखना है। पूरी दुनिया इस साल 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' विषय के साथ 75वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2024 का विषय था 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार', 2023 यह दिवस 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में 'नर्सों और दाईयों का समर्थन करें' तथा 2019 में 'सार्वभौमिक स्वास्थ्य: हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था।

'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरुआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन् 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा 'डब्ल्यूएचओ' दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है। इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे। समूचे विश्व में जन-स्वास्थ्य से जुड़े कुछ वैश्विक तथ्यों पर ध्यान दिया जाए तो हालांकि टीकाकरण, परिवार नियोजन, एचआईवी के लिए एंटीरिट्रोवायरल उपचार तथा मलेरिया की रोकथाम में सुधार हुआ है लेकिन चिंता की स्थिति यह है कि अभी भी दुनिया की आधी से अधिक आबादी तक आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच नहीं है। विश्वभर में 80 करोड़ से भी ज्यादा लोग अपने घर के बजट का कम से कम दस फीसदी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर खर्च करते हैं। यही नहीं, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर बड़ा खर्च करने के कारण दस करोड़ से ज्यादा लोग अत्यधिक गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग,



मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरन्तर बढ़ रही हैं। वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं लेकिन कोरोना जैसे वायरसों के समक्ष जब अमेरिका जैसे विकसित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई, तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन तो स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है। यदि भारत की बात की जाए तो भारतीय समाज में सदियों से धारणा रही है 'जान है तो जहान है' तथा 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया'। 'सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया' अर्थात् 'सब सुखी हों और सभी रोगमुक्त हों' मूलमंत्र में यही स्वास्थ्य भावना निहित है। कोरोना काल की अवधि को छोड़ दिया जाए तो देश में पिछले दशकों में आर्थिक दृष्टि से तीव्र गति से विकास तो अवश्य हुआ लेकिन कड़वा सच यह भी है कि तेज गति से आर्थिक विकास के बावजूद इसी देश में करोड़ों लोग कुपोषण के शिकार हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन वर्ष की अवस्था वाले तीन फीसदी से भी अधिक बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सका है और चालीस फीसदी से अधिक बच्चे अपनी अवस्था की तुलना में कम वजन के हैं।

# जिद्दी से जिद्दी चर्बी होगी गायब रामबाण से कम नहीं है पुदीना

पुदीना एक ताजा जड़ी बूटी है जिसका आमतौर पर औषधीय रूप में उपयोग किया जाता है। पुदीना न केवल अपने ठंडे स्वाद के लिए जाना जाता है, बल्कि इसके संभावित स्वास्थ्य लाभों के लिए भी जाना जाता है-खासकर जब वजन कंट्रोल की बात आती है। एंटीऑक्सीडेंट और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना फैट, मेटाबॉलिज्म और पाचन में सहायक भूमिका निभा सकता है। पुदीना पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करता है जो भोजन से पोषक तत्वों को अवशोषित करने और फैट्स को इकट्ठा करने के बजाय उपयोग करने योग्य ऊर्जा में परिवर्तित करने में मदद करते हैं। जबकि पुदीना अकेले वजन घटाने के लिए एक चमत्कारी उपाय नहीं है बल्कि इसे संतुलित आहार और स्वस्थ लाइफस्टाइल में शामिल करने से शरीर की प्राकृतिक फैट्स-जलने की प्रक्रिया में वृद्धि हो सकती है। ऐसे में आप पुदीने को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

### डाइजेशन होता है बूस्ट अप

अगर आप पुदीने को डाइट में शामिल करते हैं, तो यह डाइजेशन को बूस्टअप करता है। गौरतलब है कि पुदीना डाइजेस्टिव एंजाइमों को उत्तेजित करता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। इसके सेवन से आपका पाचन सही तरह से काम करता है, तो आपका शरीर फैट और कार्बोहाइड्रेट को अधिक बेहतर तरीके से प्रोसेस करता है, जिससे शरीर में अनावश्यक वसा जमा नहीं होता है। इतना ही नहीं, यह ब्लोटिंग को कम करने में मदद करता है, जिससे आप अधिक लाइट महसूस करते हैं।

### अतिरिक्त भूख और क्रेविंग को कंट्रोल करता है

ज्यादातर लोगों को वजन इसलिए भी कम नहीं हो पता है कि क्योंकि उनको बार-बार अनहेल्दी फूड्स की क्रेविंग्स होने लगती है। इसलिए आप अपने आहार में पुदीना को जरुर शामिल करें। इसके सेवन से आपको भूख भी कम लगेगी और बार-बार खाने की इच्छा भी कंट्रोल रहेगी।

### बॉडी को डिटॉक्स करता है

पुदीने के सेवन से आपको यह फायदा होगा कि आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद मिलेगी। दीना एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में मदद करता है। यह आपकी बॉडी को अंदर से साफ और डिटॉक्स करता है। पाचन बेहतर रहता है और ब्लोटिंग भी नहीं होती है।

# विरोध की लहर: ट्रम्प और मस्क के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों अमेरिकी

**50**
राज्यों में हो रहे उग्र प्रदर्शन

**1400**
से अधिक रैलियां निकाली गईं

**6**
लाख लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अरबपति एलन मस्क के खिलाफ सभी 50 राज्यों में प्रदर्शन हुए। इन विरोध प्रदर्शनों में लाखों लोग शामिल हुए। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 1400 से ज्यादा रैलियां की गई हैं। इन विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए 6 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

प्रदर्शनकारी सरकारी नौकरियों में कटौती, अर्थव्यवस्था और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर सरकार के फैसलों का विरोध कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन को हैंड्स ऑफ नाम दिया गया है। हैंड्स ऑफ मतलब होता है- हमारे अधिकारों से दूर रहो। इस नारे का मकसद यह जताना है कि प्रदर्शनकारी नहीं चाहते कि उनके अधिकारों पर किसी का नियंत्रण हो। इस विरोध प्रदर्शन में 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। इसमें सिविल राइट आर्गनाइजेशन, मजदूर संघ, एलजीबीटीक्यू+वालंटियर्स, पूर्व सैनिक और चुनावी कार्यकर्ता शामिल थे। इस विरोध प्रदर्शन में सिविल राइट आर्गनाइजेशन और मजदूर संघ जैसे 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। एलन मस्क अमेरिका की ट्रम्प सरकार में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख हैं। उनका दावा है कि सरकारी तंत्र को छोटा करने से टैक्सपेयर्स के अरबों डालर बचेंगे। वहीं व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प सोशल सिक्योरिटी, मेडिकेयर योजनाओं के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन डेमोक्रेट्स इन योजनाओं का लाभ अवैध अप्रवासियों को दिलाना चाहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दूसरे देशों पर लगाया जाने वाला रेसिप्रो. कल टैक्स का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।

## रैली में लगे नारे 'वह पागल है, अमेरिका को मंदी की ओर धकेलने जा रहा'

**वाशिंगटन।** प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वह पागल है और अमेरिका को मंदी की ओर धकेलने जा रहा है। वाशिंगटन के नेशनल माल पर निकाली गई रैली में बाइक टूर गाइड डायने कोलिफैथ ने कहा कि हमारे साथ 100 लोग हैं जो न्यू हैम्पशायर से बस और वैन से ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने आए हैं। हमें दुनियाभर में अपने सहयोगियों को खोना पड़ रहा है। यहां तबाही मची हुई है।

वो हमारी सरकार को खत्म कर रहा है। लास एंजिलिस में एक महिला ने झंडा लहराया। इस पर लिखा था कि मेरे गर्भाशय से बाहर निकल जाओ। महिला ने ट्रम्प की गर्भपात विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। कोलोराडो के डेनवर में लोगों पे कहा कि अमेरिका के लिए कोई राजा नहीं। लंदन में निक. ाली रैली में अमेरिकी-ब्रिटिश नागरिकता वाली लिज चैंबरलिन ने कहा कि अमेरिका में जो कुछ हो रहा है, वह हर किसी की समस्या है। यह आर्थिक पागलपन है। वह हमें वैश्विक मंदी की ओर धकेलने जा रहा है। बर्लिन में सेवानिवृत्त सुसैन फेस्ट ने कहा कि ट्रम्प ने सां. विधानिक संकट पैदा कर दिया है। वह आदमी पागल है।

## मोदी की अपील पर श्रीलंका ने 14 भारतीय मछुआरों को किया रिहा





**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद लंका ने 14 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है। पीएम ने कल लंकाई राष्ट्रपति दिसानायके से मछुआरों की रिहाई पर बात की थी। मोदी तीन दिवसीय लंका दौरा पूरा कर भारत लौट आए हैं। इससे पहले उन्होंने आज बौद्ध तीर्थ अनुराधापुरा में माहो ओमनथाई रेल लाइन का उद्घाटन और सिग्नल सिस्टम का शिलान्यास किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने लंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई। लंका के माहो जिले से ओमनथाई जिले के बीच यह रेल लाइन नार्दर्न रेलवे लाइन का 128 किमी लंबा हिस्सा है। यह लंका के कुरुनेगला, अनुराधापुरा और ववुनिया जिलों से होकर गुजरता है। लंका सरकार ने इस रेलवे लाइन के आधुनिकीकरण

### पीएम ने बौद्ध तीर्थ अनुराधापुरा में रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया, भारत लौटे

और सुधार के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी IRCON इंटरनेशनल लिमिटेड इस खंड के डेवलपमेंट का काम कर रही है। इस परियोजना के लिए भारत ने 318 मिलियन डालर (2720 करोड़ रुपये) का लोन दिया है।

पीएम अनुराधापुरा के जय महाबोधि मंदिर भी पहुंचे थे। यहां उन्होंने मंदिर में बौद्ध भिक्षुओं से भेंट की है। इस दौरान पीएम ने मंदिर के प्रमुख बौद्ध भिक्षु को उपहार भी दिया।

## म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,471 हुई

**यांगून।** म्यांमार में आए 7.9 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,471 हो गई। यह जानकारी सरकारी दैनिक द मिरर ने रविवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप के कारण शनिवार तक 4,671 लोग घायल हुए हैं जबकि 214 लोग अभी तक लापता हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय बचाव संगठनों ने भूकंप के बाद इमारतों में फंसे 653 लोगों को बचाया है और मलबे से 682 शव निकाले गए हैं।

**एक नजर**

### इजरायल ने दो महिला ब्रिटिश सांसदों को देश में एंट्री नहीं दी

**यरुशलम।** इजरायली अधिकारियों ने दो ब्रिटिश सांसदों को देश में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि वे कथित तौर पर इजरायल विरा. धी बयानबाजी फैलाने की योजना बना रहे थे। टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने इजरायली जनसंख्या और आव्रजन प्राधिकरण का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी। अखबार ने प्राधिकरण का हवाला देते हुए कहा कि सांसदों अब्तिसम मोहम्मद और युआन यांग को इजरायल में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, क्योंकि पता चला कि उनके दौरे का उद्देश्य इजरायली सुरक्षा बलों का दस्तावेजीकरण करना और इजरायल के खिलाफ घृणित बयानबाजी फैलाना था।

### अमेरिका में भारतीय मूल के काउंटी जज केपी जार्ज गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** फोर्ट बेंड काउंटी के जज केपी जार्ज को शुक्रवार को दो गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। उन पर वायर धोखाधड़ी और एक अभियान वित्त रिपोर्ट में गड़बड़ी करने के आरोप हैं, जिसके चलते धन शोधन के आरोप भी लगाए गए हैं। बता दें कि 2018 से काउंटी जज के रूप में कार्यरत भारतीय मूल के जार्ज को गिरफ्तार करने के बाद काउंटी जेल में ले जाया गया, जहां उन्होंने 20,000 डालर की जमानत पर रिहाई पाई। वहीं अब बात अगर जज पर लगे आरोपों की करें तो जार्ज पर आरोप है कि उन्होंने +30,000 से +150,000 के बीच धन शोधन किया। हालांकि अपने पक्ष में जार्ज ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। साथ ही यह भी कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

## अमेरिकी जहाज़ों की कब्रगाह बना लाल सागर

**हूतियों ने कई युद्धपोतों को बनाया निशाना**

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के हूतियों को धमकी के बाद अमेरिका ने यमन पर ताबड़तोड़ बमबारी की है। इसके बावजूद भी वह हूती की ताकत को खत्म नहीं कर पाए हैं, हूती लाल सागर में आज भी अपने हमले जारी रखे हुए हैं। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा, यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के उत्तरी हिस्से में अमे. रिकी विमानवाहक हैरी ट्रूमैन और उसके साथ के जहाजों पर हमला किया। अल मसीरा टीवी चैनल पर पब्लिश अपने भाषण में सारी ने कहा, पिछले कई घंटों के दौरान नौसेना के साथ मिलकर रॉकेट बलों और मानव रहित हवाई वाहनों ने क्रूज मिसाइलों और ड्रोनों का इस्तेमाल करते हुए लाल सागर के उत्तरी भाग में अमे. रिकी वायु वाहक हैरी ट्रूमैन सहित कई युद्धपोतों के साथ युद्ध शुरू कर दिया है। हूतियों ने अमेरिकी नेवी के खिलाफ कोई एक हमला नहीं किया बल्कि उनकी लाल सागर में यह कार्रवाई कई घंटों तक जारी रही है। सारी ने बताया कि अमेरिकी युद्धपोतों पर हमले कई घंटों तक जारी रहे और इससे विद्रोहियों के नियंत्रण वाले यमन के क्षेत्रों पर अमेरिकी हमलों को रोका जा सका है। 5 अप्रैल को डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक वीडियो शेयर करते हुए दावा किया था कि उनकी स्ट्राइक में हूती के कई ऑपरेटिव एक मीटिंग करते हुए मारे गए, लेकिन हूती ने ट्रम्प के इस दावे को गलत बताया है और कहा है कि जहां हमला हुआ वह ईद के दौरान होने वाली आम लोगों की गैदरिंग थी। यमन के हूतियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है, लेकिन इस वक्त हथियार की सप्लाई यमन तक पहुंच पाना बेहद मुश्किल है, फिर भी यमन ने मिसाइलों को जखीरा बना रखा है। ट्रम्प की खुली चेतावनी के बाद यमन के लाल सागर में जारी हमले अमेरिकी की एक बड़ी बदनामी के तौर पर देखा जात रहा है।





## बालू कलाकार सुदर्शन को मिला द फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर अवार्ड

**लंदन।** विश्व प्रसिद्ध बालू कलाकार सुदर्शन पटनायक ने एक बार फिर भारत का मान बढ़ाया है। कला क्षेत्र में बेहतरीन योगदान पर सुदर्शन पटनायक को ब्रिटिश द फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह ब्रिटेन के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शनिवार से शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतर्राष्ट्रीय बालू कला महोत्सव के दौरान पटनायक ने विश्व शांति के संदेश के साथ भगवान गणेश की 10 फीट ऊंची बालू की मूर्ति बनाई। इसके बाद उनको फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया। पटनायक ने कहा कि मैं वेमाउथ यूके में प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय बालू कला महोत्सव सैंडवर्ल्ड 2025 में फ्रेड डारिंगटन ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय कलाकार बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। वेमाउथ के मेयर जान ओरेल ने महोत्सव में पटनायक को पुरस्कार और पदक प्रदान किया। सैंडवर्ल्ड के निदेशक मार्क एंडरसन, डेविड हिक्स और लंदन में भारतीय उच्चायोग में संस्कृति मंत्री नाओरेम जे सिंह पुरस्कार समारोह में उपस्थित थे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुरी के रहने वाले पटनायक को पुरस्कार के लिए बधाई दी। माझी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पद्म पुरस्कार से सम्मानित और प्रख्यात बालू कलाकार सुदर्शन पटनायक को पहले ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार द फ्रेड डारिंगटन से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई। उनके योगदान ने वैश्विक मंच पर हमारे देश और राज्य की सांस्कृतिक विरासत को और बढ़ाया है। सुदर्शन पटनायक को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने दुनियाभर में 65 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय बालू मूर्तिकला चैंपियनशिप और महोत्सवों में भाग लिया है। उन्हें उनकी प्रतिष्ठित रचनाओं के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वेमाउथ में सैंडवर्ल्ड पर्यटक आकर्षण का केंद्र है। यहां दुनियाभर के कलाकार असाधारण बालू की मूर्तियां बनाते हैं।







